फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 25.0° | अधिक. 27.0° |
| न्यून. 10.4° | न्यून. 11.2° |

रांची, रविवार
16 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 17, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





₹ 80200 10 ग्राम

₹ 99000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,939.21 | 86.620 |
| -199.76 | -0.070 |

## एक नजर

### राष्ट्रपति आज करेंगी आदि महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आदि महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव 16 से 24 फरवरी 2025 तक दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। भारत के जनजातीय समुदायों की जीवंत संस्कृति, विरासत और आर्थिक क्षमता का जश्न मनाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है।

### अमेरिका से 119 अवैध प्रवासियों को लेकर अमृतसर आ रहा विमान

**नई दिल्ली।** अमेरिका से 119 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार की रात अमृतसर आ रहा है। इससे पहले भी अवैध प्रवासी भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया जा चुका है। ज्ञात हो कि डोनाल्ड ट्रंप के पिछले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा है। निर्वासित किए गए 119 लोगों में से सिर्फ पंजाब और हरियाणा के 100 लोग हैं। इनमें पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का एक-एक नागरिक शामिल हैं।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 25 पदक

# सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के खिलाड़ियों को दी बधाई

- मुख्यमंत्री ने कहा, खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों को 25 पदक मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड के पोस्ट को साझा किया। उन्होंने 25 पदक जीतने पर झारखंड के खिलाड़ियों को बधाई दी।



मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को हर संभव समर्थन प्रदान करेगी।

### सबसे ज्यादा नौ स्वर्ण पदक लॉन बॉल में मिले

झारखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में 07 स्वर्ण, 06 रजत और 12 कांस्य पदक समेत कुल 25 पदक जीते हैं। सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक लॉन बॉल में मिले हैं। लॉन बॉल में कुल 09 पदक मिले हैं, जिसमें 05 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य पदक शामिल है। तीरंदाजी में 02 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य समेत कुल 06 पदक मिले हैं। मॉडर्न पेंटाथेलॉन में खिलाड़ियों ने एक रजत और तीन कांस्य पदक (कुल 04 पदक) प्राप्त किए हैं। वुशु में एक रजत और दो कांस्य पदक (कुल 03 पदक) मिलें हैं। एक्वेटिक्स में खिलाड़ियों ने दो कांस्य पदक जीते हैं। हॉकी में झारखंड को एक कांस्य पदक मिला है।

## 20 फरवरी से होगी बारिश

- 18 और 19 फरवरी को सुबह में रह सकता है हल्का कोहरा

**नवीन मेल डेस्क। रांची**

झारखंड में फिर से ठंड लौटने वाली है। शनिवार को मौसम विभाग द्वारा दिए गए जाानकारी के अनुसार, आगामी 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कोहरा रह सकता है। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। इधर, शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री दर्ज किया गया।

वहीं, जमशेदपुर अधिकतम तापमान 31.4 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री, डालटनगंज में 30.2 और 10.6 डिग्री, बोकारो में 30.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली समारोह में लिया भाग, कहा

# सभी वर्गों को मिले तकनीक का लाभ

**बोलीं राष्ट्रपति**

- टेक्नोलॉजी और मानवता एक-दूसरे के पूरक होने चाहिए
- पूर्वी भारत का पायनियर इंजीनियरिंग संस्थान है बीआईटी

**नवीन मेल डेस्क। रांची**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को रांची के मेसरा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के प्लैटिनम जुबली समारोह में भाग लिया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में हाशिए पर खड़े लोगों के विकास के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किए जाने की जरूरत है। समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले के मंत्री सुदिव्य कुमार, सीके बिरला, चेयरमैन, सीके बिरला ग्रुप और इंद्रनील मन्ना, वाइस चांसलर मंच पर मौजूद थे।

### विज्ञान, इंजीनियरिंग में अब पीछे नहीं हैं बेटियां



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं का उत्साह और उनकी प्रतिबद्धता मील का पत्थर साबित होगी। हमारी बेटियां विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, गणित में पीछे नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार की अनदेखी नहीं करनी चाहिए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी का लाभ समान रूप से समाज के सभी वर्गों को मिलना चाहिए। टेक्नोलॉजी और मानवता को एक-दूसरे का पूरक होना चाहिए। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस दृष्टिकोण पर बल दिया गया है। राष्ट्रपति ने बीआईटी मेसरा के गौरवशाली इतिहास और विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्हें झारखंड के राज्यपाल और इस विश्वविद्यालय के चांसलर के तौर पर कार्य करने का अवसर मिला है।

झारखंड के साथ अपने आत्मीय संबंधों को अभिव्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वह जब भी यहां आती हैं, तो उन्हें महसूस होता है कि वह अपने घर आई हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत के पायनियर इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में बीआईटी ने उच्चस्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता की अपनी परंपरा वर्षों से बनाए रखी है। खनन प्रधान और मैन्युफैक्चरिंग वाले क्षेत्र में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पहला इंजीनियरिंग संस्थान है, जहां देश में सबसे पहले वर्ष 1964 में स्पेस टेक्नोलॉजी और रॉकेटरी का विभाग स्थापित हुआ था।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर बेहद खुशी हुई है कि इस संस्थान ने अब इंजीनियरिंग के ट्रेडिशनल पाठ्यक्रमों के अलावा क्वांटिटेटिव इकोनॉमिक्स, डाटा साइंस, ह्यूमनिटीज, एनीमेशन और मल्टीमीडिया के क्षेत्र में पाठ्यक्रम शुरू किए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें खुशी होती है कि इस संस्थान के छात्रों, फैकल्टी और एलुमनाई ने समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है। इंजीनियरिंग, उद्योग, उद्यमिता, अनुसंधान, नवाचार, प्रशासन, साहित्य, खेल और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी इस संस्थान से निकले लोग शीर्ष पर पहुंचे हैं। एआई और मशीन लर्निंग की बदौलत अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आ रहे बदलाव को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत की सरकार ने भी बदलते परिदृश्य में इन तकनीकों के उपयोग की दिशा में कई जरूरी कदम उठाए हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करने से पहले राष्ट्रपति ने संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। समारोह को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार एवं अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

### पोप फ्रांसिस अस्वस्थ अस्पताल ले जाया गया, सभी कार्यक्रम रद्द



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस अस्वस्थ हैं। उन्हें वेटिकन सिटी के पॉलीक्लिनिको एगोस्टिनो जेमेली में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में पुष्टि हुई कि बुखार पीड़ित पोप फ्रांसिस के श्वसन तंत्र में संक्रमण है। उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी वेटिकन ने दी। वेटिकन के अनुसार, 14 फरवरी को पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 फरवरी को जयंती समारोह रद्द कर दिया गया। 16 फरवरी को जयंती अवसर के पवित्र मास की अध्यक्षता संस्कृति और शिक्षा विभाग के प्रीफेक्ट कार्डिनल जोस टॉलेंटिनो डी मेंडोंका करेंगे। सिनेसिटा में पोप फ्रांसिस के साथ 17 फरवरी को होने वाली कलाकारों की बैठक को भी रद्द कर दिया गया है। पहले वेटिकन ने बताया था कि ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए पोप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वेटिकन का कहना है कि उनकी चिकित्सीय स्थिति ठीक है। उन्हें हल्का बुखार है। ज्ञात हो कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस का असल नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## बालूमाथ के बुकरू में हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

- इनमें रांची निवासी लक्ष्मण गंझू भी शामिल

**नवीन मेल डेस्क**

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाने की पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों की गिरफ्तारी बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू गांव के समीप हुई है। इनके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में बालूमाथ निवासी मोहन गंझु, सागर तुरी, चंदवा निवासी कुलदीप गंझु, चंदू और रांची निवासी लक्ष्मण गंझू शामिल हैं। बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि शोषण मुक्ति संगठन नाम के आपराधिक संगठन बनाकर कुछ अपराधियों के द्वारा ठेकेदारों और ईंट भट्ठा संचालकों से रंगदारी की मांग की जा रही है। इसी बीच, पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि सभी अपराधी बालूमाथ के बुकरू गांव के पास जमे हुए हैं। इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ और थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर सभी पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

## महाकुंभ के सेक्टर 19 में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**

**आग पर पाया गया काबू**



**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर 19 में लगे एक शिविर में शनिवार को अचानक आग लग गई। इससे सेक्टर 19 में अफरातफरी मच गई। सूचना पर अग्निशमन दस्ते के कर्मचारी दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (महाकुंभ) प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि मेला के सेक्टर 19 में एक शिविर में आग लगने की सूचना मिली है। दमकल कर्मी कई गाड़ियों के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में है, अब तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग कैसे लगी यह अभी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### कितने समय तक टिकेगा ट्रंप-मस्क का रिश्ता

# वे अंततः टकराएंगे!

- पूर्व रिपब्लिकन प्रतिनिधि वॉल्श ने कहा, वे इस समय ग्रह पर दो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



वाशिंगटन के प्रसिद्ध पत्रकार डेविड स्मिथ ने 'द गार्जियन' में लिखा है- बिना शारीरिक संबंधों का प्यार भले ही खत्म हो जाए, लेकिन जब तक ट्रंप का चंचल स्नेह बना रहेगा, तब तक ये दोनों (ट्रंप-मस्क) महत्वाकांक्षी लोग अमेरिका को नया आकार दे सकते हैं। डेविड स्मिथ के अनुसार, एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है, या ज्यादा सटीक तौर पर 288 मिलियन डॉलर। यह वह राशि थी, जो टेक उद्यमी एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए दान की थी।

इस सप्ताह के टाइम मैगजीन के कवर पर उनके इनाम को नाटकीय रूप से दर्शाया गया है। मस्क की एक तस्वीर, जिसमें वे हाथ में कॉफी का प्याला लिए हुए हैं, और जिमी कार्टर के बाद से हर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रेसोल्यूट डेस्क के पीछे बैठे हैं। कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि 'राष्ट्रपति मस्क' की तस्वीर ट्रंप को भड़काने के लिए बनाई गई थी, जो टाइम मैगजीन का सम्मान करने के लिए जाने जाते हैं और दो बार इसके 'पर्सन ऑफ द ईयर' नामित किए गए हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को एक चुटकुला सुनाया- क्या टाइम मैगजीन अभी भी कारोबार में है? मुझे तो यह भी नहीं पता था। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- मैं @रियल डोनाल्ड ट्रंप से उतना ही प्यार करता हूं, जितना एक सीधा-सादा आदमी दूसरे आदमी से करता है। यह एक अप्रत्याशित रिश्ते की परिणति थी, जो अमेरिका में एक बेचैन करने वाली क्रांति ला रही है।

ट्रंप और मस्क में व्यवधान, नियम-तोड़ने और उदारवादियों को भड़काने की भूख है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का एक साथ आना आलोचकों की नजर में लोकतंत्र के लिए दोहरी मुसीबत पैदा करता है। क्या यह दोस्ती लंबे समय तक टिक सकती है?

हाल के इतिहास में ट्रंप के अनुयायियों के ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं, जिन्होंने उनकी कुछ लाइमलाइट चुराने की धमकी दी और इसकी कीमत चुकाई। संशयवादी ट्रंप-मस्क धुरी के खत्म होने की भविष्यवाणी लगभग तब से कर रहे हैं, जब से यह शुरू हुआ था, यह सुझाव देते हुए कि दो विशाल अहंकार निश्चित रूप से टकराएंगे। लेकिन, अन्य लोग एक सहजीवी संबंध की कल्पना करते हैं, जो दूर तक जा सकता है।

पूर्व रिपब्लिकन प्रतिनिधि और ट्रंप के आलोचक जो वॉल्श ने कहा- वे इस समय ग्रह पर दो सबसे शक्तिशाली लोग हैं। उन्हें एक-दूसरे की सख्त जरूरत है। 'वे लंबे समय तक इस काम में लगे रहेंगे, इसलिए जो लोग सोचते हैं कि यह काम एक या दो महीने में खत्म हो जाएगा, वे कुछ न कुछ पी रहे हैं। हम इन दोनों को ऐसा करते हुए चार साल देख रहे हैं। वे दो राक्षसों की तरह हैं और हर दिन वे मजबूत होते जा रहे हैं।'

पहली नजर में, ट्रंप और मस्क में बहुत कम समानता है। ट्रंप न्यूयॉर्क के 78 वर्षीय प्रॉपर्टी डेवलपर और रियलिटी टीवी स्टार हैं, जो राजनीति में देर से आए। वे गोल्फ कोर्स पर घंटों बिताते हैं और उनका सांस्कृतिक संदर्भ 1980 के दशक से जुड़ा हुआ है। वहीं, 53 वर्षीय मस्क का जन्म नस्लीय रंगभेद के युग के दौरान दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# दंगों के मामले में दुर्जन साबित हुए सज्जन कुमार पर...

पूर्व सांसद कांग्रेसी सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख दंगे से जुड़े एक मामले में दोषी पाया है। दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इन्हीं दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। अब



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

इस घटना के लगभग 41 साल बीतने के बाद सज्जन कुमार को एक और मामले में सजा के बाद सिख दंगों में उनकी बड़ी भूमिका को लेकर चर्चा शुरू हो गई है और साथ ही हरे हो गए वो घाव जो संपति की लूट के साथ सिख पंथ के लोगों की नृशंस हत्या से हुए थे और समय ने उसे लगभग भर दिया था।

1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद झारखंड सहित देशभर में सिख-विरोधी दंगे भड़क गए थे। स्वर्ण मंदिर पर कब्जा करने वाले आतंकी जरनैल सिंह भिंडरावाले को भारतीय सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में मार गिराया था। सिखों के सबसे बड़े धर्मस्थल स्वर्ण मंदिर में हमले को लेकर लोगों की भावनाएं आहत हुई थीं और इस अभियान की स्वीकृति देने वाली पीएम इंदिरा गांधी से नाराज उनके दो सिख अंगरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद देशभर में सिख विरोधी दंगों में हजारों लोगों की मौत हो गई थी। अकेले दिल्ली में करीब दो हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। कांग्रेस के एक और नेता जगदीश टाइटलर के अलावा एचकेएल भगत और कमलनाथ भी सिख दंगों से जुड़े मामलों में आरोपी रह चुके हैं। पीड़ितों के अनुसार सज्जन कुमार ने कथित तौर पर दिल्ली के सुल्तानपुरी, कैंट और पालम कॉलोनी जैसे इलाकों में1



नवंबर 1984 को भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था- 'हमारी मां मार दी, सरदारों को मार दो।' सज्जन सिंह के खिलाफ दायर मामलों में कई गवाहों ने अपने बयान में कहा कि सज्जन सिंह ने निजी तौर पर सिखों के घरों की पहचान करवाकर भीड़ को हमले के लिए उकसाया था। आरोप ये भी थे कि सज्जन सिंह के समर्थकों ने दिल्ली में वोटर लिस्ट के जरिए सिखों के घर और बिजनेस की पहचान की और उनमें तोड़फोड़ की या आग लगा दी।

कई सिखों को उनके घरों से निकालकर मारा गया। पीपल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (पीयूडीआर) और पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की तथ्य खोजने वाली टीमों ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में जो दंगे हुए थे, उनमें अधिकतर सिख पीड़ितों ने कांग्रेस सांसद पर भीड़ को भड़काने का आरोप लगाया था। कई तथ्य और प्रमाण होने के बावजूद उनके खिलाफ किसी भी मामले में आरोप तय नहीं किए जा सके।

2002 में सिख दंगे से जुड़े एक मामले में दिल्ली की एक निचली अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। 2005 में सीबीआई ने जीटी नानावटी कमिशन की रिपोर्ट के आधार पर सज्जन कुमार के खिलाफ नया केस दर्ज किया। 2010 में इस मामले पर दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में बलवान खोखर, महेंद्र यादव, महा सिंह समेत कई और को आरोपी बनाया गया।2013 में कोर्ट ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया। हालांकि, मामले में पांच लोगों को दोषी करार दिया गया और सजा सुनाई गईं। इस घटना के बाद पीड़ित पक्ष में जबरदस्त गुस्सा था। एक प्रदर्शनकारी ने मामले की सुनवाई कर रहे जज की तरफ जूता तक उछाल दिया था।दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले को तब उठाया, जब जगदीश कौर नाम की एक पीड़ित और गवाह ने सीबीआई के साथ सज्जन कुमार के खिलाफ केस दायर किया। सीबीआई ने हाईकोर्ट के सामने कहा था कि इन घटनाओं के चश्मदीद गवाहों ने सज्जन कुमार का नाम जांच के लिए गठित आयोग को दिया था। इसमें नरसंहार में सज्जन कुमार पर लगे आरोपों की जांच की मांग की गई थी।

हालांकि, निचली अदालत ने चश्मदीदों की गवाही देने से रोक दिया था।इस मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान एक और चश्मदीद गवाह चम कौर ने कोर्ट को बताया था कि उन्होंने सज्जन कुमार को सुल्तानपुरी इलाके में भीड़ को संबोधित करते देखा था। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि सज्जन कुमार ने भीड़ को उकसा कर बड़े स्तर पर सिखों के घरों-दुकानों पर लूट और आगजनी कराई। इसी दौरान एक घर में लूट और आग लगाने से पहले भीड़ ने दो सिखों की जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी।

एसआईटी ने जसवंत सिंह की पत्नी को चश्मदीद के तौर पर पेश किया तो सज्जन कुमार के वकीलों ने उनकी गवाही को नकारने की मांग थी कि सात साल बाद गवाह के तौर पर सामने आईं तो उनकी गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता।इस मामले में पहली एफआईआर घटना के सात साल बाद 1991 में दर्ज हुई थी। वह भी 9 सितंबर 1985 को दिए गए एक एफिडेविट के आधार पर, जिसे शिकायतकर्ता ने जस्टिस रंगनाथ मिश्र के नेतृत्व वाले आयोग को सौंपा था। 2014 में मोदी सरकार की तरफ से गठित एसआईटी ने 1984 के सिख दंगों से जुड़े मामलों की जांच तेज की और पुराने मामलों को खंगालना शुरू किया।

### बीआईटी मेसरा का प्लेटिनियम जुबली समारोह

# प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान में बीआईटी मेसरा का योगदान महत्वपूर्ण : राज्यपाल

- बीआईटी मेसरा कुशल युवा इंजीनियरों और प्रबंधकों के लिए नई संभावनाएं प्रस्तुत कर रहा है
- बीआईटी मेसरा न केवल इंजीनियरिंग और प्रबंधन में बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी कार्य कर रहा है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनियम जुबली समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रपति का आभार जताया। वहीं कहा कि बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में आपका आगमन न केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान के लिए, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा जगत के लिए सौभाग्य का विषय है।
उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा इस देश में कई इंजीनियरिंग विषयों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की समृद्ध विरासत के साथ एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए आयामों के उदय के साथ, यह अपने कुशल युवा इंजीनियरों और प्रबंधकों के लिए नई संभावनाएं प्रस्तुत कर रहा है।
1955 में बीआईटी मेसरा की स्थापना इस संस्थान के दूरदर्शी संस्थापक बीएम बिड़ला जी की एक बहुत ही प्रशंसनीय पहल थी, जिन्होंने इस देश के विकास के लिए इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के महत्व को सही ढंग से समझा। तब से बीआईटी ने एक लंबा सफर तय किया है और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को तैयार किया है, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता से संस्थान और देश का नाम रोशन किया है। यह संस्थान निरंतर नये नवाचारों और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो इसे विश्वस्तर पर विशिष्ट बनाता है।
मुझे अत्यधिक हर्ष है कि बीआईटी मेसरा ने विद्यार्थियों की सोच को विकसित किया है और उन्हें एक ऐसे भविष्य के लिए तैयार किया है जो उनके जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने तथा उनके समाधान ढूंढने की शक्ति प्रदान करती है। तेजी से बदलते समय में, जब प्रतिदिन नई तकनीकें, चुनौतियां और अवसर उत्पन्न हो रहे हैं, तो युवाओं के पास वह विजन और क्षमता होनी चाहिए जो उन्हें अपनी राह पर अडिग रखे और समाज के उत्थान में योगदान दे सके।
मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी जो भी ज्ञान और मूल्य यहां अर्जित कर रहे हैं, वह देश की प्रगति में योगदान देगा।
उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा न केवल इंजीनियरिंग और प्रबंधन में बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी कार्य कर रहा है। यहां संचालित पॉलिटेक्निक संस्थान विशेष रूप से आदिम जनजातियों सहित आरक्षित श्रेणियों के छात्रों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर की दिशा में सहायक हैं।
प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान को साकार करने में बीआईटी मेसरा का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं बीआईटी के संकाय सदस्यों और विद्वानों से आह्वान करता हूं कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का निर्वहन करें और इस देश की आम जनता और उद्योगों के लाभ के लिए नए इंजीनियरिंग मॉडल, उपकरण, मशीनें और सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाएं। आपकी उद्यमिता, नवाचार और अनुसंधान में सहभागिता देश को प्रगति के नए आयामों की ओर ले जाएगी।

### राष्ट्रपति के दिल्ली प्रस्थान पर डीसी रहे मौजूद



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीआईटी मेसरा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति नई दिल्ली के लिए प्रस्थान की। इस दौरान रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री भी उपस्थित रहे।

## हमें दुनिया भर में 50 हजार एल्यूमनी नेटवर्क पर बहुत गर्व है : सीके बिरला

**रांची।** बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में सीके बिरला ग्रुप के चेयरमैन सीके बिरला ने कहा कि आज, हमारे पास 20 से अधिक विषय हैं, जिनमें 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स और 600 से अधिक फैकेल्टी सदस्य हैं, और हमें दुनिया भर में 50,000-मजबूत एल्यूमनी नेटवर्क पर बहुत गर्व है। प्रतिभाओं को लगातार आगे बढ़ाने और उनके लिए लगातार नए और बेहतर अवसर पैदा करने के व्यवस्थित प्रयासों के माध्यम से, हमने अपनी स्टूडेंट बॉडी में 30 प्रतिशत तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। बीआईटी मेसरा स्वतंत्रता के बाद के युग में स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का तीसरा सबसे पुराना संस्थान है और 1964 में पहली बार स्पेस इंजीनियरिंग और रॉकेट्री डिपार्टमेंट की स्थापना में अग्रणी है। रिसर्च और टेक्नोलॉजी में हमारा निरंतर निवेश राष्ट्र निर्माण के लिए बीआईटी की प्रतिबद्धता और समर्पणता को दर्शाता है। वाइस चांसलर इंद्रनील मन्ना ने बीआईटी मेसरा को टेक्नोलॉजी, रिसर्च और आंत्रप्रेन्योरशिप का एक प्रमुख सेंटर करार दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### धर्मेंद्र तिवारी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**रांची।** राजकली फाउंडेशन के सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने शुक्रवार को राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ और शॉल प्रदान कर उनका सम्मान किया और संस्था की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी।

### पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग पर सुनवाई कल



**रांची।** ईडी द्वारा रांची की पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। इडी ने अदालत से आग्रह किया है कि वह मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न सौंपे। इडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार पूजा सिंघल को कोई विभाग देती है, तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर सकती हैं, जिससे मामले की जांच प्रभावित हो सकती है। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से अपना जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद दोनों पक्षों की बहस की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इडी ने पूजा सिंघल को साल 2022 में गिरफ्तार किया था। इससे पहले, 5 मई 2022 को उनके 25 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जहां नकदी और निवेश से जुड़ी जरुरी जानकारी मिली थी। खासतौर पर, उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आवास और कार्यालय से करीबन 20 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई थी।

### जोन्हा व गौतमधारा जलप्रताप का दृश्य मन मोहक : देवेन्द्र नाथ महतो



**रांची।** जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने 15 फरवरी को अनगड़ा प्रखण्ड के गौतमधारा जलप्रताप में आयोजित घूरती टुसू मेला एवं घूरती सतीघाट टुसू मेला में शामिल हुए। गौतमधारा जलप्रताप टुसू मेला में संबोधन करते हुए कहा कि हम सभी झारखंड की खूबसूरत वादियों के बीच मौजूद हैं। जोन्हा को प्रकृति का असीम कृपा मिली है। यहां मौजूद हरियाली, घने जंगल, मनमोहक वादियां, खूबसूरत झरने सम्पूर्ण देश के लोगों का आकर्षण का केंद्र है। यहां आने वाले लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। घूरती सतीघाट टुसू मेला को संबोधित करते हुए कहा कि राढू नदी, कांची नदी, और स्वर्ण रेखा नदी त्रिसंगम सतीघाट प्रयागराज महाकुंभ जैसा तीर्थ स्थल है। सतीघाट पवित्र स्थल में प्रतिवर्ष हजारों लोग मकर स्नान के लिए आते हैं, यह स्थल झारखंड का धरोहर है। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रेहान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अनुज सिंह, खगेन, सुकदेव, हरेश के अलावा अन्य लोग भी अपना विचार रखें।

### झासा चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत मंत्री से की

**रांची।** झारखंड मेडिकल एसोसिएशन (जेएमए) की कोर कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान इंसारी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधियों के नेतृत्वकर्ता डॉ सिद्धेश्वर बास्के ने झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के चुनाव में गड़बड़ी की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री को दी। उन्होंने बताया कि संघ का चुनाव पिछले माह 19 जनवरी को हुआ था। आरोप है कि गलत तरीके से परिणाम घोषित किया गया। चुनाव में 2025-27 का नामांकन फार्म भरना था, पर देवघर के डॉ शरद कुमार ने फार्म 2024-26 का भरा और चुनाव जीता है। यह विधिसम्मत नहीं है। संगठन पर भी बड़ा आरोप लगाते हुए उन्होंने बताया कि संगठन के हित का कार्य नहीं, बल्कि कुछ दबंग डॉक्टर निजी स्वार्थ एवं स्वेच्छाचारिता की कार्यशैली अपनाए हुए हैं। विभागीय अधिकारी के साथ मिलीभगत कर स्थानीय आदिवासी, पिछड़े, दलित समाज के डाक्टरों को नियमानुसार हक अधिकार से वंचित रखा जाता है।

## टेकलाल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : केशव महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को कांग्रेस भवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक रहे टेकलाल महतो की जयंती मनाई। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने श्रद्धसुमन अर्पित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने टेकलाल महतो के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी। महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही।
उन्होंने कहा कि टेकलाल महतो ने बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। साधारण धोती-कुर्ता और कंधे पर हमेशा एक हरा गमछा उनकी पहचान थी। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये। 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ व शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था।

### गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा

# नई उत्पाद नीति पर शराब माफिया का प्रभाव, आम जनता को होगा नुकसान



**सीटीपीएस में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की होगी स्थापना : चंद्र प्रकाश**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया है कि चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन में 2 गुना 008 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना होगी। यह कोल इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से होगी। इसका प्रबंधन डीबीसी के पास होगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर करीब 164257.7 करोड़ रुपए खर्च होगी।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उत्पाद एवं मध निषेध विभाग द्वारा मदिरा के थोक भंडारण व खुदरा बिक्री एवं होटल, बार व कल्बों आदि के संबंध में प्रस्तावित नियमावली पर मांगे गए सुझाव पर अपना सुझाव, आपत्ति व संशोधन को लेकर पत्र भेजा है।
उन्होंने अपने पत्र में यह उल्लेख किया है कि झारखंड में शराब की थोक व खुदरा बिक्री के लाइसेंस के लिए एक प्रभावशाली गिरोह ने अनैतिक व गैर कानूनी रूप से वर्तमान में लागू मदिरा का भंडारण एवं थोक बिक्री (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 5, 6, 7 को नई नियमावली में विलुप्त करा दिया है जो भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा है।
उन्होंने पत्र में कहा है कि शराब एक ओर जहां राजस्व प्राप्ति का माध्यम है तो दूसरी ओर शराब सेवन से राज्य में निवास करने वालों के सामाजिक व आर्थिक संरचनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जो कल्याणकारी राज्य के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि मदिरा भंडारण एवं थोक विक्रेता नियमावली 2022 के नियम 7 की लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार का संशोधन विधि के विरुद्ध होगा। इस नियम सात को यथावत बनाए रखना न्याय संगत होगा। कहा कि उत्पाद (मदिरा खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती का संचालन) नियमावली 2025 के विभिन्न प्रावधान गैर कानूनी व असामाजिक तत्वों को प्रोत्साहन करने वाली है। इसमें संशोधन करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मॉडल शॉप व डिपार्टमेंटल स्टोर में शराब की खुदरा बिक्री करना अन्यायपूर्ण होगा। झारखंड के युवाओं के भविष्य को देखते हुए शराब की खुदरा बिक्री को सरल एवं सुगम करना सामाजिक संरचना एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## पीएम विश्वकर्मा योजना का उदेश्य कारीगरों का व्यवसाय बढ़ाना : सेठ



**रांची।** पीएम विश्वकर्मा योजना का उदेश्य कारीगरों को आर्थिक मदद व उन्नत उपकरण देकर उनका व्यवसाय बढ़ाना है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। यह बातें शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एमएसएमई विकास कार्यालय की ओर से पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों के लिए आयोजित प्रदर्शनी सह व्यापार मेला में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने सभी कारीगरों/शिल्पकारों से इस प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर एकसाथ प्रयास करने की आवश्यकता है। इस मौके पर उन्होंने पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों के उत्पादों को बाजार प्रदान करने के लिए इस आयोजन के लिए एमएसएमई-विकास कार्यालय रांची की सराहना की।

**तीन लाख रुपये तक कोलेटरल फ्री लोन : उद्योग सचिव**

मौके पर उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस योजना के तहत वैसे कारीगर, जिन्हें अब तक बिना कोलेटरल कोई लोन नहीं मिलता था, अब तीन लाख रुपये तक कोलेटरल फ्री लोन ले सकते हैं। इस योजना से पहले इन कारीगरों को यह अवसर नहीं मिलता था। उन्होंने बैंकों से कहा कि पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को ऋण देने में बैंक उदार बने।

**योजना के लाभार्थी खुद सामने आ रहे : हिमांशु मोहन**

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड (एमएमएलकेयूवीबी) के सीईओ सह पीएम विश्वकर्मा के नोडल अधिकारी हिमांशु मोहन ने कहा कि कई स्कीम्स में लाभार्थियों को खोजना पड़ता है। पर यह ऐसी योजना है, जिसमें लाभार्थी खुद सामने आ रहे हैं। एमएसएमई विकास कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव ने पीएम विश्वकर्मा योजना की राज्य में अघतन स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी कारीगरों/शिल्पकारों को अपने उत्पादों और कौशल को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर देना है।

**ऑन द स्पॉट पंजीकरण की प्रक्रिया : पीके सिंह**

वहीं, विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय के उप निदेशक पीके सिंह ने पूरे देश में पीएम विशवकर्मा योजना के तहत कारीगरों एवं शिल्पकारों को दिए जा रहे लाभों व सहायता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पेमेंट एग्रीगेटर की ओर से इच्छुक लाभार्थियों को क्यूआर कोड भी बनाकर दिया जा रहा है। साथ ही सीएससी के प्रतिनिधियों द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऑन द स्पॉट पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## गैंग रेप के बाद हत्या मामले में दोषी तीन अभियुक्तों पर फैसला कल

**रांची।** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त की अदालत में शनिवार को महिला से गैंग रेप करने के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले में दोषी करार तीन अभियुक्तों की सजा के बिंदु पर शनिवार को सुनवाई हुई जो पूरी नहीं हो सकी। अभियोजन पक्ष दोषियों को कठोर से कठोर अधिकतम सजा-ए-मौत की मांग कर रहा है। अदालत ने अभियुक्त रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा एवं संजय टूटी को 7 फरवरी को दोषी करार दिया है। 20 फरवरी 2021 को दशम फॉल इलाके के जंगल से पुलिस ने अधजली महिला का शव बरामद की थी। जानकारी मिली थी कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया था और बाद में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिए शव को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। मामले का खुलासा पुलिस ने फोन कॉल के माध्यम से किया था। तीनों अभियुक्त दशम फॉल थाना क्षेत्र के हेसापीढ़ी का रहनेवाला है।

## महुआ माजी और सीपी सिंह से जुड़े मामले की सुनवाई 27 को

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह के खिलाफ दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की गई है। शनिवार को मामले का सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन नहीं हो सकी।
मामले में दोनों के खिलाफ जांच पूरी करते हुए 28 जनवरी को अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए उपस्थिति की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की है। यह प्राथमिकी संजीव कुमार गुप्ता की शिकायत पर रांची अंचल के तत्कालीन सीओ मुंशी राम ने हिंदपीढ़ी थाने में 7 नवंबर 2024 को कांड संख्या 122/24 एवं 123/24 के तहत दर्ज कराई थी।
हिन्दपीढ़ी बुधिया बागान मोड़ तक लगे सरकारी बिजली के खम्भे एवं मारवाड़ी कॉलेज होते हुए तीसरी गली, बुधिया खम्भों के बीचों-बीच झामुमो एवं भाजपा प्रत्याशी का पोस्टर-बैनर पाया गया था। इसी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### एमवाई एकबाल के जीवन और विरासत पर सेमिनार का आयोजन

# जस्टिस एमवाई इकबाल न्याय के पथ पर हमेशा अग्रणी रहे : जस्टिस मेहता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संत जेवियर्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स, झारखंड के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एमवाई एकबाल के जीवन और विरासत के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अफाक रशीदी तथा सुभाशीष रसिक सोरेन के द्वारा किया गया। उसके बाद शुरूआती भाषण फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स कॉलेज ने दी। स्वागत भाषण हाई कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस रत्नाकर भेंगरा ने दिया । कार्यक्रम का परिचय एके रसीदी महासचिव इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने दी।
सुप्रीम कोर्ट के जज संदीप मेहता ने बताया कि जस्टिस इकबाल ने विधिशास्त्र के क्षेत्र में एक लंबी लकीर खींची है। फेयर ट्रायल के की पक्षता में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा। उन्होंने बताया कि इनका जन्म 13 फरवरी 1951 को रांची में हुआ था। 1970 में रांची विश्विद्यालय से स्नातक हुए। 1993 में वो उच्च न्यायालय में सरकारी वकील बने। सिविल, क्रिमिनल, विधिक मामलों एवं टैक्स मामलों के वृहत जानकर थे। 9 मई 1996 को पटना उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2000 को झारखंड उच्च न्यायलय के न्यायमूर्ति के रूप पदस्थापित हुए।



इस दौरान सामाजिक न्याय के पक्ष में सदैव मुखर रहे। इससे संबंधित सुनवाइयों को प्रमुखता के साथ देखा। दायर पी.आई.एल से संबंधित मामलों को संजीदगी के साथ सुनवाई पूरी की। एसिड अटैक के सरवाईवर्स के प्रति अभूतपूर्व फैसले में उनको दिव्यांगता की श्रेणी में डालने का फैसला सुनाया।
महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कई अहम फैसले लिए। एसिड अटैक के सरवाईवर्स, बलात्कार के सरवाईवर्स, यौनिक हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए कोर्ट के माध्यम से अभियुक्त द्वारा मुआवजा की गारन्टी और कठोर दंड का प्रावधान।
संविधान के अनुछेद 21 एवं 22 के तहत गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार की व्याख्या को अपने सूझबूझ और योगदान से और भी समृद्ध किया। उनके कई जजमेंट में इसकी प्रबल छाप दिखती है।
संविधान के स्वरूप के तहत व्यक्ति और सत्ता के बीच के अंतर को उन्होंने विधिवत अंगीकार कराया । जस्टिस एम वाई इकबाल हमेशा न्याय के पथ पर रहे।
मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएस रामचन्द्र राव, झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रॉन्गन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंदा सेन, जस्टिस अनिल कुमार चौधरी, जस्टिस नवनीत कुमार,जस्टिस संजय प्रसाद झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, राजेंद्र कृष्णा अध्यक्ष , झारखंड बार काउंसिल, वाई एस लोहित, महासचिव इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स, ए के रशीदी, जनरल सेक्रेटरी इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स,झारखंड, अधिवक्ता अजहर अहमद खान, फादर पीटर मार्टिन, अफाक रशीदी, हैदर अली समेत झारखंड के अलग अलग जिलें एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता तथा न्यायिक अधिकारी और कानून से जुड़े काफी व्यक्ति शामिल हुए।

### ढोल-नगाड़ा वादन के साथ सरना पूजा स्थल का शुद्धिकरण 23 को

**रांची।** महाराजा मदरा मुंडा, सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की ओर से 23 फरवरी को सभी सरना पूजा स्थल का शुद्धिकरण किया जाएगा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के वादन के साथ सरना समाज के लोग विधानपूर्वक अनुष्ठान करेंगे। इस मौके पर मुर्गा की बलि दी जाएगी। पूजा स्थल शुद्धिकरण प्रदीप पाहन के सान्निध्य में होगा। आरोप है कि पूजा स्थल को पिछले 12 फरवरी को दुर्गावती ओड़ेया के नेतृत्व में प्रार्थना सभा के लोगों एवं स्वयंभू धर्मगुरु व धर्म बहनों द्वारा चर्च की तरह प्रार्थना कर अशुद्ध किया गया।

### 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन

# 28 टीमों ने लिया हिस्सा, तेलंगाना बना विजेता, झारखंड तीसरे नंबर पर

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** झारखंड में पहली बार आयोजित भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और नगर विकास और विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार बतौर अतिथि शामिल हुए। इस पुलिस मीट की शुरुआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस पुरे प्रतियोगिता की विजेता बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी।

## दूसरे स्थान पर रहा आंध्र प्रदेश

उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता बनी, और तेलंगाना की टीम दुसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, और दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला। विडियो ग्राफी प्रतियोगिता में तमिलनाडु पहले स्थान पर और महाराष्ट्र पुलिस दुसरे स्थान पर रही। कंप्यूटर अवेयरनेस में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। वहीं बीएसएफ दूसरे नंबर पर रहा। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला। साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी।



**मंत्री ने विजेताओं को सौंपा ट्रॉफी**

प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने वाले सभी पुलिस टीमों को उपस्थित मंत्री राधा कृष्ण और सुदिव्य कुमार के हाथों दिया गया।

● मंत्री सुदिव्य और राधा कृष्ण किशोर हुए शामिल

### कई प्रतियोगिताओं में पुलिस टीमों ने लिया था हिस्सा

राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक, श्वान दस्ते की प्रतियोगिता, विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रुल्स और कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑ जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुलिस टीमों ने भाग लिया था।

### खाटूधाम की यात्रा पर आज निकलेगा 101 भक्तों का जत्था

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मंडल का 101 सदस्यीय दल रविवार को विमान से रांची से दिल्ली के लिए रवाना होगा। वहां से सभी सदस्य सालासर एवं झुंझुनू धाम दर्शन करने जाएंगे। इधर, शनिवार को श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में 145वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भक्तों ने श्याम प्रभु के दर्शन किए। भजनों की प्रस्तुति भी हुई। भंडारे में 27 सौ से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया सहित 50 से ज्यादा कार्यकतार्ओं ने सहयोग दिया।

### दवा खरीदकर लौट रही युवती से फोन और पैसे लूटकर भागे अपराधी

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम की रहने वाली एक युवती से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल के साथ पैसे लूटकर फरार हो गए। इस वारदात को अपराधियों ने उस समय अंजाम दिया, जब युवती सदर अस्पताल से दवा खरीदने के लिए बाहर निकली थी। इस संबंध में युवती बिंदिया कुमारी ने लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। किशोरगंज मधुकम रोड की रहने वाली बिंदिया ने पुलिस को बताया कि वह पांच फरवरी को दवाई लेने के लिए सदर अस्पताल से निकली थी। वापस लौटने के क्रम में बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे। उनके हाथ से मोबाइल फोन छीना और फरार हो गए। फोन के कवर में उनका चार हजार रुपए भी था।

## न्यूज बॉक्स

### निगम की टीम ने सेंट्रो मॉल की जांच की



**रांची।** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम निगम क्षेत्र में लगातार होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर रही है। इस क्रम में शनिवार को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में राजस्व शाखा की गठित टीम के द्वारा मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों की जांच की गई। जिसमें सर्वप्रथम सेंट्रो मॉल की जांच की गई एवं भवन परिसर के क्षेत्र की मापी की गई। मापी के क्रम में क्षेत्रफल में अंतर पाया गया। पूर्व में मॉल द्वारा 1,02,732 वर्ग फीट क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 1,98,427 वर्ग फीट क्षेत्रफल पाया गया। इसके साथ ही मॉल की ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की जांच की जिसपर पाया गया कि जून माह से मॉल की ऑक्यूपेंसी निर्धारित है। जिसपर सहायक प्रशासक द्वारा जून माह से ऑक्यूपेंसी तिथि मानते हुए री-असेसमेंट करते हुए सात दिनों के भीतर कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा राज अस्पताल को तीन दिनों के भीतर री असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया। टीम के द्वारा चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर की मापी की गई एवं भवन के ग्राउंड फ्लोर के मेज नाइन में कुछ नई दुकानें पाई गई, जिसपर सहायक प्रशासक द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट करने एवं टॉप फ्लोर में अधिष्ठापित होर्डिंग्स व मोबाइल टावर के कार्पेट एरिया को गणना में सम्मिलित करते हुए कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मेन रोड स्थित कच्ची बिल्डिंग की भी जांच की गई और तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया। जांच टीम में नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, एजेंसी के कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व शाखा की अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### भक्तों ने लिया खिचड़ी महाप्रसाद का आनंद



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को 866 वां खिचड़ी महाप्रसाद का भंडारा हुआ, जिसमें 1382 लोगों में महाप्रसाद वितरण किया। कलियुग के प्रत्यक्ष देवदेवोत्तमा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश का वैदिक और आगमोक्त विधि से पूजा -आराधना संपादन कर शास्त्रगत तरीके से जो भोग लगता है, वह देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। किसी भी सात्विक नैवेद्यों में खास खिचड़ी का भोग यदि भगवान श्रीमन्नारायण की प्रसन्नता के लिए जो कोई भी भक्त श्रद्धा पूर्वक लगाते हैं, तो उसे लक्ष्मी कभी नहीं छोड़ती है। पुत्र की भांति उसका रक्षण करती है। इसीलिए किसी भी प्रकार के सात्विक भक्ष्य पदार्थों का भक्षण करने के पूर्व श्रीभगवान को भोग लगाकर ग्रहण करने का विधान है। वह निवेदित भोजन भी महाप्रसाद का रूप लेकर अमृतत्व को प्राप्त होता है और वह आयु -आरोग्य को बढ़ाने वाला होता है।

### रिम्स के पीजी छात्र शैक्षणिक दौरा से लौटे

**रांची।** रिम्स में पीजी कर रहे छात्रों ने 6 से 14 फरवरी को 18वां शैक्षणिक दौरा किया। इसमें छात्रों ने एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ का दौरा किया, जो पूरे भारत में 6वीं रैंक पर है और एनएएसी ए++ मान्यता प्राप्त है। छात्रों ने यहां बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एंड डिस्पोजल, ओपीडी क्षेत्र, सीएसएसडी, एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, विभिन्न अन्य सुविधाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। छात्रों को कंट्रोल रूम, ड्यूटी ऑफिसर की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और अस्पताल में 24 घंटे 7 दिन आने वाली चुनौतियों के विषय में जानकारी प्राप्त हुई। अस्पताल प्रशासन के छात्रों ने शताब्दी अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, बर्न यूनिट, विश्वविद्यालय पर्यावरण विभाग (बीएमडब्ल्यू, ई-कचरा, नगरपालिका कचरा, कम्पोस्ट आदि), न्यू ओपीडी, रसोई, सीएसएसडी, लॉन्ड्री आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों का भी दौरा किया।

## सीसीएल में आयोजित एनआईपीएम ईस्टर्न रीजन कांफ्रेंस का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीसीएल मुख्यालय में दो दिवसीय एनआईपीएम-ईस्टर्न रीजन कॉन्फ्रेंस का शनिवार को समापन हुआ। कॉन्फ्रेंस का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट:ईस्टर्न रिजन द्वारा किया गया था। इसका मुख्य विषय 'फ्यूचर ऑफ वर्क : रीडिफाइनिंग एचआर फॉर समृद्ध भारत' था। सम्मेलन का उद्देश्य मानव संसाधन क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना था ताकि भारत के सतत आर्थिक विकास में एचआर की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने किया था। मौके पर सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, सीआईएल के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./संचालन) हरीश दुहान एवं अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मलेन में बड़ी संख्या में एचआर प्रोफेशनल्स, बिजनेस लीडर्स, फंक्शनल हेड्स, शैक्षणिक, अनुसंधान तथा मैनेजमेंट पढाई करने वाले छात्र, मानव संसाधन प्रक्रिया में सेवा प्रदाता, प्रतिभा अधिग्रहण स्वचालन और प्रशिक्षण सेवाएँ प्रदान करने वाले लोग शामिल हुए। सम्मलेन के दौरान कॉर्पोरेट जगत, बिजनेस स्कूलों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा महत्त्वपूर्ण एवं लाभदायक ज्ञान साझा किया गया। इसके लिए अलग-अलग विषयों में विभिन्न टेक्निकल सेशंस आयोजित किये गए थे जिनमें कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन के संदर्भ में समग्र कल्याण ढाँचा तैयार करना, भविष्य की आवश्यकताओं के लिए कौशल और प्रतिभा का निर्माण करना, लोग और प्लानेट को एक साथ आगे बढ़ाने के लिए रणनीतियों को संरेखित करना, लोगों पर केंद्रित समाधानों और कानूनी ढाँचे के लिए एनालिटिक्स, एआई और स्वचालन का उपयोग करना इत्यादि प्रमुख थे। सम्मलेन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए थे।

### बोर्ड परीक्षा में 99 फीसदी से अधिक रही उपस्थिति

**रांची।** जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा शनिवार को जिले के 28 केंद्रों पर हुई। इसमें 99.09 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही। प्रथम पाली में क्षेत्रीय भाषा के तहत अरबी, परसियन, हो, मुंडारी, उरांव भाषा की परीक्षा हुई। परीक्षा में शामिल होने के लिए 657 विद्यार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें 651 उपस्थित रहे। छह की अनुपस्थित रही। वहीं, इंटरमीटिएट में तीनों संकायों में इलेक्टिव लैंग्वेज विषय की परीक्षा हुई। जिले में बनाए गए सभी 57 केंद्रों में परीक्षा हुई, इसमें 99.32 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित हुए। इस परीक्षा के लिए कुल आंविटत 24518 विद्यार्थियों में 24351 उपस्थित थे। 167 अनुपस्थित रहे। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा केंद्रों का जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने शनिवार को निरीक्षण किया। डीईओ ने मारवाड़ी प्लस टू विद्यालय, शिव नारायण मारवाड़ी प्लस टू विद्यालय, उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय, उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, संत जेवियर्स इंटर कॉलेज और संत जॉन्स उच्च विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग श्री राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिला मंडल के द्वारा भजन- कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महिला मंडल के सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर संगीतमय भजनों एवं हनुमान चालीसा के पाठ में श्रोता खूब झूमे। एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पुजारी अरविंद पांडे पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्री राधा कृष्ण के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। दोपहर मे सेवा धाम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे रह रहे मंदबुद्धि, बेसहारा एवं दीनबंधु प्रभु जी एवं उनकी सेवा करने वाले साथियों को भोजन कराया गया। मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया गया। मंदिर में श्री कृष्ण के जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## झारखंड को मिली राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता की मेजबानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● प्रतियोगिता में देश भर से हजारों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे

आगामी 3 और 4 मई को झारखंड का खेल गांव कराटे खिलाड़ियों से गुलजार होगा। देशभर से हजारों कराटे खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया ने सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को दी है। इसका आयोजन रांची के खेल गांव में किया जाएगा। सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य प्रतिनिधि सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेयरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी। इन्होंने कहा कि सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के भारत प्रमुख सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा ने झारखंड को सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की मेजबानी दी है। वर्ष 2023 में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव कियोशी संजीव जांगड़ा की उपस्थिति में सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के सफल आयोजन को देखते हुए दूसरी बार इस प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी झारखंड को दी गई है। इस प्रतियोगिता में देश भर से हजारों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। वर्ल्ड कराटे फेडरेशन एवं एशियन कराटे फेडरेशन के जज एवं रेफरियों के देखरेख में प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। देश भर से आए पदाधिकारियों के रहने की व्यवस्था रांची के विभिन्न होटलों में की जाएगी। वहीं खिलाड़ियों के लिए होटल के अलावे खेल गांव के डॉरमेट्री में भी रहने की व्यवस्था की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जल्द ही आयोजन कमेटी का गठन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन साउथ एशियन कराटे फेडरेशन एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के द्वारा किया जाएगा।

### कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण का उद्देश्य जननांग संबंधी सूजन से ग्रसित महिलाओं की पहचान हो सके : डॉ भारती

● सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन पर भी व्यापक रूप से काम हुआ है : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



वीमेन डॉक्टर्स विंग आईएमए झारखंड ने रांची जिला के लिए सर्वाइकल, ब्रेस्ट और मुंह के कैंसर की व्यापक स्क्रीनिंग के लिए सीएचओ, सहिया साथी एवं साहियाओं के लिए स्क्रीनिंग प्रशिक्षण का आयोजन रांची सदर अस्पताल में किया गया. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमवार तरीके से रांची जिले में कार्यरत 300 सीएचओ, 150 सहिया साथी एवं 3 हजार साहियाओं को दिया जाएगा. वहीं आज 50 कम्युनिटी हेल्थ वर्कर को 10 ग्रुप में विभाजित करके वाया स्क्रीनिंग का प्रशिक्षण दिया गया. वाया स्क्रीनिंग में गर्भाशय ग्रीवा पर 5% एसिटिक एसिड लगाया जाता है और कैंसर के जो संदेहास्पद एरिया होते हैं वहां पर उजाले धब्बे आ जाते हैं। इसके बाद 200 साहियाओं एवं 50 सीएचओ को ब्रेस्ट एवं मुंह के कैंसर के लिए भी जांच विधि, लक्षण और बचाव के बारे में भी बताया गया।

मौके पर रांची के सिविल सर्जन ने कहा कि विमेन डॉक्टर विंग के साथ उन्होंने खूंटी, रामगढ़, रांची में भी व्यापक रूप से सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन पर काम किया है। अब साथ में मिलकर ओरल और ब्रेस्ट कैंसर पर भी काम कर रहे हैं। ताकि रांची जिले की सभी सहिया साथी, सहिया और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पूरी तरह से प्रशिक्षित हो जाएं और कोई भी कैंसर एडवांस स्टेज में न जाने पाए। डॉ भारती कश्यप ने कहा कि क्रमवार तरीके से चलाए जा रहे इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि जननांग संबंधी सूजन से ग्रसित 100% महिलाओं की पहचान की जा सके और उनका इलाज किया जा सके। कोई भी कैंसर शुरूआती तौर पर ही पकड़ में आ जाए। यह तभी संभव है जब पूरे राज्य की कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स यानि प्रशिक्षित नर्स और सहयोग का विशेष प्रशिक्षण हो जाए। इसलिए पहले तो हम लोगों ने पूरे झारखंड की सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों को दिल्ली, कोलकाता और अमेरिका से आई कैंसर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा क्रमवार तरीके से प्रशिक्षण दिया। अब हम लोग कम्युनिटी हेल्थ वर्कर यानि प्रशिक्षित नर्स और सहियाओं को भी प्रशिक्षण दे रहे है ताकि जननांग संबंधी सूजन के शत-प्रतिशत मरीज की पहचान हो सके। स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार और वूमेन डॉक्टर विंग के द्वारा बनाए गए झारखंड मॉडल जिसे हम लोगों ने 2021 में बनाया है । वह इसी शत-प्रतिशत जननांग संबंधी सूजन वाली महिलाओं की पहचान और इलाज पर आधारित है। मौके पर सभी साहियाओं के बीच इससे संबंधित पम्प्लेट्स का भी वितरण किया गया. इस अवसर पर इन तीनों कैंसर के लक्षण एवं बचाव से सम्बंधित पोस्टर की सहायता से इन तीनों कैंसर की स्क्रीनिंग कैसे की जाए, इससे भी अवगत कराया गया। विमेन डॉक्टर्स विंग आई.एम.ए. झारखण्ड की चेयरपर्सन डॉ भारती कश्यप के नेतृत्व में डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ सोनल, डॉ मनीषा चौधरी, डॉ मेघना, और डॉ सिम्मी महेश ने इस प्रशिक्षण अभियान में भाग लिया. मौके पर रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार और हॉस्पिटल मैनेजर जिरेन और डीपीएम प्रवीण कुमार मौजूद थे. दूसरे चरण में सोनाहातु प्रखंड में 22 मार्च को यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।



## एक नजर

### बजरा सीए बी ने 8 विकेट से जीत दर्ज किया

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में साई धुर्वा सी बनाम बजरा सीए बी के बीच खेला गया। साई धुर्वा ने 25.1 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन बनाया। अंश ने 18, आरती साई ने 12 व शिवम ने 10 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरे शुभम ने 3 विकेट लेकर 16 रन, राजदीप ने 2 विकेट लेकर 14 रन, अभिनव ने 2 विकेट लेकर 7 रन व आयुष ने 2 विकेट लेकर 38 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी बजरा सीए बी ने 14.5 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाया। आयुष मिश्रा ने 40, अभिनव शर्मा ने 18 व ऋतिक ने 10 रन बनाया। खुश ने 1 विकेट लेकर 21 रन व अंश ने 1 विकेट लेकर 46 रन दिया। बजरा सीए बी ने 8 विकेट से जीत दर्ज किया।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना गया

# स्कूली जीवन में अनुशासन का महत्वपूर्ण स्थान है : अशुतोष तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हों** प्रखंड के बिजुपाड़ा स्थित ब्राइट फ़्यूचर स्कूल का 9वॉं वार्षिकोत्सव शनिवार को धुम -धाम से मनाया गया। इसमें बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चो ने नृत्य, नाटक, स्पीच व कला का प्रदर्शन किया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि जिपस आशुतोष तिवारी ने कहा कि स्कूली जीवन में अनुशासन का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बच्चों से गुरुजनों की आज्ञा का पालन करने साथ ही कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल चलाना काफी संघर्षपूर्ण होता है। ऐसे में ब्राइट फ्यूचर स्कूल लगातार अच्छा कार्य कर रही है। स्कूल के डायरेक्टर दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलग जगाने का काम कर रहे हैं। इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र है। मौके पर सचिव शिव उराँव, डायरेक्टर जितेंद्र साहू व दीपक साहू सहित गणमान्यों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद् आशुतोष तिवारी, स्कूल के सचिवशिव उरांव, निदेशक जीतेन्द्र साहू और दीपक कुमार, उप मुख्या प्रदीप उरांव, वार्ड सदस्य प्रियतम साहू, प्रधानाचाय अजय होरो, शिक्षक विकास भारती, प्रदीप साहू, शोभा कुजूर, वीना यादव, सरस्वती देवी, रमावती कच्छप, अर्चना केरकेट्टा, अंशु मरांडी, अंशु माला भेंगरा, अंशु मिंज, अनुप निभा खलखो, अंशु चेतना खलखो, संध्या देवी आदि उपस्थित थे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित गरुड़ आई हॉस्पिटल ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नेत्र परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया। गरुड़ आई हॉस्पिटल के निदेशक ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों तक नेत्र स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता पहुंचाना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यह शिविर हमारी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। वार्ड पार्षद अरुण झा ने कहा कि मैं अपने वार्ड के लोगों की सेवा के लिए दिन-रात समर्पित हूं। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों लोगों को नेत्र जांच और आवश्यक परामर्श का लाभ मिला है। इस पहल के तहत जरूरतमंद लोगों को आगे भी नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए गरुड़ आई हॉस्पिटल प्रतिबद्ध है। अस्पताल प्रबंधन ने भविष्य में भी इस तरह के शिविरों के आयोजन की योजना बनाई है ताकि अधिक से अधिक लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## न्यूज | बॉक्स

### पॉवर क्रिकेट एकेडमी ने की जीत हासिल



**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सात्विक मेमोरियल (ए) डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को हुआ। पॉवर क्रिकेट एकेडमी बनाम अरुणोदय क्रिकेट एकेडमी के बीच फाइनल मैच गोलचक्र मैदान, धुर्वा में खेला गया जिसमें पॉवर क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सात्विक के पिता शैलेश कुमार और माता सुधा देवी एवं जिला संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता एवम उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किए। टूर्नामेंट में बेस्ट बैटर का पुरस्कार मंथन सीए के ऋषिकेश प्रियदर्शी एवं बेस्ट बॉलर यूथ मंथन सीसी के तौहीद आयन को दिया गया और आज के फाइनल के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पॉवर सीए के गौरव (गबरू)को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारणी सदस्य चंचल भट्टाचार्या, रमेश कुमार, मुज्जफर अली (मुन्ना), सहायक सचिव सुनील पाल ,शंभू सिन्हा, मुक्तेश सिंह, रुस्तम, शाहिद मिर्जा, दिलीप सिंह, नईम आदि मौजूद थे।

### आर्यन्स कोकर ए ने 85 रनों से जीत दर्ज की



रांची। लिटिल विंग्स बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट पीटी ग्राउंड में आरसीए रेड बनाम आर्यन्स कोकर ए के बीच खेला गया। आर्यन्स कोकर ए ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 190 रन बनाया। सत्यनारायण ने 53 व आदित्य ने 36 रन बनाया। एमडी आतिफ ने 43 रन देकर 2 विकेट व तेजस ने 40 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीए रेड ने 20.5 ओवर में 10 विकेट पर 105 रन बनाया। एमडी आतिफ ने 39 व कुंतल ने 18 रन बनाया। आदित्य ने 6 रन देकर 4 विकेट, मोहित ने 19 रन देकर 2 विकेट व उदय ने 29 रन देकर 2 विकेट लिया। आर्यन्स कोकर ए ने 85 रन से जीत दर्ज की।

### जेवीएम ने 8 विकेट से जीत दर्ज किया



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में जेवीएम बनाम एसजीबी एमएस के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसजीबीएमएस की टीम ने 28.5 ओवर में 10 विकेट पर 145 रन बनाया। आर्यन कच्छप ने 28 रन, कन्हैया गोसाई ने 22 रन, एमडी गुलाम ने 10 रन व हाउइफा करीम ने 10 रन बनाया। आदित्य सिंह ने 15 रन देकर 3 विकेट, तेजस कुमार ने 29 रन देकर 3 विकेट व सिद्धार्थ राज ने 39 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जेवीएम ने 21.1 ओवर में दो विकेट पर 146 रन बनाया। शौर्य सिंह ने 52 रन, सिद्धार्थ राज ने 31 रन, तेजस कुमार ने 21 रन व रितिक कुमार ने 20 रन बनाया। एमडी गुलाम ने 41 रन देकर 1 विकेट व आर्यन कच्छप ने 44 रन देकर 1 विकेट लिया। जेवीएम ने 8 विकेट से जीता।

### टायर रिसौल दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

**चान्हो।** बिजुपाड़ा चौक के निकट बैंक ऑफ इंडिया के बगल मे थास्कैंड स्टार रिसोलिंग नामक एक टायर रिसौल की दुकान में बीती रात आग लगने से पचास लाख रुपए से भी अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता नही चला है, लेकिन इस भयंकर आगलगी में लाखो रुपए का टायर और टायर को रिसोल करने वाली मशीन पूरी तरह जलकर राख हो गई। गनीमत यही रही कि दुकान से सटे बैंक ऑफ इंडिया की शाखा आंशिक रूप से ही आग की चपेट में आई। आग की लपटों से बैंक ऑफ इंडिया के एसी का आउटर जल गया वहीं शीशा भी क्रैक कर गया है। टायर दुकान के मालिक मो इकबाल के अनुसार आगलगी से 50 से 55 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक ने बताया कि सब-ए-बारात का त्यौहार के कारण वे गुरुवार शाम को दुकान बंद कर चटवल स्थित अपने घर चले गए थे। और स्टॉफ की छुट्टी दे दी गई थी। चूंकि शुक्रवार को जुम्मा था इसलिए उस दिन दिनभर दुकान बंद था। रात में अचानक किसी ने उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना दी। वहीं दूसरी ओर आग लगने की सूचना पर चान्हो पुलिस द्वारा दमकल वाहन को भी बुलाया गया था। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### मांडर प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर की गई चर्चा



**मांडर।** शनिवार को मांडर प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर विशेष चर्चा की गई। इस योजना के तहत गरीब विधवा असहाय का नाम सर्वे में चढ़ाना शामिल है। सर्वे में कार्यरत पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को कहा गया है कि एक भी योग्य व्यक्ति न छूटे। उप प्रमुख अमानत अंसारी ने कहा कि पंचायत में पंचायत समिति सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर इस कार्य में सहयोग ले। इस बैठक में प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर सुभाष कुमार, पंचायत समिति सदस्य सरजू उरांव, कुलदीप कुजूर लालू तिर्की सफीक अंसारी रिंकू उरांव सावित्री उराईन सुगिता उराईन अतहरअंसारी उपस्थित थे।

### स्कूल में मीट वेल सुन कार्यक्रम का आयोजन

**चान्हो।** सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर में शनिवार को मीट वेल सुन कार्यक्रम मनाया गया। इसमें का कक्षा दशम के विद्यार्थियों को फाइल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य मुंसफ अंसारी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि मेरी दुआ है कि सभी विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत हो। विद्यार्थियों ने भी आश्वस्त किया कि परीक्षा में बेहतर करने की भरपूर कोशिश करेंगे। मौके पर गणेश साहू, सुजीत प्रजापति , शहाना परवीन, अंसलेम एक्का, पलक दुबे, कुमकुम देवी,गीता एक्का समेत विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

### ठाकुरगांव महायज्ञ को लेकर कमिटी गठित

**ठाकुरगांव।** खिजुरटोला में तीन दिवसीय भव्य यज्ञ सह राम कथा का आयोजन आगामी 22 फरवरी से तय किया गया है। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए शनिवार को यज्ञ समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजय गोप, उपाध्यक्ष रामलगन गोप, सचिव दिनेश गोप, कोषाध्यक्ष अशोक गोप, संरक्षक गिरधारी गोप, बलिंद्र गोप, दीपक गोप, सहदेव गोप को बनाया गया। अध्यक्ष अजय गोप ने बताया कि यज्ञ में बतौर यजमान रामजतन गोप व गणेश गोप सपत्नीक शामिल होंगे। जबकि कथावाचक सुश्री संगीता किशोरी के द्वारा रामकथा की प्रस्तुति की जाएगी।

### चेन स्नेचिंग करने वाले गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, गए जेल

**दुमका।** चेन स्नेचिंग गिरोह का खुलासा करते हुए दुमका पुलिस दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में अनीष कुमार एवं संजू कुमार है। दोनों अपराधी बिहार के कटिहार जिले के थाना कोढ़ा के नया टोला जुराबगंज गांव के रहने वाले है। एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि बीते 14 फरवरी को शिकायतकर्ता कल्याणी दत्ता के लिखित आवेदन के अधार पर चेन स्नेचिंग का अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज करायी थी। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया था कि बेटे के ससुराल में गुप्ता मेडिकल के सामने वाली गली में टहल रही थी कि इसी बीच एक काला रंग के प्लसर पर सवार दो युवक इनके समीप आये एवं पीछे बैठा अपराधी गले से चेन झपट्टा मार कर छीनकर भाग निकले। इस दौरान महिला ने मोटरसाईकिल प्लसर का रजिस्ट्रेशन नम्बर ( जेएच 05बीबी-3463) देखा लिया गया। एसपी ने बताया कि मामला दर्ज कर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों के पास से आठ हजार नगद समेत घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, एक आईटेल कम्पनी का किपैड मोबाईल, एयरटेल कम्पनी का एक सिम, आधार कार्ड, खुजली करने वाला पाउडर, मास्टर की, एक पिठु बैग बरामद करने में सफल रही।

### मेगा ट्रेड फेयर का समापन 17 को, दिए जा रहे कई ऑफर

# आठ देशों व 15 राज्यों के उत्पादों की लगाई गई है प्रदर्शनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन के मात्र अब दो दिन ही बचे हैं। 17 फरवरी को ट्रेड फेयर का समापन हो जायेगा। अंतिम चरण को देखते हुए ट्रेड फेयर में अधिकतर स्टॉलधारियों की ओर से आकर्षक ऑफर्स दिये जा रहे हैं। इन ऑफर्स का लाभ रांचीवासी उठा सकते हैं। ट्रेड फेयर में आठ देशों और 15 राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में शनिवार को खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर तीन बजे से लोगों का आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात्रि तक लगा रहा। सभी हैंगरों में लोगों की भीड़ दिखी। फेयर में घर के सजावटी सामान से लेकर देशभर के विभिन्न राज्यों के कलाकारों द्वारा तैयार किए गए कई आर्टवर्क और प्रोडक्ट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही लोग इनकी जमकर शॉपिंग भी कर रहे हैं। मेले में आधार में नाम सुधरवाने समेत कई कार्य किये जा रहे हैं। शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार, एमएसएमई कार्यालय झारखंड के ज्वाइंट डायरेक्टर इंद्रजीत यादव, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक राघवेंद्रा रत्ना मौर्या ने ट्रेड फेयर का भ्रमण किया।

### दूर नहीं हो रहा एचईसी कर्मियों का वेतन संकट

**रांची।** एचईसी कर्मियों के वेतन संबंधित संकट दूर नहीं हो रहा है। 26 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में घोर निराशा है। कर्मचारी पाई पाई का मुहताज हो गए हैं। उनके पास घर चलाने के लिए पैसे नहीं हैं। हालांकि कई कर्मी वैकल्पिक रोजगार कर किसी तरह से घर परिवार का खर्च वहन कर रहे हैं, लेकिन अधिसंख्य कर्मचारी टकटकी लगाकर एचईसी प्रबंधन और केंद्र सरकार की ओर देख रहे हैं। कर्मचारियों को एचईसी प्रबंधन की ओर से पिछले वर्ष नवंबर माह में महज 15 दिनों का वेतन छठ महापर्व को लेकर दिया गया था। लेकिन उसके बाद फिर किसी तरह का भुगतान उन्हें नहीं किया गया है। यही वजह है कि कई कर्मियों के बच्चों की पढाई भी छूटने को है। उल्लेखनीय है कि एचईसी में लगभग 2340 कर्मचारी और अधिकारी हैं, जिसमें 1400 ठेका कर्मचारी और शेष 900 अधिकारी और स्थायी कर्मचारी शामिल हैं। कर्मियों का बकाया 26 माह से जबकि अधिकारियों का 29 माह से बकाया है।

### सुरेश्वर धाम से 26 को निकाली जाएगी शिव बरात

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मंदिर समिति की बैठक शनिवार को हुई। इसमें 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा के आयोजन का निर्णय लिया गया। बताया गया कि इस दिन शिव बरात सुरेश्वर महादेव मंदिर से निकल कर चुटिया स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर जाएगी। वहां अन्य अनुष्ठान होंगे। मौके पर सुरेश्वर महादेव मंदिर शिव बरात आयोजन समिति का गठन किया गया। मुख्य संरक्षक सुरेश साहू, अध्यक्ष दिलीप साहू, महासचिव संतोष कुमार को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष ऋतिक राज, विक्रम साहू को बनाया गया। साथ ही संरक्षक सह झांकी प्रभारी गुजा तिर्की, संरक्षक मनपुरन नायक, मुकेश केशरी, मुकेश मुक्ता, कृष्णा साहू, रंजीत राम, छत्रधारी महतो, हीरा प्रसाद, रामशरण तिर्की, राकेश कुमार, नंदू ठाकुर, सांवरमल अग्रवाल को नियुक्त किया गया।

### राष्ट्र सेवा फाउंडेशन की बैठक हटिया में हुई

# लोगों को समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए प्रेरित करें : स्वामी सीताराम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सिंह मोड़ के विकास नगर में राष्ट्र सेवा फाउंडेशन की बैठक हुई। मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज ने संगठन को लेकर चर्चा की। वहीं संगठन का प्रदेश कार्यालय के निर्माण पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को अलग-अलग क्षेत्र में संगठन की बैठक हो। जहां भी मठ, मंदिर, धर्मशाला या धमाचार्य, धर्मप्रेमी, राष्ट्रप्रेमी, राष्ट्रभक्त रहते हों वहां जाकर संगठन के उद्देश्यों के बारे में बताएं। वहीं लोगों को समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे लोग भी मिलेंगे जो समाज व राष्ट्र के लिए कार्य कर रहे राष्ट्रप्रेमियों व राष्ट्रभक्तों का मनोबल तोड़ने का भी कार्य करते हैं। बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने संगठन को आगे बढ़ाने, तथा प्रदेश कार्यालय निर्माण कार्यों को पूरा कैसे किया जाए, इन सभी बिंदुओं पर सबों ने अपनी अपनी विचार रखे। मौके पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष सोनी सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत दीवान, निरंजन कुमार सिन्हा, अजय कुमार, राजीव कुमार सिंह, ममता चौहान, रेणु दुबे,सपना सिन्हा के साथ अन्य सनातनी योद्धा एवं वीरांगनाएं शामिल हुए।

## के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी



रांची। कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है। के. राजू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 लड़ा था। लोकसभा में कांग्रेस को दो सीटों पर और विधानसभा में 16 सीटों पर जीत मिली थी। नए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू आंध्र प्रदेश के नेल्लौर के रहने वाले हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर रहे हैं। संगठन के कार्यों के सिलसिले में वे कई बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं। राजू को राहुल गांधी का बहुत करीबी सहयोगी माना जाता है। के. राजू अगस्त 2013 में सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें पार्टी की अनुसूचित जाति इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। आंध्र प्रदेश के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी रहे के. राजू ने 2013 में अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हुए थे। सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में भी के. राजू की अहम भूमिका रही है। के. राजू का पूरा नाम कोप्पुला राजू है।

### अनगड़ा में सदस्यता अभियान को लेकर झामुमो की बैठक

**अनगड़ा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली की बैठक अनगड़ा पंचायत सचिवालय में शनिवार को संयोजक प्रमुख जगेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड की सभी पंचायतों में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान चलाने और झामुमो पंचायत समिति गठित करने को लेकर समय निर्धारित किया गया। इसके तहत 17 फरवरी को लुपूंग, अनगड़ा और राजाडेरा, 18 को चिलदाग, साल्हन, हेसल, 19 को सिरका, गेतलसूद, बीसा, 20 को गुड़ीडीह, जोन्हा, बरवादाग, 21 को टाटी, सुरसू और कुच्चू, 22 को चतरा, बोंगईबेड़ा, पैका और 23 फरवरी को हेसातू, हरातू और नवागढ़ में कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मधुसूदन मुंडा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रिझुवा मुंडा, पूर्व टीएससी सदस्य जमल मुंडा, नवीन नायक, जगदीश महतो, मधु लोहरा, अमानुलाह अंसारी, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, अरविंद उरांव और राजेश हजाम आदि मौजूद थे।

## कर्रा में भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर की थी बुआ की हत्या, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। कर्रा** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के उड़िकेल गांव में सात फरवरी को बिरसी मुंडाइन हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों में बिरसी के भाई सोमरा हेमरोम उर्फ नादा हेमरोम और उसका दोस्त सामुएल आइंद शामिल हैं। बताया जाता है कि बिरसी मुंडाइन सात फरवरी को उड़िकेल ग्राम में पत्थलगड़ी और कानभेदी रस्म में शामिल होने मायके आई थी। पुरानी रंजिश के कारण उसका भतीजा सोमरा हेमरोम उर्फ नादा हेमरोम ने अपने दोस्त सामुएल आइंद के साथ मिलकर बिरसी मुंडाइन की सात फरवरी को पत्थर से कूचकर हत्या दी थी। इस संबंध में मृतका के परिजनों ने जरियागढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने हत्या स्थल से मिले साक्ष्य के आधार बिरसी के भतीजे सोमरा हेमरोम उर्फ नादा हेमरोम और उसके दोस्त सामुएल आइंद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। एसडीपीओ ने बताया कि सामुएल आइंद पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी करनेवाली टीम में कुलदीप रोशन बारी, तारकेश्वर गौड़ और सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

तोरपा एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि आरोपी सोमरा हेमरोम की बेटी दूसरी जाति के लड़के से शादी कर ली थी। इसे लेकर बिरसी मुंडाइन ने दो साल पहले सोमरा और उसकी बेटी के साथ गाली-गलौज की थी। उसी बात का बदला लेने के लिए उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर बिरसी मुंडाइन की हत्या कर दी थी।

# स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली(टुटकी) में युकेजी की अध्यापिका आशा चौधरी के विद्यालय छोड़ने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों के द्वारा सटीक और प्रेरणादायी विदाई भाषण दिया गया। विद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा। उनके कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। शिक्षिका के रूप में आशा चौधरी ने हमेशा बेहतर किया। उनकी कार्यशैली हमेशा सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी रहेगी। अपने ज्ञान और मेहनत के बल पर छात्र-छात्राओं, शिक्षक और अभिभावक के काफी नजदीक रही। उक्त बातें बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक रणधीर कौशिक ने कही। विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि आशा चौधरी ने हमेशा विद्यालय के सभी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनके शिक्षण शैली हमेशा विद्यार्थियों के लिए ज्ञान रूपी रही। कार्यक्रम के दरमियान सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण भावुक हो गए। इस मौके पर अंजली कुमारी, राहुल भद्रा,नकुल बड़ाईक, गोविंन्दर सिंह, प्रतिमा देवी, हर्षा कुमारी, प्रेमचंद, सुजाता, जितेंद्र महतो, राकेश महतो, लंकेश्वर इत्यादि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ओरमांझी थाना में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी की शिकायत

**रामगढ़।** हजारीबाग रांची एकसप्रेसवे लिमिटेड (एचआरईएल) प्रबंधन ने एक पखवारे पूर्व ओरमांझी थाना प्रभारी को आवेदन दिया है। इसमें कहा है कि पनेश्वर महतो और मनोहर मुंडा सहित उनके 10-15 साथियों के द्वारा हमारे कार्यालय (टोल प्लाजा, हजारीबाग, रांची रोड) में आकर कर्मचारियों के साथ असभ्य तरीके से बातचीत की। वे अनावश्यक दबाव बनाते हुए अपने लोगों के लिए काम मांग रहे थे। साथ ही बिना अनुमति के काम नहीं करने का धमकी दिया। कार्यालय में बाधा उत्पनन्न करने का आरोप लगाया है। पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक रांची, एनएचएआई परियोजना निदेशक को भी प्रेषित की गई है। इधर मामले के बाबत झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर महतो ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया।

### मदरसा निर्माण में बाधा का आरोप, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा आवेदन

**भुरकुंडा।** लपंगा बस्ती के ग्रामीणों ने भदानीनगर थाना में एक संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर मदरसा भवन निर्माण में हो रही बाधा को दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में लगभग 70-75 वर्ष पूर्व एक मस्जिद और मदरसा बनाया गया था, जो सर्वे खाता में खैंटू जोल्हा के नाम से दर्ज है। समय के साथ मदरसे की स्थिति जर्जर हो गई, जिससे अनहोनी की आशंका बनी हुई थी। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने उक्त जमीन पर मौजूद पुराने मदरसे को तोड़कर नया भवन बनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय व्यक्ति मो. रिजवान इस सामाजिक कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है। उनका कहना है कि रिजवान मदरसे की जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है।

### गोला के कुसुमडीह स्थित यश एलॉयज फैक्ट्री पर जबरन कब्जे का विरोध

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के कुसुमडीह स्थित यश एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में अवैध कब्जे का खेल चल रहा है। जिससे यहां खुनी संघर्ष की आशंका बन गई है। गुरुवार की रात दर्जनों असामाजिक तत्वों फैक्ट्री में प्रवेश कर और कब्जा जमाने का प्रयास किया। शुक्रवार को दिन भर फैक्ट्री के आस पास संदिग्ध लोगों को इधर उधर घुमते देखा गया। जिससे यहां शांति का माहौल बिगड़ने का खतरा बरकरार है। इस मामले को लेकर मां अंबे कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राज कुमार चौधरी ने गोला थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जाता है कि पंजाब नेशनल बैंक ने बकाया ऋण वसूली के लिए यश एलॉय फैक्ट्री का आक्शन कर दिया है। हालांकि बैंक की ओर से अभी तक आक्शन पर लेने वाले व्यक्ति के नाम फैक्ट्री को हस्तांतरित नहीं किया है।

---

चिकित्सकों को कानून के तहत दिया गया प्रशिक्षण

# 68 चिकित्सक व पैरामेडिकल कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डीजी एंड आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक जिला में गैर पुलिस कर्मियों यथा चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ आदि को नए आपराधिक कानूनों के तहत उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना है। इस संबंध में 15 फरवरी को को 13:00 बजे पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में चन्दन कुमार वत्स, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु०) रामगढ़ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 68 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ, अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहें।

---

डायरेक्टर ने परीक्षार्थियों को दिए महत्वपूर्ण सूझाव

# मैट्रिक के विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ दी गई विदाई

*विद्यालय निदेश ने कहा कि शिक्षा दुनिया का वह हथियार है जो इसके बल पर हर क्षेत्र में जंग जीती जा सकती है और इससे समाज को बेहतर ढंग से सजाया जा सकता है*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत स्थित झारखंड उच्च विद्यालय पचरुखी तिलैया में मैट्रिक के 35 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र वितरण के साथ विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर उमाशंकर सिंह ने परीक्षार्थियों को परीक्षा में बेहतर करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को कदाचार मुक्त परीक्षा ही देना चाहिए ताकि वह छात्र भविष्य के लिए स्वयं को बेहतर रूप से समाज में स्थापित कर सके। विद्यार्थियों की हमेशा सोच होनी चाहिए कि अपने जीवन में बेहतर कार्य करें और शिक्षा को हमेशा आत्मसात करें ताकि आगे चलकर वह समाज के लिए एक बेहतर कार्य साबित होगा। इस दौरान वर्ग नवम के विद्यार्थियों द्वारा परीक्षार्थियों को कलम तथा विद्यालय परिवार द्वारा भी कलम भेंट की गई। वहीं विदाई कार्यक्रम की अगवाई में वर्ग नवम के विद्यार्थी मुख्य रूप से शामिल हुए। जिसमें संतोषी कुमारी, बिजली कुमारी, अफसाना परवीन, शाहीन परवीन, रिंकी कुमारी, पुष्पा कुमारी, बंटी कुमार, सूरज कुमार एवं अन्य साथी शामिल रहे। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में अशोक यादव, प्रदीप सिंह, अक्षय सिंह, पप्पू सिंह, शिव शंकर सिंह के द्वारा परीक्षार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

---

## न्यूज | बॉक्स

### पूर्व विधायक ने स्व टेकलाल महतो का 80वीं जयंती मनाई



**रामगढ़।** नयामोड़ फोरलेन चौराहा में शनिवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह के पूर्व सांसद सह मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो की 80 वीं जयंती मनाया। इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो शामिल हुए। जयंती कार्यक्रम के दौरान राजकुमार महतो व मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि स्व टेकलाल महतो एक महान पुरूष थे। वह झारखंड राज्य को बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाया है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वह हमेशा क्षेत्र के विकास व जनता के समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते थे। मौके पर केंद्रीय सदस्य संतोष कुमार, सोनाराम मांझी, डालचंद महतो, प्रखंड सचिव सुरेशचंद्र पटेल, मोगलचंद पटेल, मोहरलल महतो, अकल उरांव, गीता विश्वास, पिंकी देवी, बलदेव मुर्मु, गीता देवी आदि उपस्थित थे।

### नागरिकों को स्वस्थ वातावरण के बारे में दी गई जानकारी



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ कमेटी के सक्रिय सदस्यों की रामगढ़ में शनिवार को आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का क्षेत्राधिकार (जुरिसडिक्शन ऑफ एनजीटी) के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का गठन 18 अक्टूबर 2010 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट, 2010 के माध्यम से किया गया था। यह एक वैज्ञानिक और विशिष्ट निकाय है जो भारत में प्रमुख पर्यावरणीय विवादों को सांभालता है। इसने राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण का स्थान लिया है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 से भी प्रेरणा लेता है जो भारत के नागरिकों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने का आश्वासन देता है। बताया कि एनजीटी अधिनियम की अनुसूची में सूचीबद्ध पर्यावरण से संबंधित है। साथ कानूनों के तहत दीवानी मामलों से संबंधित है। यह कानून मुख्यतः जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1974, जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकरण अधिनियम 1977, वन (संरक्षण) अधिनियम 1980, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1981, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986, सार्वजनिक देयता बीमा अधिनियम 1991 और जैविक विविधता अधिनियम 2002 से संबंध है।

### विश्वविद्यालय में चल रहे ड्रग डिजाइनिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी माइक्रोबायोलॉजी एवं फामेर्सी विभाग द्वारा हो रहे 2- दिवसीय कार्यशाला समापन 15 फरवरी 2025 को हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता रिसर्च साइंटिस्ट डॉ रूपक राय एवं श्रीओशी घोष ने बच्चों को फ्रेगमेंट बेस्ड ड्रग डिजाइन, प्रोटीन प्रोटीन इंटरेक्शन, डिजाइनिंग इन्हीबिटरस फर कोविड- 19, एचआईवी के बारे में प्रशिक्षण दिया। इसी बीच हमारे ऑनलाइन से जुड़े अन्य वक्ता जूनियर साइंटिस्ट अपराजिता चक्रवर्ती ने ड्रग डिजाइन विषय पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सफल कार्यक्रम के लिए विभाग को हार्दिक बधाई दी। सचिव प्रियंका कुमारी ने दो दिवसीय कार्यशाला की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दीं। प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन की और छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में अपना विचार रखी। विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ प्रतिभा गुप्ता ने बताया की ड्रग डिजाइन एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग के माध्यम से उसे और बेहतर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

कृषकों के विकास के लिए एक दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

# किसान नई तकनीक से खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं : मंत्री



## 142 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया

उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि गौरैयाकरमा में आयोजित यह कार्यक्रम किसान भाइयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई तकनीक, नए आयाम इस कार्यक्रम में समाहित है। उन्होंने किसान भाइयों से इसका भरपूर लाभ उठाने को कहा। कृषि विभाग एक बहुत बड़ा विभाग जिसमें कई लाभकारी योजनाएं चलाए जाते है। उन्होंने सभी कृषकों से इस कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी लेने को कहा। उन्होंने बताया कि बरही की इलाका खेती किसानी के लिए अत्यंत अनुकूल है इसलिए नई तकनीक से खेती कर अपने उपज को बढ़ाकर समृद्ध बनने की बात कही। प्रमंडल स्तरीय मेला सह प्रदर्शनी/कार्यशाला में कृषि मंत्री ने मत्स्य विभाग अंतर्गत 3808700 रुपए की राशि की लागत से 142 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। लाभुकों में राजेश निषाद, खेलोचंद महतो, शिवनाथ हेंब्रम, तापेश्वर मेहता, नजमा खातून,राजू निषाद, अकबर अंसारी, प्रियंका कुमारी सहित कई अन्य शामिल रही।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बिरसा कृषकों के समग्र विकास एवं ज्ञानवर्धन हेतु दिनांक 15 फरवरी को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा, बरही,हजारीबाग में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सा प्रदर्शनी कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री, झारखंड सरकार शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। बरही के गौरैयाकर्मा में आयोजित प्रमंडलस्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी/कार्यशाला 2025 में बतौर मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, कृषि एवं पशुपालन मंत्री, झारखंड सरकार ने कार्यक्रम में आए कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान नई तकनीक से खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराना है। किसान वर्ग को अन्नदाता कहा जाता है। झारखंड की जमीन उन्नत होने के बाद भी जानकारी के आभाव में यहां के किसान अपने को स्थापित नहीं कर पाए हैं।

### डाड़ी में रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का हुआ आयोजन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड कार्यालय में शनिवार को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अंतर्गत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक निर्मल और उर्फ तिवारी महतो, डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, डाड़ी बीडीओ कमलकांत वर्मा, बीपीएम सुधीर गुप्ता, पंसस रीमा देवी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर रोजगार मेला का उद्घाटन किया। इसके बाद विधायक तिवारी महतो ने कहा यह परियोजना भारत सरकार की सबसे प्रमुख योजनाओं में एक है। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक युवक और युवतियां उठाए और ट्रेनिंग के बाद अपना रोजगार पाए। बच्चे रोजगार प्राप्त कर अपने भविष्य को सवार सकते हैं। इस रोजगार मेला में 8 कंपनियां से पीआईए रोजगार की जानकारी देने हेतु शामिल हुई। मेला में पीआईए कर्मियों ने अपने-अपने ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, सीएमओ, होटल मैनेजमेंट, नर्सिंग के बारे में जानकारी दिया। वहीं बीपीएम ने बताया की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अंतर्गत बच्चों को ट्रेनिंग, बुक्स कॉपी, उनका रहना-खाना सभी सुविधा निशुल्क दिया जाता है।

---

सांसद ने शहीद कैप्टेन के परिवार से की मुलाकात

# कैप्टन की शहादत हमलोगों को आजीवन गौरवांवित करेगी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बीते दिनों जम्मू- कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के लाल कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के हजारीबाग शहर के जुलु पार्क स्थित आवास हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को पहुंचे और यहां शहीद के आत्मा की शांति के लिए चल रहें महिलाओं की सुखमणि साहेब के पाठ में शामिल हुए और शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता- पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया और उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी का नाम अमर रहेगा। राष्ट्रहित के लिए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है उनका शहादत हमें आजीवन गौरवांवित करेगा और देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में घटी घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग धर्म के नाम पर आतंकवाद का खेल खेलते हैं उन्हें जमीनी स्तर पर आकर देखना चाहिए जिस भी परिवारों के बच्चे चाहे इधर के हो या उधर के हो, जो बिछड़ जाते हैं हमेशा के लिए चले जाते हैं उनके परिवार का दुख असहनीय होता है।

---

सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे मेडिकल कॉलेज अस्पताल

# डॉक्टर सहित उनकी टीम को किया सम्मानित

*मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कुव्यवस्था को लेकर हमेशा आवाज बुलंद करते हैं तो यहां हुए अच्छे कार्यों की खूब सराहना भी करते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑथोर्पेडिक विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया है। अमूमन यह ऑपरेशन न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा किया जाता है और महानगरों के निजी अस्पतालों में ऐसे ऑपरेशन के 2-3 लाख रुपए खर्च होता है लेकिन सरकारी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत ऐसे ऑपरेशन का होना चिकित्सकों की उपलब्धि है साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए नई उम्मीद की किरण भी प्रस्फुटिल होती है। इस जटिल ऑपरेशन से प्रभावित होकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने चिकित्सकों के इस पहल की सराहना की और शनिवार की सुबह वे खुद हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आर्थो ओटी पहुंचकर इस ऑपरेशन में शामिल चिकित्सीय टीम के सभी डॉक्टर और सहयोगियों के साथ अस्पताल प्रबंधन के उपाधीक्षक को शॉल ओढ़ाकर और पुष्प भेंटकर उनका सम्मान किया और हौसल बढ़ाया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की कुव्यवस्था को लेकर हमेशा आवाज बुलंद करते हैं तो यहां हुए अच्छे कार्यों की खूब सराहना भी करते हैं। इससे पहले भी सदर अस्पताल में जब जुगाड़ तकनीक के सहारे शल्य चिकित्सक डॉ.अभिषेक कुमार और उनके सहयोगी टीम ने एक जरूरतमंद मरीज का ट्यूमर युक्त हाथ का सफल सर्जरी किया था तब भी हॉस्पिटल पहुंचकर चिकित्सकों का सम्मान उन्होंने किया था। ज्ञात हो कि हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक सड़क दुर्घटना से ग्रसित चतरा जिले के जयपुर गांव निवासी 34 वर्षीय मरीज नरेश भुइयां की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी और इस कारण वे चलने- फिरने में असमर्थ हो रहें थे और उन्हें कई प्रकार की शारीरिक कठिनाइयां हो रही थी।

---

# मैनेजमेंट विभाग ने जीता विभावि इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा आयोजित विभावि कैंपस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मैनेजमेंट विभाग ने इतिहास विभाग को 28 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस ऐतिहासिक मुकाबले में दोनों विभागों के छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मैनेजमेंट विभाग की टीम ने 12 ओवरों में 179 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में इतिहास विभाग की टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन निर्धारित ओवरों में लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। शानदार प्रदर्शन के लिए मैनेजमेंट विभाग के खिलाड़ी अमीर को ह्यमैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और मानसिक मजबूती का प्रतीक है।

### आज सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामेंगे रंधीर गुप्ता

**रामगढ़।** झारखंड नौजवान संघर्ष समिति केंद्रीय अध्यक्ष रंधीर गुप्ता 16 फरवरी को सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामेंगे। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई वरीय नेता उपस्थित होंगे। कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन अरगड्डा सामुदायिक भवन में होगा। इस लेकर शुक्रवार की देर शाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर दूसरे दलों के कई नेता और कार्यकर्ता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। यह जिला का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इसे लेकर आयोजन स्थल सहित पूरे शहर के चौक-चौराहों को पोस्टर, बैनर, झंडा और होडिंग से पाट दिया गया है। समारोह में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, नेता विधायक दल प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कछप, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, नगर व आवास बोर्ड के चेयरमेन संजय लाल पासवान शामिल होंगे।

---

कक्षा एक से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में लिया भाग

# ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है : सीओ

*बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाता है*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित स्कूल पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कक्षा एक से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव,विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा,जिप सदस्य कुमकुम देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कु0 प्रसाद संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद,प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कक्षा एक के विद्यार्थियों ने आधुनिक अस्पताल, कक्षा 2 के मोबाइल रेडिएशन, कक्षा 3 के ऑर्गेनिक फार्मिंग, कक्षा चार के हाइड्रोलिक ब्रीज, कक्षा 5 के सैटलाइट कम्युनिकेशन के माध्यम से ऊर्जा का प्रयोग, कक्षा 6 के साउंड पॉल्यूशन से बचाव,कक्षा 7 के भविष्य का यातायात, कक्षा 8 के सड़क सुरक्षा से बचाव, कक्षा 9 के स्मार्ट हब तथा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने कार्बन एमिशन रिडक्शन का मॉडल बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं निदेशक ने बताया कि विद्यालय के स्थापना वर्ष से ही प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाता है। वहीं विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान की समझ बच्चों में इसी तरह के विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से ही हो सकती है। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की खुब प्रशंसा की। वहीं अंचलाधिकारी ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

---

डेंटल कॉलेज ने लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में मुफ्त बुनियादी उपचार दिया गया : डॉ प्रवीण श्रीनिवासन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शनिवार को रोमी पेलावल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 35 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निःशुल्क शिविर लगाया जा रहा है।

# डीसी ने पाकरटांड प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा ,योजनाओं की समीक्षा की




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने शनिवार को पाकरटांड़ प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सिकरियाटांड़ पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। इस उपायुक्त द्वारा पंचायत अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। तथा जॉब कार्ड रजिस्टर, 15 वें वित्त योजना पंजी, योजना अभिलेख, रजिस्टर -2 ग्राम सभा एवं सोशल ऑडिट सभा रजिस्टर, सामग्री पंजी, शिकायत पंजी, परिसंपत्ति पंजी सहित अन्य रजिस्टर की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं योजना का अभिलेख, एमबी बुक, ई-मास्टर रोल निर्गत की जांच किया गया। पंचायत भवन, सिकरियाटांड़ का निरीक्षण क्रम में पाया गया कि कैश बुक मेंटेन नहीं किया गया है। इसके पश्चात् उपायुक्त ने कई लाभुकों एक ही जगह पर 30 एकड़ में लगे आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। वहां पर कार्य करने वाले मजदूरों से मिले, सभी मजदूरों से दैनिक मजदूरी भुगतान की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने लाभुकों से भी मुलाकात की तथा पेड़ की बेहतर रख रखा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने इंटरक्रॉपिंग के तहत खाली जगह पर सब्जी की खेती करने के लिए प्रेरित किया। तथा कई किसानों द्वारा सब्जी की खेती गई थी जिसे देख उपायुक्त अन्य किसानों को प्रेरणा लेने की बात कहीं। मनरेगा के तहत मिली सिंचाई कुप संवर्धन योजना का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त महोदय कुआं की खुदाई कराकर उसकी पत्थर से पटाई कर योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने पाकरटांड़ प्रखंड सभागार में सभी कर्मीयों संग बैठक की। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रियान्वयन व प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना की निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली। तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में छुटे हुए लाभुकों की सर्वे से संबंधित कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2023- 24 तक लंबित 11 आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का की बात कहीं। साथ ही अंबेडकर आवास एवं पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बागवानी योजना के अंतर्गत जलकुंड निर्माण में काफी कम किया गया है। इसे शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। सभी पंचायत में महिला मजदूरों का जॉब कार्ड निर्गत करने का निर्देश दिया साथ ही मनरेगा कार्यों में महिला मजदूरों को इंगेज करने की बात कहीं। पाकरटांड़ प्रखंड के सभी 6 पंचायतों में एक-एक किलोमीटर मोरम पथ निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पंचायती राज के अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड मद में प्राप्त राशि को शत् प्रतिशत खर्च करने हेतु योजनाओं का चयन कर क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त महोदय ने सभी कर्मियों से कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन एवं नियमों के अनुरूप कार्य करेंगे। किसी प्रकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर गड़बड़ी की जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी -सह- निर्देशक डीआरडीए अरुणा कुमारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा तिर्की, मुखिया सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## दोपहिया मोटरसाइकिल को मोडिफाइड कराना पड़ेगा भारी होगी कारवाई : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

● सिमडेगा पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार हो रहे हैं सड़क दुर्घटनाओं एवं आपराधिक गतिविधि को ध्यान रखते हुए सिमडेगा एसपी ने दिशा निर्देश जारी किए हैं उन्होंने कहा है कि अपराध नियंत्रण हेतु सिमडेगा पुलिस सतत् प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में सिमडेगा पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि, जिलान्तर्गत युवाओं के द्वारा भारी दोपहिया वाहन बिना नम्बर प्लेट के/नम्बर प्लेट छुपाकर/फोल्डिंग नम्बर प्लेट लगाकर, तथा सायलेंसर निकालकर और बदलकर अति तीव्र गति से काफी आवाज करते हुए चलाया जा रहा है। युवाओं में इस प्रकार का प्रचलन काफी देखा जा रहा है, जिसके कारण आम लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और इससे दुर्घटना घटित होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। साथ ही नम्बर छुपाना, बिना नम्बर के वाहन चलाना, फोल्डिंग नम्बर प्लेट लगाना और सायलेंसर बदलकर या निकालकर चलाना मोटर वाहन अधिनियम के तहत् दण्डनीय अपराध है। सिमडेगा पुलिस ऐसे लोगों और इस प्रकार के भारी दोपहिया वाहन/मोटरसाइकल को चिन्हित करने का काम कर रही है और निश्चित ही इस प्रकार के लोगों वाहनों के विरूद्ध विधिसम्मत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की सराहनीय पहल पर सड़क पर स्थित बड़े-बड़े गड्ढों को भरा गया

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से श्रमदान कर नवटोली पेट्रोल पंप के पास सड़क पर स्थित बड़े-बड़े गड्ढों को भरा गया। कोलेबिरा थाना के एएसआई इंद्रजीत समद ने बताया कि सिमडेगा-रांची मुख्य मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिनके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती हैं रात्रि में अंधकार होने के कारण भी वाहन चालकों को सड़क पर स्थित गड्ढे नजर नहीं आते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए गड्ढों को भरा जा रहा है।

## जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा में लीड के द्वारा शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय "कैसे प्रभावी पुनरावृत्ति करें और समय पर पाठ योजना पूर्ण करें" था। इस अवसर पर प्रशिक्षक आशीष कुमार ने शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों और समय प्रबंधन की रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों को यह समझाया गया कि छात्रों के लिए पुनरावृत्ति कैसे रोचक और प्रभावी बनाई जा सकती है, जिससे उनकी समझ और स्मरण शक्ति में वृद्धि हो। इसके साथ ही, पाठ योजना को समय पर पूर्ण करने के लिए व्यवस्थित शिक्षण योजना, प्राथमिकता निर्धारण, और सही शिक्षण पद्धतियों पर भी चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान लीड द्वारा शिक्षा पुरस्कार पर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें शिक्षकों को इस पुरस्कार की विशेषताओं और नामांकन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शिक्षकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने शिक्षण कौशल को और बेहतर बनाएं तथा छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें।इस प्रशिक्षण में मुनुरेन कुल्लू, लता कुजुर, सुमैया प्रवीन, छोटेलाल लोहरा, कुमारी सोनी, रिजवाना खातून, सपना डांग और राहुल कुमार ने भाग लिया। सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्र को बेहद उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उनके शिक्षण कौशल में न केवल सुधार होगा, बल्कि वे कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी और अनुशासित बना सकेंगे।विद्यालय प्रबंधन ने लीड और प्रशिक्षक आशीष कुमार का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन होता रहेगा।

## पीएम विद्यालय के 76 छात्र-छात्राएं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए हुए रवाना

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा के लिए 15 फरवरी 2025 का दिन विशेष और अत्यंत भावुक भरा रहा,जब विधालय के 76 छात्र-छात्राएं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए मानफोर्ट स्कूल,कोनबीर रवाना हुए। परीक्षा के लिए प्रस्थान करने से पहले सुबह विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान प्रार्थना स्थल पर प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। जहां प्राचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों को माथे पर तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और लड्डू-मिठाई-दही खिलाकर उनका हौसला बढ़ाते हुए परीक्षा केंद्र से विदा किया। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास,धैर्य और परिश्रम के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर देने की सलाह दी। सीबीएसई प्रभारी सर घनश्याम और डॉ प्रमोद कुमार महतो ने भी विधार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सफलता के मंत्र दिए।विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों को परीक्षा में सफल होने के लिए प्रेरित किया । मौके पर विधालय के शिक्षक संजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिन्हा, दीप्ति यादव, ज्योति टूटी, पंकज कुमार सिन्हा,पूनम कुमारी, रूपा रोज बिलुंग,विजय कुमार भुइयां आदि उपस्थित थे।

## कोनमेजरा पंचायत में 100 एमटी क्षमता के लैम्पस गोदाम का विधायक ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोनमेजरा पंचायत में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेकित सहकारिता परियोजना के तरफ़ से 100 एमटी क्षमता के लैम्पस गोदाम का शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि इन गोदामों का उपयोग पूर्ण रूप से लैम्पस के नियंत्रण में होगा। जिसमें किसानों के लिए प्रत्येक मौसम में वितरित किया जानेवाला बीज तथा खाद का भंडारन किया जा सकेगा। आगे उन्होनें कहा कि आम तौर पर किसानों से धान की खरीद होने के बाद गोदाम के अभाव में जैसे तैसे धान को रख दिया जाता था। सरकार और विभाग ने इन परेशानियों को दूर करने के लिए अब बड़े गोदाम में धान रखने का निर्णय लिया है।लैंपस गोदाम बन जाने से क्षेत्र के किसानों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा अब इन्हें धान बेचने के लिए अन्य पंचायत के लैम्पस भवन में जाने की जरूरत नहीं है सरकार की यह सोच है कि किसानों को कभी भी समस्या ना हो और इसी को देखते हुए 100 एमटी के गोदाम किसानों के लिए बनाया जा रहा हैं। इस बार विभाग ने पहले ही इंतजाम कर रखा था इस वजह से कोई परेशानी नहीं हुई. इस बार भी विभाग किसानों के लिए ये सारी व्यवस्था कर रही है। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, रावेल लकड़ा, संसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग,प्रखंड प्रमुख बिपीन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मुखिया सुषमा बिलुंग, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, पंचायत अध्यक्ष सेबेस्टियन टेटे, रेने, आदि उपस्थित थे।

## बांकी स्थित ख्रीस्त राजा बासा चर्च में पुरोहित अभिषेक का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के बांकी स्थित ख्रीस्त राजा बासा चर्च में पुरोहित अभिषेक का आयोजन किया गया ।उपायजक डोमनिक डांग का पुरोहित अभिषेक किया गया। सिमडेगा धर्म प्रांत के बिशप विंसेंट बरवा ने धर्मवृद्ध अनुष्ठान संपन्न कराया ।मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया जिसमें बिशप के अलावा फादर इग्नासियुस टेटे,फादर फाबियन डुंगडुंग,फादर अलेक्जेंडर कुल्लू ने सहयोग किया ।कार्यक्रम में परिवार वालों ने उपायाजक डोमनिक डांग को पुरोहिताई जीवन के लिए कलीसिया में सौंपा ।इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें आरसीएम स्कूल बांकी के बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। पुरोहित बनने के बाद लोगों ने नए पुरोहित का स्वागत माला पहनाकर किया। उपायजक पुरोहित डोमनिक डांग ने कार्यक्रम में उपस्थित बिशप,सभी फादर,धर्मबहनों और सभी लोगों को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया ।उन्होंने सर्वप्रथम सभी गुरुजनों को नमन किया और कहा कि बालपन से लेकर शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने और पुरोहित बनने तक के सफर में मेरे माता-पिता परिवार,गुरुजनों,प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जिन्होंने भी मेरा मार्गदर्शन किया उनको कोटि-कोटि नमन और हृदय तल से धन्यवाद। माता-पिता और गुरु का स्थान सबसे ऊंचा होता है ।प्रभु यीशु ने हमें एक बेहतर जीवन दिया है। हम सबको प्रभु यीशु के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। सभी कोई सदैव खुश रहें, आनंदित रहें और आज्ञाकारी बनें। सिमडेगा धर्म प्रांत के बिशप विंसेंट बरवा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा पुरोहित का जीवन मानव कल्याण के लिए होता है ।पुरोहित ईश्वर के दूत होते हैं उन्होंने कहा कि दूसरों की सेवा पुरोहित अपना जीवन निहित करते हैं ।आगे कहा कि प्रभु यीशु हमें शांति न्याय भाईचारा स्थापित करने की सीख देता है ।छोटा नागपुर कलीसिया सुव्यवस्थित और शिक्षित हो शिक्षा का बड़ा महत्व है ।पवित्र वस में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करें ।अपने परिवार को पवित्र बनाएं ताकि यीशु का वास हो सके। अपने परिवार को क्राइस्ट जीवन बनाएं क्रूस के चिन्ह से ही प्रभु यीशु हमें जीवन दिया है ।सच्चाई की राह पर सदैव आगे चलें और समाज और कलीसिया के विकास में भागीदारी बनें। मंच संचालन फादर फुलजेंस बुढ़,स्वागत भाषण लिली डांग,सर ब्रिटो,कैथोलिक सभा अध्यक्ष फ्रांसिस डांग,फादर विमल जोजो,ब्रदर विनोद,ने किया

## बानो को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर बिरसा चौक में किया बैठक

**बानो।** बानो को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार संध्या जिला परिषद सदस्य बिरज़ो कंडुलना की अध्यक्षता में बानो बिरसा चौक में सर्वदलीय बैठक हुई ।कार्य के संचालन के लिए स्थायी कमिटी की गठन की गई ।बैठक में जिला परिषद बिरज़ो कंडुलना,बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष बाल मुकुंद सिंह,ऑल चर्चेस कमेटी अध्यक्ष जगदीश बागे,बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक,झामुमो संयोजक सदस्य तनवीर हुसैन,बिरसा मुंडा खेल समिति अध्यक्ष संतोष साहू,बानो प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग,कॉंग्रेस उपाध्यक्ष रफिक अंसारी बानो को अस्थायी समिति में रखा गया है ।समिति की अगली बैठक 19 फरवरी को डाक बंगला बानो में 11बजे से आयोजित की गई है ।बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक,बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीर खान,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह,समीर तोपनो, अमित बडिंग, समसेर अंसारी,हिरानाथ सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## सिमडेगा में क्रिकेट के विकास के लिए एसपी की अध्यक्षता में हुई क्रिकेट एसोशिएशन की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** खेल की नगरी सिमडेगा में क्रिकेट खेल के विकास के लिए सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के एक्सक्यूटिव मेंबर की बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष सह एसपी सिमडेगा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में क्रिकेट के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।खेल की नगरी सिमडेगा हॉकी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखता है। यहां अब क्रिकेट खेल को भी मुकाम तक पहुंचाने के लिए सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के एक्सक्यूटिव मेंबर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह एसपी सिमडेगा सौरभ के साथ बैठक कर मंथन किए। बताया गया कि सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा हर दिन जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मल्टीपर्पस स्टेडियम में क्रिकेट का अभ्यास कराया जाता है। एसोशिएशन द्वारा बताया गया कि वर्तमान में एसोसिएशन के अधीन 20 क्रिकेट क्लब हैं। जिनके माध्यम से सिमडेगा सहित झारखंड के बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर जिला स्तरीय लीग मैच खेलते हैं। इस लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को विभिन्न आयु वर्ग के जिला स्तरीय टीम में शामिल कर अंतर जिला खेलने भेजा जाता है। बताया गया कि इस चयन में एसोसिएशन की कोशिश होती है कि जिले के अधिक से अधिक बच्चे इस टीम में शामिल हों ।बैठक में इस बात की भी चर्चा हुई कि जेएससीए के मापदंड एवं दिशा निर्देश का पालन कर ही खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी की जाती है ।अध्यक्ष सह एसपी सिमडेगा ने इसे और प्रभावी बनाने के लिए अन्य उपसमितियों के अलावा अनुशासनिक समिति बनाने का निर्देश दिया ।फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से अनुशासनिक समिति का गठन किया गया ।बैठक में एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि बच्चे के आधार कार्ड में जन्मतिथि में छेड़छाड़ होने पर बच्चे का सलेक्शन टीम में नहीं होता है। टीम में शामिल होने वाले सभी बच्चों का सार्टिफिकेट वेरिफिकेशन झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा किया जाता है। बैठक में एसपी सिमडेगा ने जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में एक क्रिकेट क्लब निर्माण करने का निर्देश दिए ।साथ ही कहा कि पुलिस परिवार से प्रत्येक थाना क्षेत्र में क्रिकेट के विकास और टीम गठन के लिए हरसंभव मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट खेलने वाले बच्चों सारी जानकारी मिल सके इसके लिए चयन से पूर्व मीडिया के माध्यम से सारी प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। एसपी ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन को चयन कमिटी, टूर्नामेंट कमिटी और अनुशासन कमिटी के गठन को सहमति प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सिमडेगा पुलिस परिवार हर वक्त सहयोग देने को तैयार है ।इस बात की भी चर्चा की गई कि जिले में चलने वाले लीग में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ही विभिन आयु वर्ग के जिला टीमों का गठन सुनिश्चित किया जाएगा,साथ ही जेएससीए के दिशा निर्देशों का भी खयाल रखा जाएगा ।इस बाबत अनावश्यक पैरवी और दबाव को भी नजरअंदाज करने की बात कही गई ।अध्यक्ष सह एसपी ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया में यदि विवाद हो तो गठित अनुशासनिक समिति और जिला क्रिकेट एसोसिएशन इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करेगी।

### विधायक ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

## केन्द्र में सभी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले के तीन केन्द्रों में सीबीएसई बोर्ड के मैट्रिक की परीक्षा शनिवार से शुरु हुई। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। बताया गया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त महौल में संपन्न हुई। इधर विधायक भूषण बाड़ा ने संत जोंस स्कूल फरसाबेड़ा स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए की गई तैयारी की जानकारी ली। विधायक परिक्षार्थियों से भी उनकी परेशानियों से अवगत हुए। साथ ही केन्द्रेधिक्षक को केन्द्र में परीक्षा से संबंधित सभी जरुरी मुलभूत सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया। उन्होंने केन्द्र में समय समय पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। वहीं बेंच डेस्क एवं शौचालय की स्थिति से भी जानकारी ली। इधर परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी परीक्षा केंद्रो में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक शिक्षकाओं को वीक्षण कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। मौके पर विधायक ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं भी दी। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी।




# न्यूज बॉक्स

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क मरम्मत की

**बानो।** प्रखंड के पबुड़ा मोड़ से केवेटांग तक ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क मरम्मत किया। मालूम हो की पबुड़ा मोड़ से केवेटांग तक लगभग 10 किलोमीटर सड़क में जगह-जगह गड्ढा हो गया था जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। दुर्घटना होने की भी आशंका बनी रहती थी इसको देखते हुए पबुड़ा,केवेटांग तथा आसपास के ग्रामीणों ने बैठक कर सड़क में बने गड्ढों को मिट्टी से भरने का निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार शनिवार को काफी संख्या में लोग सड़क में जमा हो गया तथा मिट्टी से सड़क में बने गड्ढे को भर दिया ग्रामीणों ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से मांग किया गया लेकिन कोई पहल नहीं किया गया विभागीय उदासीनता रवैया से क्षुब्द होकर ग्रामीणों ने श्रमदान के माध्यम से सड़क मरम्मत करने का निर्णय लिया। श्रमदान करने में सुरेश साहू, शिवचरण भोक्ता,अगुस्टीन लुगुन,अल्बर्ट लोम्गा,बालेश्वर सिंह,एरिक लोमगा,अर्पित लोमगा,कुशल कंडुलना, किशोर बड़ाइक,विश्राम लोमगा,सेवियन लोमगा,जुनुल लुगुन के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## निमतुर में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

**बानो।** प्रखंड के निमतुर में पूजा समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर विभिन्न मार्ग होते हुए जलाशय पहुंची। जहां पंडित संतोष ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया ।विधि विधान से कलश में जल भर गया इसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची जहां पर कलश स्थापना किया गया ।16 फरवरी को नामकरण व अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा ।17 फरवरी को पूर्णाहूती और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।पुरोहित संतोष पंडित और यजमान की भूमिका में कृष्णा सिंह और उनकी धर्मपत्नी लीलावती देवी रहीं ।आयोजन को सफल बनाने में रामकिशोर सिंह,रामेश्वर सिंह,संतोष सिंह,चैतन्य सिंह,चैतू,लोधे,फगुआ सिंह,सावित्री देवी,सहोदरी देवी,मालावति देवी,लीलावती देवी,करमा सिंह,मुकरु सिंह,बजरंग सिंह,लालदेव सिंह,घनश्याम सिंह,बिरसमुनी देवी,के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंबाटोली में विधायक मद से चबूतरा शेड का कोलेबिरा विधायक ने किया उद्घाटन




● क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता नमन बिक्सल कोंगाड़ी

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत अम्बापानी गिरजाटोली में शनिवार को विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से चबूतरा शेड का उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा फीता काट कर किया गया। गांव वालों ने बताया कि बरसात एव धूप के दिनों में यहां पर कोई भी कार्यक्रम करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था ।जिसपर विधायक ने पहल किया। मौके पर मौजूद विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि पिछले कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने चबूतरा शेड का मांग किया था गरमी बरसात के समय में इस क्षेत्र के लोगों को असुविधा होती थी इसी को देखते हुए हमने चबूतरा शेड देने का काम किया ताकि ग्रामीणों को कोई भी असुविधा ना हो। क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है। अभी क्षेत्र में सभी जगह विकास का कार्य चल रहा है मुझे जानता ने जिस उम्मीद और विश्वास से चुना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपीन पंकज मिंज, विधायक नमन मोहम्मद कारू, अनील सुरीन, वाटर लुगुन, मुकुट डुंगडुंग, अजर कुल्लू, संजीत केरकेट्टा,भींसेंट डुंगडुंग, सुमित कीड़ों,विजय सोरेंग, मनीषा समद, याकूब कुल्लू, ज्योति तबीता बिलुंग, पवन केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**बानो।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में दूसरे थाना क्षेत्र से आए एक नाबालिग किशोरी शादी समारोह में शामिल होने के लिए मेहमान आई थी जहां अपने ममेरी बहन के साथ शादी समारोह स्थल से बाहर एकांत में बैठी थी ।इसी क्रम में शादी में आए हुए हथनंदा निवासी प्रीतम डांग और अभिजीत डांग दोनों युवक लड़कियों के पास गए और एक नाबालिग किशोरी को जबरदस्ती जंगल की ओर ले गए तथा सामूहिक दुष्कर्म किया ।घटना की जानकारी लड़की ने अपने परिजनों को दी परिजनों ने बानो थाना में आकर दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## दो ऑटो के बीच के टक्कर में दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल एक की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना अंतर्गत घुटबहार पंचायत के हगा मिसी चौक के समीप दो ऑटो के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिसकी जानकारी मिलते ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज घटनास्थल पर पहुंचे ।जानकारी के मुताबिक फेली समद,पति सनिचर समद एवं,अकिलन समद,बानो कनारोंआ के रहने वाले थे और अपने कुछ काम से सिमडेगा आए थे और वापसी के समय ठेठईटांगर थाना अंतर्गत घुटबहार पंचायत के हागा मिसी चौक के समीप एक अन्य ऑटो से जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें फेली समद का एक पैर का हड्डी टूट कर पूरी तरह अलग हो गया, एवं शनिचरा समद को माथे में गंभीर चोट लगी। वही प्रखंड प्रमुख सह कांग्रेस नेता बिपिन पंकज मिंज ने थाना एवं एंबुलेंस की मदद से घायलों को सदर अस्पताल सिमडेगा भिजवाया जहाँ पहले से विधायक प्रतिनिधि सम्मी आलम मौजूद थे और वहां उपस्थित होकर उनका बेहतर इलाज करवाने में सहयोग किया ।घायलों का स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने फेरी समद को तुरंत बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर कर दिया परंतु सुबह सूचना मिली कि फेरी समद का देहांत रांची के रिम्स अस्पताल में हो गई। मौके पर घुटबहार मुखिया नईमी समद, पंचायत समिति सदस्य अनिमा जोजोवार, पंचायत समिति सदस्य शांति समद, सामुएल समद, प्रिंस कुमार एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### 90 फीसदी किसान करते हैं धान की खेती, बदलाव की है आवश्यकता

# अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है एशिया का सबसे बड़ा डेयरी फार्म : विधायक



### मंत्री ने पशुपालन विभाग का भी लिया जायजा

कृषि मंत्री ने राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरिया करमा स्थित पशुपालन विभाग भी भ्रमण किया. इस दौरान स्थानीय विधायक श्री यादव ने पशुपालन विभाग की बदहाली की चर्चा करते हुए कहा कि अतीत में यह एशिया का सबसे बड़ा फॉर्म था. परंतु सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में यह बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है. उन्होंने मंत्री से बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए योजनाबद्ध तरीकों से उचित व्यवस्था की मांग किया. मंत्री ने विधायक की बातो को गंभीरतापूर्वक से सुनी और हर संभव सकारात्मक पहल की करने बात कही.

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा में राज्य का दूसरा प्रमंडलस्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ मुख्य प्रदेश के कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की और विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर कृषि विभाग के निदेशक विकास प्रसाद, भूमि संरक्षक निरीक्षक अशोक प्रसाद, हजारीबाग उप विकास आयुक्त इस्तायक अहमद, जिला कृषि अधिकारी, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, बीटीएम राकेश कुमार, आत्मा के अधिकारी, आईएआरआई के अधिकारी व कृषि वैज्ञानिक आदि सहित कई भारी संख्या में किसान और प्रबुद्धजन मौजूद थे. कृषि मंत्री ने कहा कि मेला आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को राज्य सरकार के योजनाओ से अवगत कराना और उसका अधिकाधिक लाभ दिलाना है. उन्होंने सरकार के कई योजनाओ पर चर्चा करते हुए किसानो को उसके लाभ लेने की सलाह दिया. इसके साथ ही राज्य को कृषि के क्षेत्र में उन्नत बनाने के लिए सभी प्रकार के कृषि पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में 90 फीसदी धान की खेती होती है. इसे परंपरा को बदलने की आवश्यकता है, तभी झारखंड कृषि के क्षेत्र में अग्रणी हो सकता है. उन्होंने अधिकारियो को किसानों तक सुलभ तरीको से केसीसी ऋण उपलब्ध करवाने की बात कही. साथ हीं आधुनिक कृषि प्रणाली से कृषि करने के लिए किसानों से भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों से संपर्क करने की सलाह भी दिया. इस अवसर पर उन्होंने मत्स्यजीवी सदस्य, पशुपालक और किसानो के बीच ऋण भी वितरित किए. विधायक श्री यादव ने स्थानीय किसानो के सिंचाई, ऋण आदि जैसे विभिन्न समस्याओं की चर्चा करते हुए उसके समाधान की मांग किया.

### बेंगाबाद में 11 दिवसीय विश्व कल्याण महायज्ञ कल से

**गिरिडीह।** बेंगाबाद के मानजोरी में विश्व कल्याणा यज्ञ 17 फरवरी से शुरू होगा. यज्ञ स्थल बाबा वंशानाथ प्रांगण में तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है. पूरा पंचायत क्षेत्र भगवा रंग में रंग गया है. मंदिर से करीब 10 किलोमीटर तक भगवा पताकाएं लहरा रही हैं. आकर्षक लाइटिंग से मंदिर परिसर जगमग कर रहा है. 27 फरवरी तक चलने वाले महायज्ञ में सभी अनुष्ठान बनारस व अयोध्या के विद्वान पंडितों की टीम संपन्न कराएगी. इस मौके पर प्रतिदिन रासलीला का भी मंचन होगा. 17 फरवरी को 1100 महिलाएं व कन्याएं कलशयात्रा निकालेंगी. कलशयात्रा में महिलाएं समेत अन्य श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ खंडौली डैम जाएंगे. वहां कलश में जल भरकर वापस मंदिर पहुंचेंगे. बाबा वंशनाथ मंदिर की स्थापना करीब 300 साल पहले हुई थी. स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां पर आपरूपी शिवलिंग प्रकट हुआ था. शिवलिंग को पत्थर जानकर लोग कई बार नदी में फेंक दिए और हर बार यह वापस उक्त स्थल पर आ जाता था.

### संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

# झामुमो की विचारधारा से जोड़ने के लिए लिया गया संकल्प : तस्लीम



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संगठन विस्तार और मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिरनी के बलिया, नगड़ी, कुम्हारपिटनी और कारूटांड़ में झामुमो युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष तस्लीम रजा द्वारा चलाए गए इस सदस्यता अभियान से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही, आगामी 4 मार्च को झामुमो के स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प भी संगठन की मजबूती को दर्शाता है। तस्लीम अंसारी ने बताया कि झामुमो के सदस्यता अभियान के तहत बलिया, नगड़ी, कुम्हारपिटनी और कारूटांड़ में बड़ी संख्या में नए सदस्यों को जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पार्टी को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को झामुमो की विचारधारा से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने आगामी 4 मार्च को झामुमो के स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने की अपील की और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में विश्वास रखने वाले सभी समर्थकों को इस अवसर पर जुटकर अपनी एकजुटता दिखानी चाहिए।

### वेंकटेश आयरन ने सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया एंबुलेंस



**रामगढ़।** वेंकटेश आयरन कंपनी द्वारा शनिवार को जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत एक एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने वेंकटेश आयरन द्वारा उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस वाहन की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर के तहत प्राप्त एंबुलेंस को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी में उपयोग किया जाएगा।

### खेलने के दौरान छत से गिरने से 6 वर्षीय बच्चे की मौत

**तिसरी (गिरिडीह)।** खेलने के दौरान छत से गिरने से एक 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। घटना तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीएसएनएल टावर के पास की है। मृतक 6 वर्षीय आदित्य कुमार पिता सुरेश विश्वकर्मा था। मिली जानकारी के अनुसार गांवा प्रखंड के माल्डा निवासी सुरेश विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ तिसरी के बीएसएनएल टावर के पास स्थित एक किराये के मकान में रहता था। वह चौक पर एक दुकान में काम किया करता था। शुक्रवार की शाम उसका 6 वर्षीय पुत्र आदित्य छत पर खेल रहा था। इसी क्रम में वह छत से नीचे गिरकर अचेता अवस्था में पड़ गया। हो हल्ला होने पर लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहाँ चिकित्सक ने उसे गिरिडीह रेफर कर दिया, इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### रेल से कटकर अधेड़ की मौत

**गांडेय।** महेशमुंडा रेल खंड के समीप शुक्रवार रात को एक अधेड़ की मौत ट्रेन से काटने से ही गई। मृतक की पहचान गांडेय थाना क्षेत्र के बडकीटांड गांव निवासी 52 वर्षीय वीरेन्द्र राम के रुप में की गई है। बता दें कि मृतक गिरिडीह स्थित किसी फार्म में गार्ड का काम करता था प्रतिदिन की तरह वह शुक्रवार की रात्रि को काम करके ट्रेन से वापस घर लौट रहा था । महेशमुंडा स्टेशन में ट्रेन से उतरने के क्रम में उसका पैर फिसल गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर बेगाबाद थाना के एएसआई सुरेन्द्र सिंह अपने दल - बल के साथ और रेलवे की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शनिवार को शव सुर्पद कर दिया। शव घर पहुंचते ही परिजन दहाड़ मार - मार कर रोने लगे। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार स्थानीय शमशान घाट में कर दिया। मृतक की पत्नी सहित 22 वर्ष और 18 वर्ष के दो बच्चे हैं।

### खोरीमहुआ में संयोजन मंडल का गठन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक आयोजित



**धनवार गिरिडीह।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के खोरी महुआ चौक के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित हुए साथ ही धनवार प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष की उपस्थिति में संयोजन मंडल का गठन करने का विचार विमर्श किया गया विचार विमर्श के बाद संयोजन मंडल का गठन किया गया झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा 4 मार्च को स्थापना दिवस की तैयारी हेतु विचार विमर्श किया गया और सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित होने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजनाओं की जांच में पकड़ी गई गड़बड़ियां

# अबुआ आवास और पीएम आवास में अयोग्य लाभुकों को मिली स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जमुआ प्रखंड के पोबी पंचायत में मनरेगा और अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी उजागर हुई है. प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव के नेतृत्व में उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी व बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम ने पंचायत की विभिन्न योजनाओं का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया तो कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए. योजनाओं में परत दर परत कलई खुल रही है. गड़बड़ियां को देख प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव मनरेगा कर्मियों पर बिफरे. उन्होंने कहा कि मनरेगा में लुट अब चलने नहीं दी जाएगी. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास और पीएम आवास में अयोग्य लाभुकों को स्वीकृति दी गयी है. योजनाओं के जांच में भारी गड़बड़ियां मिली, कहीं मजदूर नहीं तो कहीं दूसरे प्रखंड का मजदूर मिला, कहीं गढ़े में डोभा का आकार दे दिया गया. कहीं काम से ज्यादा भुगतान करा दिया गया.

### बिना डोभा निर्माण के राशि की हुआ भुगतान

बिना डोभा निर्माण के 73000 रुपए का भुगतान कर दिया गया.शीला देवी के जमीन पर डोभा निर्माण के पूर्व तालाब था. जिसमें सीढ़ी बनाकर डोभा का आकार दिया गया है. योजना में मजदूर का डिमांड डाला गया है परंतु मजदूर की उपस्थिति नहीं पाई गई . उक्त योजना में बोर्ड नहीं है और 80000 का राशि भुगतान कर दिया गया है. इसी क्रम में रिंकी देवी के जमीन पर डोभा निर्माण में दो बार काम प्रगति पर देखा गया परंतु गहराई ढाई फीट थी स्थल पर बोर्ड नहीं था और मजदूर दूसरे प्रखंड का मिला अप योजना में 80000 का भुगतान कर दिया गया. सिराज अंसारी के जमीन पर डोभा निर्माण डोभा के अनुरूप गहराई कम, डोभा के मुहाने पर जेसीबी के माध्यम से मिट्टी रखा गया है. योजना को रोजगार सेवक के द्वारा पूर्ण बताया गया भुगतान भी लगभग 230000 किया गया है. जागुन बीवी के जमीन पर डोभा संबंधित रोजगार सेवक ने पूर्ण बताया जबकि आज की तिथि में उसकी डिमांड डाला गया है और स्थल सत्यापन पर डोभा की गहराई योजना के अनुरूप नहीं पाया गया।

### होटल संचालक के घर में लगी आग, सिलेंडर ब्लास्ट, लाखों का नुकसान

**धनबाद।** धनबाद के भुईफोड़ मंदिर स्थित एक होटल के संचालक के घर में भीषण आग लग गयी. यह घटना विगत शुक्रवार रात की है। शॉर्ट सर्किट होने की वजह से हुई. आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी. इस अगलगी में होटक संचालक बबलू पासवान (शांतनु) को लाखों का नुकसान हुआ है. प्राथमिक अनुमान के मुताबिक, इस घटना में करीब 20 से 25 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी है. हालांकि सही आंकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. बबलू पासवान एक होटल के संचालक और समाजसेवी हैं. उनका निरसा व बरटांड में गैस एजेंसी का भी व्यवसाय है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि करीब 8:45 बजे शॉर्ट सर्किट होने की वजह से एक कमरे में आग लग गयी. फिर गैरेज होते हुए घर के ऊपर के हिस्से तक पहुंच गयी और विकराल रूप ले लिया. आग लगने के कारण स्टोर रूम में रखा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया.

### तीन वर्षों से बिजली के अभाव से ग्रस्त गांव में लगा ट्रांसफार्मर

# अंधेरे को मिटाने में युवामंडल सफल घर हुए रौशन, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** देवरी प्रखंड अंतर्गत घसकरीडीह पंचायत के बाल मित्र ग्राम करमाटांड़ में सभी ग्रामवासी 3 वर्षों से बिजली के अभाव में अंधेरों में रहने को विवश थे। बच्चों की पढ़ाई पर इसका काफी बुरा प्रभाव पड़ा, बच्चे रात्रि में आज भी इस 21 वि सदी में भी ढिबरी की रौशनी में पढ़ने और रहने को विवश थे। विदित हो कि, 2023 से बाल मित्र ग्राम का कार्य कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ किया गया था, प्रारंभ से ही इस मुख्य समस्या के समाधान के लिए सभी को प्रेरित किया जाने लगा, संचालित बाल मित्र ग्राम कमाटांड में गठित हितधारक समूह युवा मंडल, बाल मित्र ग्राम समिति, महिला मंडल के सदस्यों की अगुवाई में प्रखंड विद्युत विभाग को आवेदन देकर समस्या के समाधान के लिए पहल की गई, लेकिन इस समस्या का समाधान तुरंत नहीं हो पाया, इसके पूर्व ग्रामीणों ने आस छोड़ दी थी कि अब उनके यहां बिजली जल पाएगी, लेकिन युवा मंडल के सदस्यों को लगातार सहयोग करते हुए, क्षेत्रीय कार्यालय सहित जिला कार्यालय तक आवेदन देकर बिजली व्यवस्था सुधार की गुहार लगाई गई। लगातार प्रयास को मिली सफलता और एसडीओ खरगडीहा से मिलने के 2 महीने के अंदर ही लगातार प्रयास के बाद (13 फरवरी) को बिजली कार्यालय गिरिडीह से ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया है, युवा मंडल सदस्य सह पंचायत उप मुखिया सदस्य दिनेश बेसरा की अगुवाई में ग्रामीणों ने चंदा करके गाड़ी के माध्यम से ट्रांसफार्मर, गिरिडीह से कमाटांड़ लाया गया, ट्रांसफार्मर देखकर सभी ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## न्यूज बॉक्स

### इलाज के लिए जा रहा परिवार दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल



**तिसरी।** पत्नी के इलाज के लिए जा रहे थे पति और उसकी माँ,फिर ऐसी दुर्घटना हुई कि सभी अस्पताल के बेड पर पहुंच गए। घटना गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र की है। दरअसल तिसरी के दीवानजोत के रहने वाले 35 वर्षीय उमेश राय, उसकी पत्नी किरण देवी और उसकी माँ अमिया देवी एक बाईक पर सवार होकर ककनी के किसी डॉक्टर के यहां जाने को निकले थे। इसी दौरान कलवा नदी के आगे मोड़ के पास एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से बुरी तरह घायल होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी पहुंच गए। जहाँ डॉक्टर जैनेन्द्र और स्वास्थ्यकर्मी प्रशांत व रंजीत ने उनका इलाज किया।

### यूसिल सीएमडी क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, छह टीमें ले रहीं हैं भाग



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा के यूसिल में सीएमडी क्रिकेट ट्रॉफी टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को हुआ. टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भाग ले रहीं हैं. एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में यूसिल अधिकारी क्रिकेट में अपनी दक्षता दिखाएंगे. मैच यूसिल कॉलोनी फुटबॉल मैदान में खेले जा रहे हैं. इसके लिए फुटबॉल मैदान में विशेष लाइट की व्यवस्था की गई है. टूर्नामेंट के लिए तैयार छह टीमों में जादूगोड़ा माइंस टीम के कप्तान सीएमडी डॉ संतोष कुमार सथ्पति बनाए गए हैं. इसी प्रकार जादूगोड़ा मिल टीम के कप्तान मनोज कुमार (तकनीकी निदेशक), लेखा विभाग टीम के कप्तान वित्त निदेशक विक्रम केसरी दास, तुरामडीह मिल के कप्तान एचओडी चंचल मन्ना, तुरामडीह माइंस टीम के कप्तान एमके सिंह बनाए गए हैं. कार्यकारी निदेशक एमके सिंह, कंपनी सचिव बीसी गुप्ता, पर्सनल के एचओडी राकेश कुमार, लेखा विभाग के एचओडी टीके मुखर्जी, एचओडी सिविल आरके मिश्रा, एचओडी संपदा विभाग प्रभाष रंजन, एचओडी स्टोर सुप्रीयो सरकार व एमके स्वेन को टूर्नामेंट में खास जगह दी गई हैं. 10 साल पहले हुई थी टूनार्मेंट की शुरूआत यूसिल सीएमडी क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत 10 साल पहले की गई थी. इसकी पहल तत्कालीन सीएमडी दिवाकर आचार्य ने की थी. इस परंपरा को मौजूदा सीएमडी डॉ सथ्पति निभा रहे हैं.

### झामुमो नेता की मां के श्राद्धकर्म में शामिल हुए विधायक जगत मांझी



**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर विधायक जगत मांझी शनिवार को पोड़ाहाट गांव पहुंचे. यहां उन्होंने झामुमो कार्यकर्ता अजीत राउत व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक राउत की माता भवानी राउत के श्राद्धकर्म में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि दी. मालूम हो कि विगत दिनों भवानी राउत का निधन हो गया था. विधायक ने स्वजनों से मुलाकात की और भवानी राउत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया. मौके पर रामगोपाल जेना, अशोक राउत, हेमचंद महतो, कुलदीप महतो, चक्रधारी साहू, सूरज मोहंती, राज कुमार राउत, संजीत राउत, मनोज राउत, रमेश बोदरा, रामप्रेस महतो, ओंकार महतो, सुभाष महतो समेत अन्य मौजूद थे.

# पुलिस ने चोरी करके भाग रहे चोर को पकड़कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** 15 फरवरी की रात 1:00 बजे बिरनी प्रखंड के मरकोडीह गांव में वाहन चोरी की घटना हुई। अजीत कुमार साव ने चोरों को वाहन चोरी करते देखा और शोर मचाया, जिससे चोर मालवाहक वाहन लेकर भागने लगे। सूचना मिलने पर रात्रि गश्ती पुलिस ने बरहमसिया चौक पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और पूछताछ के लिए बिरनी थाना लाया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद मनु (24 वर्ष) और मोहम्मद दिलशाद अंसारी (21 वर्ष) के रूप में हुई, जो गोमो थाना तिलैया, जिला कोडरमा के निवासी हैं। तलाशी के दौरान, उनके पास से एक ट्रैक्टर से चुराई गई बैटरी बरामद हुई। अजीत कुमार साव की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। इस घटना की जानकारी एसडीपीओ धनंजय राम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।इस छापेमारी में बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज, पु०अ०नि० देवानंद कुमार, सा०अ०नि० शंभू प्रसाद, और बिरनी थाना की पुलिस टीम शामिल थी। इनकी तत्परता से ही चोरों को पकड़ने में सफलता मिली।

### होटल संचालक के घर में लगी आग

# सिलेंडर ब्लास्ट, लाखों का हुआ नुकसान

**नवीन मेल संवाददात। धनबाद** धनबाद के भुईफोड़ मंदिर स्थित एक होटल के संचालक के घर में भीषण आग लग गयी. यह घटना विगत शुक्रवार रात करीब 8:45 बजे शॉर्ट सर्किट होने की वजह से हुई. आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी. इस अगलगी में होटक संचालक बबलू पासवान (शांतनु) को लाखों का नुकसान हुआ है. प्राथमिक अनुमान के मुताबिक, इस घटना में करीब 20 से 25 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी है. हालांकि सही आंकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. बबलू पासवान एक होटल के संचालक और समाजसेवी हैं. उनका निरसा व बरटांड में गैस एजेंसी का भी व्यवसाय है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि करीब 8:45 बजे शॉर्ट सर्किट होने की वजह से एक कमरे में आग लग गयी. फिर गैरेज होते हुए घर के ऊपर के हिस्से तक पहुंच गयी और विकराल रूप ले लिया. आग लगने के कारण स्टोर रूम में रखा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया. धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग को फैलते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी. कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया. स्थानीय पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचा और आग बुझाने में मदद की. बताया जाता है कि बबलू पासवान किसी शादी समारोह में शामिल होने निरसा गये थे. हालांकि बाकी सदस्य घर के अंदर ही थे. हालांकि बबलू पासवान को जब सूचना मिली कि घर में आग लग गयी है. तो उन्होंने तुरंत घर में फोन कर सभी सदस्यों को तुरंत बाहर निकलने के लिए कहा. उनके इस सूझबूझ के कारण एक बड़ी जनहानि टल गयी.

### कतरास में सड़क किनारे झाड़ियों में मिला बीसीसीएल कर्मी का शव

**धनबाद।** धनबाद जिले के कतरास इलाके में शनिवार की सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला. युवक औंधे मुंह पड़ा मिला. युवक की पहचान शंकर भुईयां के रूप में हुई है. वह मूल रूप से जहानाबाद का रहने वाला था और अपनी ससुराल गजलीटांड में रहकर बीसीसीएल कतरास एरिया में ड्यूटी करता था. स्थानीय लोगों की सूचना पर कथरास थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसर स्थानीय कुछ लोग सुबह में शौच के लिए जंगल की ओर जा रहे थे. तभी उन्होंने सड़के किनारे झाड़ियों में पड़े शव को देखा. खबर फैलते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई ओर मामले की जानकारी किसी ने कतरास थाने को दे दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा. वैसे, पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है.



## ख़ुशी के क्षण

# नवयौवन

नवयौवन!!!!
एक अभिन्न आनंदमय अनुभूति,
जिंदगी के स्वर्णिम पल ,
एक सुखद आत्मानुभूति,
बिल्कुल निशब्द....
आज!!!!
उस नवयौवना के ..
पैर जमीं पर न थे!
इस नवयौवना के!!
जो कली से कब फूल बन गई,
खुशबू से सराबोर हो गई,
उसके सामने संपूर्ण आसमान था,
जहाँ उसका स्वछंद हृदय,
स्वतंत्र खग की तरह ,
विचरण कर रहा था,
बचपन कब बीत गया !
वो !
खुद अनजान थी.......
मुख पे गुलाबी आभा जन्म ले चुकी थी,
बिल्कुल गुलाबी कमल फूलों सी,
उसकी जुल्फें चेहरे पे,
चार चाँद लगा रहे थे,
उसके कजरारे नैन,
बोल पड़े थे,
संपूर्ण मुख मंडल ,
जैसे !
देदीप्यमान हो चला था,
तन-मन ईश्वरीय आभा से,
अभितृप्त हो चला था,
मन मयूर जाग उठा था,
अब !
मन मचलने लगा था,
अपने उभरते उरोजों,
और !
यौवन पे शरमा गयी थी,
गुलाबी होंठ जैसे बोल पड़े थे,
शब्द मन में फूट पड़े थे,
कुछ पंक्तियाँ मचलती रही.....
कोरे मन पर उतरती रही........
बिल्कुल अनजान सी,
खुद से बेखबर,
पर !
कोरे कागज पे उतर न सकी,
उतरने मचलती रही.......
पर उतर नहीं पाती,
क्यों?
क्या स्वयं से अनजान थी ?
वह स्वयं मूक थी ??
या.....
पंक्तियाँ लयबद्ध न हो पाई ???
क्यों !
क्यों उतर नहीं पाती !
क्या अपने यौवन पे शरमा गई ????



**पद्मा प्रसाद "विन्देश्वरी"**

## धरोहर

# सोहराई कला





**रीना सिन्हा सलोनी**

धरोहर- सोहराई कला झारखंड का छोटा सा गाँव चिरूडीह सोशल मीडिया पर देखा था इस गाँव के बारे मेंमिट्टी और ईंटों से बने छोटे छोटे झोपड़ीनुमा घर और उनकी दीवारों पर उकेरी सुंदर सोहराई चित्रकला जिसे देखने की उत्कंठा हमें ले चली जमशेदपुर और राँची के बीच बसे इस अनजान गाँव की ओर तमाड़ के मुख्य मार्ग से उतर कर पतली सी पक्की सड़क के साथ चलते हुए, दो तीन छोटे छोटे गाँवों को पार कर हम आ पहुँचे थे चिरूडीह सड़क के दोनों ओर दूर-दूर तक फैले धान, टमाटर तथा अन्य सब्जियों के खेत, छिटपुट जंगल-झाड़ियों और पहाड़ों से घिरा चिरूडीह गाँव झारखण्ड के आम गाँवों जैसा ही थावही खेत-खलिहान और मवेशियों का झुंड और भोले भाले सरल लोग बस अलग है तो यहाँ के घरों की मिट्टी की दीवार पर बनाई गई अनोखी सोहराई चित्रकला जिसे बनाया था यहाँ की महिलाओं, लड़कियों और युवकों नें काले, पीले, गेरुला, सफेद आदि रंगों से बनी ये सुंदर आकृतियाँ बरबस ही देखने वालों का मन मोह लेती हैं। गाँव पहुँचते ही यहाँ के बच्चों ने हमें घेर लिया और धीरे धीरे और भी कुछ लोग जुट आए इन लोगों नें गाँव की चित्रकार लड़के-लड़कियों और महिलाओं से न सिर्फ हमारा परिचय कराया बल्कि जोहार बोलकर पारंपरिक तरीके से हमारा स्वागत भी किया। एक स्त्री पीतल के बड़े से लोटे में हाथ मुंह धोने के लिए ठंडा पानी ले आई और हमें बड़े प्रेम से रस्सी की बुनी खटिया पर बिठाया। यहाँ हमारी मुलाक़ात हुई मनीष कुमार महतो जी से हुई जो राष्ट्रीय स्तर के चित्रकार हैं एक बहुत ही कर्मठ और सकारात्मक सोच वाले युवा जिन्होंने इस सोहराई कला को आगे का बीड़ा उठाया है इनसे ही मार्गदर्शन और प्रेरणा लेकर गाँव की कई महिलाओं और लड़कियों ने इस चित्र कला को न सिर्फ सीखा है बल्कि गाँव की दीवारों को बड़े ही सुंदर तरीक़े से सजाया है । इन लोगों ने ही न सिर्फ सोहराई चित्रकारी करने, बिंदेश्वरी देवी, रेखारानी महतो , काजल कुमारी, गलेशवरी देवी,अमृता कुमारी, नमिता कुमारी, सीता कुमारी, रंगवाला देवी , पूजा कुमारी, रेश्मा कुमारी, यमुना देवी, रीना कुमारी, पुष्कर महतो, पवन मुंडा, रंजीत महतो, नरेंद्र मुंडा आदि प्रमुख हैं । इन्होंने हमें बताया कि यहाँ के लोग मुख्यतः खेती करते हैं और उपज को पास ही के तमाड़ के टमाटर बाजार में बेच आते हैं विकास के नाम पर बिजली और बोरिंग का पानी गाँव तक आ पहुँचा है और कहने को आठवीं तक की कक्षा वाला एक सरकारी स्कूल भी है लेकिन उसमे फिलहाल कोई शिक्षक नहीं है बच्चे या तो पास के किसी प्राइवेट स्कूल में जाते हैं या किसी ट्यूशन टीचर से पढ़ने को मजबूर हैं। यहाँ के घरों की दीवारें कच्ची हैं पर धान फटकती और कूटती स्त्रियों के इरादे पक्के हैं इन्हीं स्त्रियों नें काम धंधे के बाद वक्त निकालकर अपने और अपने आस पड़ोस के घरों की दीवारों को सुंदर चित्रकारी से सजाया है। सोहराई कला एक प्राचीन आदिवासी कला है जिसका प्रचलन आज से कई वर्ष पूर्व झारखंड के हजारीबाग के बादम क्षेत्र से शुरू हुआ।सोहराई चित्रकला आदि काल से त्योहारों, विवाह और फसल के कटाई की खुशी में महिलाओं द्वारा अपने घरों की मिट्टी की दीवारों पर बनाई जाती थी। सोहराई पेंटिंग्स में मुख्यतः प्रकृति और पशु पक्षियों की आकृतियों का समावेश होता है जिसे बनाने के लिए मिट्टी, कोयला और गाय के गोबर आदि से बने प्राकृतिक रंगों का प्रयोग होता है। इन पेंटिंग्स को बनाने के लिए स्थानीय पेड़-पौधों के तनों और उँगलियों को ब्रश के रूप में किया जाता है। इन महिलाओं ने बताया कि इन दिनों समय के आभाव में सोहराई पेंटिंग्स में प्राकृतिक रंगों का स्थान कृत्रिम रंगों ने ले लिया है पर इसके बनाने की कला वही प्राचीन है। अपने आस पास पाए जाने वाले पेड़-पौधे, बेल, लताओं के साथ साथ मोर, हिरण, हाथी, स्त्री-पुरुष और विभिन्न आकृतियाँ इस कला का मुख्य अंग होती हैं। सबसे पहले घर की दीवार को अच्छे के लीप पोत कर साफ सुथरा कर लिया जाता है, फिर खड़िया से उसपर मनपसंद आकृति बनाई जाती है जिनमें ये महिलाएँ उँगलियों, लकड़ी की कूचियों या ब्रश की मदद से भूरे, काले, पीले, सफेद रंगों को भरती हैं और तब जाकर तैयार होती है यह सुंदर चित्रकला। अपने आप में अनोखी सोहराई पेंटिंग्स न सिर्फ झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है बल्कि आदिवासियों के प्रकृति, जंगल और विभिन्न जीव जंतुओं से जुड़ाव को भी इंगित करती है। सोहराई पेंटिंग्स को GI tag भी मिला हुआ है। इन सबके बावजूद बदलते परिवेश में आदिवासियों की सोहराई चित्रकला दुर्भाग्यवश अपना अस्तित्व खो रही है। आधुनिकता के नाम पर उपेक्षा की नजरों से देखे जाने के कारण इस कला को बनाने वाले अब गिने-चुने लोग ही रह गए हैं। ऐसे में चिरूडीह जैसे छोटे से गाँव के मनीष महतो एवं अन्य लोगों द्वारा अपने व्यस्त जीवन शैली में भी झारखंड की इस प्राचीन सोहराई चित्रकला को पुनर्जीवित करते देखना अत्यंत सुखद था सीमित संसाधनों में भी गाँव की महिलाओं द्वारा इस अनमोल धरोहर को सहेजने और आगे बढ़ाने का प्रयास निश्चय ही अत्यंत सराहनीय है पर आज इस कला को और भी आगे लाने की जरूरत है इन कलाकारों की चित्रकला को गाँव से बाहर लाकर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शनी लगाई जानी चाहिए ताकि इन लोगों को इस कला के माध्यम से पहचान और रोज़गार मिले और ये कलाकार भी मुख्य धारा से जुड़ सकें।

**संयोजन - नरेश अग्रवाल**

# मकबरा व गंगा का घाट



**सुरेश चद्रं झा**

करीब करीब प्रतिदिन सी संध्या। कभी अकेला कभी चार पांच मित्रों का संग। पर स्थान नियत था,गंगा के सीढ़ी घाट की वे सीढियां जो नदी के बहाव से थोड़ी ऊपर होतीं और जहाँ से हम छोटे छोटे कंकर पानी में फेंक सकते थे । कहीं कभी कोई मछली उछलती तो उसको निशाना बनाकर कंकर फेंकने का सिलसिला चलता जबतक कि कोई डॉल्फिन दिख न जाये। आज समय के बहुत लंबे अंतराल के बाद खाली खाली सड़कों और खजूर के जंगल की बजाय इमारतों के जंगल के बीच से गुजरता मैं उसी घाट पर था, जो कभी अपना लगता था,चालीस पैंतालीस वर्षों पश्चात सीढ़ियां तो वही थीं पर मेरी गंगा सिकुड़ गई थी डॉल्फिन थे मछलियां भी थीं पर वो नैसर्गिकता ही विलुप्तप्राय थी। पुरानी आदतें यदि बचपन की हो या वय:संधि की,सदा साथ रहती हैं। धुंधलका हो गया तो उठकर सीढ़ियों की ओर बढ़ा और सीढियां चढ़ मंदिर के सामने आ खड़ा हुआ। संध्या आरती हो रही थी,घण्टियों के स्वर वातावरण में पवित्रता का नैसर्गिक सा वातावरण बना रहे थे,महंत जी के सहायक घण्टी बजाते बजाते ठिठक से गए, मेरी ओर देखा,आंखों में पुराने परिचय की चमक कौंधी और इशारा किया रुकने का और फिर संध्या आरती में व्यस्त हो गए। थोड़ी देर बाद,वह आये,थोड़ा ठाकुरजी का भोग लेकर। चरण स्पर्श कर मैंने कहा-हाँ आता भी हूँ तो यहां घाट या मन्दिर तक आ ही नहीं पाता। देखो, समय कितना बदल गया, कहीं एक रत्ती भर जमीन नहीं बची वो खजूर बन, बगीचा सब खत्म। सिर्फ मकान और फ्लैट। बस मकबरा बचा है जहां तुमलोग बैठा करते थे। मकबरे की ओर देखा, धुंधलके में ऐसा लग मानो अतीत धीरे धीरे धुँध में खो रहा हो। यह वही मकबरा है,जहाँ सीढ़ी घाट से लौटकर हम सभी मित्र बैठा करते। इस मकबरे में कुछ, तकरीबन चालीस सीढ़ियां हैं जो ऊपर की बारादरी में ले जाती हैं। सम्भवत: यह मकबरा औरंगजेब के भाई शाह सूज़ा के द्वारा बनवाया गया था, किसी पटरानी की याद में। यह क्षेत्र शाह सूज़ा को ओरंगजेब ने दिया था बंगाल और ओडिसा के साथ। शायद, यहां के मुख्य बाजार का नाम भी इसीलिए शुजागंज है। इसी मकबरे पर बैठकर शरत बाबू की लेखनी प्रस्फुटित हुई थी। वो शरत बाबू की बातें फिर कभी। हमलोगों को भी यह स्थान उतना ही प्रिय था जितना संभवत: शरत बाबू को रहा होगा । यहाँ से खजूर बन्ना और उससे लगती नीचे गंगा माँ की धारा,मन को मंत्रमुग्ध कर देते। हम लोग जाने कितनी देर तक शांत सुरम्य वातावरण में प्रकृति को आंखों में भर उसकी सुरम्यता को अंतरात्मा तक भरने का प्रयत्न करते। नीचे के मेहराब खण्डों में पहले भी कुछ दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर और कुछ रिक्शा चलनेवाले अपना बरसाती नुमा आशियाना बनाकर रहते थे, उनमें एक था मंगल। आज वर्षों बाद उसे देखा हमने। अरे, मंगल ही हो न तुम पूछ ही लिया हमने मंगल की कमर झुक गई थी,बच्चे बड़े हो गए थे,पत्नी शायद अब नहीं रही। दुनियावी मोह माया को त्याग नश्वर संसार से कूच कर चुकी थी। मंगल देर तक रोता रहा सम्भवत: मैंने पत्नी के बारे में पूछकर उसकी दुखती रग को छू दिया था। मंगल ने बताया कि मंदिर के महंत जी ने आधा खजूर बन्ना, हथिया लिया था मन्दिर के नाम पर और तकरीबन पन्द्रह कट्ठे जमीन पर फ्लैट्स बनवाकर एक कॉम्प्लेक्स बनवा लिया था । सारे कागज फर्जी और जुगाड़ से बनवाये हुए,सरकारी जमीन थी तीस फीट नीचे गंगा का बहाव और बगल में कॉम्प्लेक्स की चहारदीवारी। बोला गरीब तो हम भी थे साहेब,पर क्या मकबरे के आसपास तक कि किसी जमीन पर हक़ जताया क्या ? आज भी उसी मेहराब में रहते हैं,हम ही नहीं ये सारे मेरे साथ के पूरे बाशिंदे ।मैं देखता रहा उसकी आँखों में छिपे सत्य की चमकार को। तो,आजकल मन्दिर के महंत कौन हैं? महंत तो वही हैं साहेब, पर अब दो सहायक महंत हैं जो पूजा पाठ और मन्दिर के प्रबंधन को संभालते हैं। मैं सोचता रहा आदमी की नीयत और फिदरतें कैसे बदल जाती हैं वक्त के साथ। घर की ओर कदम बढ़े, घर तो अब घर ही न था, एक कॉम्प्लेक्स बन चुका था, बाबूजी और दीदी (मां) के नाम के पहले लेटर्स के साथ, जे बी पैलेस। जब वो सचमुच का पैलेस था तब तो वो घर था हमारा। शानो- शौकत ही कुछ और थी, उस पैलेस की और आज जब वो पैलेस ही जमींदोज होकर कॉम्प्लेक्स की शक्ल अख्तियार कर चुका तब उसका नाम रखा गया जे बी पैलेस। यथार्थ की अजीब विडम्बना थी। पर सच तो यही था जो सम्मुख था अपने बहुमंजिले स्वरुप के साथ। भारी कदमों के साथ लिफ्ट में सवार हो अपने फ्लैट तक आया और निढाल हो कुर्सी पर पसर गया । जीवन के खुलेपन की सारी अनुभूतियाँ फ्लैट की दीवारों में सिमटकर रह गई थी और उन दीवारों पर न गुजरे वक्त की कोई दास्ताँ थी और न थे अतीत के निशाँ । अतीत मुंह छिपाता रहा और वर्तमान ठहाके लगाता रहा ।

# त्रिवेणी तट

त्रिवेणी का करने दर्शन।
जाने का हमको भी है मन।।
जहाँ मिले गंगा और जमुना।
कुछ पल को चित तुम भी थमना।।
कुछ गोते में उसमें लगाऊ।
जीवन के हर कष्ट मिटाऊ।।
कृपा प्रभु की जो मिल जाती।
खुशियां जीवन में खिलजाती।।
चित में कितना हर्ष समाया।
शब्दों में दिल कह नहीं पाया।।
बजरंगी को शीश नवाऊं।
मन का कुछ मैं हाल सुनाऊ।।
रहे न मन में दुविधा कोई।
जागे फिर किस्मत ये सोई।।
कर्म क्षेत्र में मैं रम जाऊं।
तब जीवन का सुख मैं पांऊ।।
पाप नाशनी गंगा जमुना।
करना हम पर भी तू करुना।।
तेरी भक्ति में रम जाऊं।
तब जीवन का अर्थ मैं पांऊ।।
भूल चूक जो हुई हो हमसे।
मांग रही मैं क्षमा हूं तुमसे।।
बालक मैं नादान आप की।
क्षमा मांगती सभी पाप की।।
शरण तिहारी मैं आई हूं।
विनती चित में कुछ लाई हूं।।
करो याचना मैं भगवान।
गाऊँ तुम्हारे हूँ गुणगान।।
गंगा जमुना बहती कल-कल।
चित हर्षाती सबका पल-पल।
मात सरस्वती लुप्त रहती।
हो उधर सभी का कहती।।
त्रिवेणी में शीश नवाओ।
जीवन के हर कष्ट मिटाओ।।
मां ममता के सागर देती।
नहीं कभी कुछ तुमसे लेती ।।



**पूनम शर्मा स्नेहिल**

## काव्य कोना

# बियाबान में गुनगुनाना

रात की धड़कनें निशब्दता को आवाज दे रही
तारे की टिमटिमाहट उनका साथ दे रही
बड़े जुगत से हमने सुलाया इन्हें, फिर भी
हमारे सपने हम से पहले जाग जा रहे हैं।
बाजार में आज चारों तरफ सन्नाटा पसरा है
कोई जुलूस भी तो निकला नहीं बाजार से
आवाज़ों को बड़ी मुश्किल से चुप करवाया
मूक चेहरे खुद ही आवाज देने लगे हैं।
बियाबान जंगल में टिटहरी की टी-टी खो गई
ज़माने भर की परेशानियाँ साथ में आवाज देने लगीं
गीतों को बहुत तकलीफ़ हुई चुप होने में
बोल खुद ही बियाबान में गुनगुनाने लगे।

**नाग मणि**

# जड़



**डॉ आकांक्षा चौधरी**

बड़े भैया की आवाज़ फोन के दूसरी तरफ़ से आई और कानों में पिछले कुछ दिनों की गूंज चैतन्य हो गई। छह भाई बहनों में सबसे छोटा मैं मां का सबसे दुलारा और अजीज़ था। अब डिमेंशिया के धुंधलके में मां मुझे भी नहीं पहचानती तो वहां भागलपुर की बड़ी कोठी में अकेले नौकरों के साथ कैसे रहती? सबकी सहमति बुझे मन से तो थी ही कि, अब बाबूजी की आखिरी निशानी इस कोठी को बेच ही देना चाहिए। सबने पावर आफ एटार्नी बड़े भैया को दे दी और रिश्तेदारों की गिद्ध नज़र भी प्रापर्टी पर जम गई। "छोटे, तू सुन भी रहा है कि नहीं!" भैया की आवाज़ से मेरी तंद्रा भंग हुई। भैया कह रहे थे- "छोटे, चार महीने बाद रिटायरमेंट है। मैं भागलपुर में ही रहूंगा मां के साथ। मां का सबसे ज्यादा अधिकार है बाबूजी की यादों पर। अब कुछ हो जाए, मेरा फैसला अडिग है। मैं मां के साथ घर पर रहूंगा। हमारा घर नहीं बिकेगा।" "पर भैया, भाभी तैयार होंगी क्या बंगलोर छोड़ने के लिए?" मैंने सशंकित स्वर में पूछा। भैया का दो टूक जवाब आया- "जड़ कट जाए तो क्या पत्तियां बलखा सकतीं हैं, छोटे! मैं मां को उसके आखिरी पलों में उसकी सांसों से जुदा करने का पाप नहीं करुंगा। मैं मां के साथ घर पर ही रहूंगा और तेरी भाभी अपने बेटे के साथ मुंबई शिफ्ट हो जाएगी। यह हमदोनों का संयुक्त फैसला है।" भैया की बातों का विश्वास अब मेरे मन के कोने में भी लहरों की तरह हिलोरें मारने लगा। "क्या जड़ के बिना पत्तियां बलखा सकतीं हैं?"

# आया बसंत



**खुशबू बरनवाल 'सीपी'**

आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है ॥
पीली सरसों महके चारो ओर हैं।
प्यारी चिड़िया चहके चारो ओर हैं।
छाई दुनिया वसंत, कसक दिल ने पाया है।
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है।
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।।
लेकर सुगंध बहता सन-सन पवन है।
यह जग सुकंत कहता उपवन धवन है।
छाई शोभा अनंत, गया पतझड़ साया है।
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है।
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।।
भौरें गाते हैं, गुनगुनाते हैं।
सुरभित सुमनों पर मँडराते हैं।
देखो स्नेहिल सुगंध, यहाँ भी दर्शाया है। यह मन मेरा मलंग नहीं बिरहा भाया है।
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।।

## व्यंग्य वार्ता

# साहित्य में शॉट्र्स और रील्स काल



**ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र**




आजकल विश्व का साहित्य और उसके साथ हिंदी साहित्य भी एक संक्रमण काल से गुजर रहा है। जब से कोरोना काल बीता है, तब से संक्रमण कहने में भी डर लगता है। इसलिए हम उसे रूपान्तरण या अवस्थान्तरण काल कह सकते हैं। हिंदी साहित्य में साहित्यिक प्रवृत्तियों के आधार पर काल को चार भागों में बाँटा गया हैः आदिकाल, भक्तिकाल, रीति काल और आधुनिक काल।

मेरी समझ में आधुनिक काल जिसमें हम लोग अभी जी रहे हैं, वह कई कालों को स्वयं में समाहित किए हुए है। उसमें सबसे अर्वाचीन शॉट्स या रील्स काल है।

शॉट्स की सुविधा यूट्यूब द्वारा और रील्स की सुविधा फेसबुक द्वारा प्रदान की गई है, जिसमें अधिकतम डेढ़ मिनट में कुछ ऐसा कहना या दिखना - दिखाना होता है कि सुनने या देखने वाला बस कह उठे 'वाव' (Wow) या वाह! अभी साहित्य में भी कुछ ऐसी ही प्रवृत्ति देखने में आ रही है। पाठकों का एक वर्ग यह चाहने लगा है कि कुछ ऐसा लिखा मिल जाय, जिसे कुछ मिनटों में ही पढ़कर बस कह उठे 'मजा आ गया', 'क्या धाँसू लिखा है'। इसे कहेंगे 'फटाफट मजा काल', या 'इंस्टेंट मजा काल'। आप अपने लेखन को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डालते हैं, ताकि लोग उसे पढ़े और अपने विचार दे सकें। अभी हो क्या रहा है? आपने अपना लेखन सोशल मिडिया पर डाला नहीं कि उसपर लाइक्स और व्यूज की वर्षा होने लग जाए। यही अपेक्षा रहती है। इसके लिए आप उसे अपने मित्रों और सम्बन्धियों को टैग भी करते हैं। जैसे क्रिकेट के T-20 फॉर्मेट में रनों की बरसात हो रही हो, तो दर्शक अपना पैसा वसूल समझता है, वैसे ही साहित्य को पढ़कर बस मजा आ जाए, तो टाइम का निवेश व्यर्थ नहीं गया, ऐसा माना जाने लगा है। व्यूज और लाइक्स को हम क्रिकेट के 'रन' जैसा समझने लगे हैं। अब लाइक्स और व्यूज रूपी 'रन' को ही रण के मानक के रूप में मानने लगे हैं और सोशल मीडिया को रणस्थली समझने लगे हैं। परेशानी तब होने लगती है, जब देखते हैं कि हमसे घटिया कंटेंट डालने वाले अन्य साहित्यकारों को अधिक व्यूज और लाइक्स मिल रहे हैं। हमने भी तो शॉट्र्स फॉर्मेट में ही अपनी रचना डाली थी। लगता है कि उनका शॉट्स मेरे शॉट्स से भी शार्ट था, इसीलिये उनके व्यूज और लाइक्स अधिक हैं।

लोगों के पास मोबाइल पर फिजूल के शॉट्स और रील्स देखने का समय है, लेकिन बढ़िया कंटेंट को पढ़ने का समय नहीं है. यह तो वही बात हुई कि लोगों को पान, गुटखा, सिगरेट पर खर्च करने के लिए पैसे हैं, लेकिन किताबें खरीद कर पढ़ने के पैसे नहीं हैं। लोग OTT (नेटफ्लिक्स, जी 5, अमेज़न प्राइम ) को सब्सक्राइब करने, सिनेमा हॉल में पैसे खर्च कर सिनेमा देखने, पैसे खर्च कर आई पी एल के मैच देखने के लिए धन राशि है, किताबें खरीदने के लिए पैसे नहीं है। और कहेंगे यार पढ़ने लायक कुछ छप ही नहीं रहा है।

कहानियों में भी अभी लोग वैसा ही कंटेंट ढूढ़ रहे हैं। बस चाहते हैं कि जल्दी मजा आ जाये। जैसे कि आजकल 'शॉट्स' (यू ट्यूब पर) और रील्स (फेसबुक पर ) आ रहा है। शॉट्स या रील्स देखा, बड़ा मजा आया। वैसी ही कहानियाँ चाहिए। बड़ा मजा देने वाली।

मैं कुछ कहानियाँ पढ़ रहा था जो नई कहानी आंदोलन (सत्तर - अस्सी के दशक) की धारा के प्रवर्तक बने। जैसे निर्मल वर्मा की "परिंदे", कृष्णा सोबती की "बादलों के घेरे" या कमलेश्वर की 'खोई हुई दिशाएं' आदि। इन सभी कहानीकारों की कहानी दो लाइन में कही जा सकती है। फिर इन दस पन्नों में कहानीकार ने क्या डाल दिया है? आज के जमाने का पाठक कहेगा कि 'बकवास' भरा हुआ है। आज इस टाइप की टाइप कहानी चाहिए कि घटनाएं बदलती रहें। पात्रों के मनोभाव को बताने की क्या आवश्यकता है? फिजूल की बातों को पढ़ने को लोग कहते हैं, कि लेखक ने बहुत पकाया यार, बोर हो गए। आरम्भ धमाकेदार हो, घटनायें घटती रहे, तेजी से घटती रहें, रहस्य शिखर पर हो, हमारी दुनिया से परे दूसरी दुनिया के बारे में ही क्यों न हो, वास्तविकता से कोई वास्ता ना भी हो, चलेगा। रील, शॉट्स देखा, समय अच्छा कटा, बोर नहीं हुए। आपने समय दिया उसके बदले आपको मिला क्या? कोई नया शब्द, कोई नई कल्पना, कोई नया रूपक, कोई नई व्यंजना। नहीं मिला। लेकिन मजा बहुत आया। मजा आया और प्राप्ति शून्य। इसी भटकाव में रहने को मजा कहते हैं।

## आज का दोहा

आये, बैठे, उड़ गये, ज्यों पंछी हर बार।
ऐसे ही कुछ जिंदगी, देता है संसार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

# प्रेम गीत



**लखन विक्रांत**

जमशेदपुर, झारखंड!
क्या जाने दर-दर भटकाये!
या फिर मंज़िल तक पहुँचाये!
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!
नित-नित नये दिलासे बनकर
सूरज इन आँखों में उतरे,
चाँद उगे नित तो सपनों के
रंगारंग परों को कुतरे,
पल-पल कुदरत भी भरमाये!
मन मसोसकर नित रह जाये!
यों ही करता चले गुज़ारा,
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!
हम दिखलाते किसको वो मन
जिसमें कोई और बसा हो,
बहुत निकाला मगर न निकला
तब सोचा, जो हो, होने दो,
हाल हमारा कौन सुनाये?
कब-कब रोये, कब मुस्काये?
आख़िर क्या जीता, क्या हारा??
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!
शायद, दिन फिर जायें अपने
आस कि अब भी जगी हुई है,
उनकी राह जोहनेवाली
नज़र कि अब भी लगी हुई है,
जब-जब धोखा हो, वो आये!
राह हमारी हँसी उड़ाये!
करता क्या-क्या नहीं गवारा??
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाऱ्इं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुनर्मिलन का संगम भी महाकुंभ, अपनों से मिले 20 हजार से ज्यादा लोग

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**




महाकुंभ अपने भव्य स्वरूप और 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति के साथ ही ऐतिहासिक आयोजन बन चुका है। इस दिव्य आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई अनुकरणीय पहल की है। इस बार महाकुंभ में खोए हुए लोगों को शीघ्रता से उनके परिवारों से मिलाने के लिए योगी सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की है, जिससे अब तक 20 हजार से अधिक खोए हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है। 144 साल बाद पुण्य संयोग में आयोजित हो रहे इस बार के महाकुंभ के विराट मेले में अपनों से बिछड़े हुए कुल 20,144 लोगों को उनके परिवारों से मिलाने में योगी सरकार को सफलता मिली है। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। यही नहीं पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) को भीड़ का प्रबंधन करते हुए डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने खोए हुए सभी 8,725 लोगों को उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया है। इसी प्रकार मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) को खोए हुए 598 श्रद्धालु और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) को 813 श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की मदद से उनके परिजनों से मिलवाया गया। इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में खोए हुए 10 हजार से अधिक लोगों का भी उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 दिसंबर 2024 को डिजिटल प्रणाली के जरिए खोया-पाया केंद्रों का शुभारंभ किया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन और मेला प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो।

## महाकुंभ 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अनमोल उदाहरण है : पीयूष गोयल



**महाकुंभ नगर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्वभर के लोगों की आस्था देखकर आनंद की अनुभूति हो रही है। महाकुंभ पहुंचे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद भी ग्रहण किया।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुंभ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुंभ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुंभ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुंभ का यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर श्रद्धालुओं के आगमन की बात करें तो हर गुजरते दिन के साथ रिकॉर्ड बन रहा है।

## अखिलेश यादव ने की सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल से जुड़े मामले में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा गलत भाषा का प्रयोग करेगी तो सपा भी उन्हीं शब्दों में जवाब देगी। सपा मुखिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा के व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि अब वह सपा मीडिया सेल का हिस्सा नहीं हैं। हमारी ओर से पहले गलत भाषा का प्रयोग नहीं किया गया। भाजपा लगातार भाषा की मर्यादा तोड़ रही है। अगर भाजपा के लोग अपने में सुधार लाएंगे तो सपा के लोग भी अपने आपको सुधारेंगे, ऐसा समझौता हुआ था। लेकिन, भाजपा के लोग गलत शब्द का इस्तेमाल करेंगे तो उसी भाषा में उन्हें जवाब मिलेगा।अखिलेश यादव ने सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सरकार से अपील है कि कई बुजुर्ग स्नान नहीं कर पाए हैं। सम्राट हर्षवर्धन के समय में कुंभ 75 दिन का होता था, जिसमें दूर-दूर से लोग आकर स्नान करते थे। सरकार से मांग है कि कुंभ का समय बढ़ा दें। उन्होंने एक बार फिर महाकुंभ के आंकड़ों को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आंकड़ों को लेकर झूठ बोलते हैं। हमारी जानकारी के अनुसार 60 करोड़ लोग स्नान कर चुके होंगे। मैनेजमेंट की स्टडी की जाए तो उनकी असफलता की जानकारी सामने न आ जाए। महाकुंभ में फौज की मदद ली जाती तो हालात इतने खराब नहीं होते। यह सरकार अन्याय कर रही है। लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ी है। जाम से बहुत दिक्कत हुई है। प्रयाग का पुलिस कमिश्नरेट फेल हुआ है। पुलिस को भाजपा की टोपी पहनकर बैठना चाहिए। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक सीट पर अन्याय कर सकते हैं, 403 पर बेईमानी नहीं चलेगी। यूपी सरकार का बजट आने वाला है। बहुत सारी बातें बजट से साफ हो जाएंगी।

### दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल की बढ़ी मुश्किलें

# फ्लैग स्टाफ बंगला नवीनीकरण मामले में मिले जांच के आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



- **सीवीसी उनके आवास, 6 फ्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण मामले की जांच करेंगी**
- **बीजेपी का आरोप है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए आवास में नवीनीकरण में करोड़ों खर्च किए हैं**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती हुई नजर आ रही है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने उनके आवास, 6 फ्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण मामले में जांच का आदेश दिया है। आदेश 13 फरवरी को जारी किया गया, जब केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा एक तथ्यानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार, सीपीडब्ल्यूडी को यह जांच करनी है कि क्या इस आलीशान महल (जिसे 'शीश महल' कहा जा रहा है) के निर्माण में भवन निर्माण के नियमों की अनदेखी की गई थी। इस बंगले का नवीनीकरण 40,000 वर्ग गज (करीब 8 एकड़) में किया गया है और आरोप है कि इसके निर्माण के दौरान कई नियमों की अवहेलना की गई।

यह जांच खासतौर पर इस बात को लेकर की जाएगी कि क्या फ्लैगस्टाफ बंगले के नवीनीकरण के लिए निर्धारित भवन निर्माण नियमों को तोड़ा गया था, ताकि यह आलीशान महल बनाया जा सके। इस दौरान इस बात की भी जांच की जाएगी कि क्या सार्वजनिक धन का सही तरीके से उपयोग हुआ है और क्या इस निर्माण में कोई वित्तीय अनियमितताएं पाई गईं। बता दें कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के नवीनीकरण को लेकर पहले भी विवाद उठ चुके हैं। भाजपा ने दिल्ली में 6 फ्लैग स्टाफ बंगले को 'शीशमहल' कहा है। यह दिल्ली के मुख्यमंत्री का सरकारी आवास है, जहां 2015 से 2024 तक अरविंद केजरीवाल रहे हैं। बीजेपी का आरोप है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए आवास में नवीनीकरण में करोड़ों खर्च किए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा और कांग्रेस ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था।सीवीसी की जांच से अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के लिए कानूनी संकट और बढ़ सकता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सीवीसी की जांच में क्या निष्कर्ष सामने आते हैं और इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है।

## लव जिहाद कानून संविधान के खिलाफ, व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला : अबू आजमी

**लखनऊ।** महाराष्ट्र सरकार लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ एक सख्त कानून लाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार का मानना है कि इस कानून के माध्यम से लव जिहाद के नाम पर ज्यादती से लोग बचेंगे। सरकार के इस कदम को समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी ने स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। अबू आजमी ने महाराष्ट्र सरकार की इस कोशिश को संविधान और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ये मनमानी का एक तरीका है, इस तरह से आजादी पर रोक लगाई जा रही है। हमें कोई ऐतराज नहीं है अगर वह कानून बनाना चाहते हैं, लेकिन यह संविधान के अधिकारों से छेड़छाड़ करना है। उन्होंने आगे कहा, "हम देख रहे हैं कि मुस्लिम लड़के भी हिंदू धर्म अपना रहे हैं, मुस्लिम लड़कियां भी हिंदू लड़कों से शादी कर रही हैं। अगर यह सब संविधान में दिए गए अधिकारों के तहत हो रहा है तो इसमें क्या गलत है? सरकार का इस पर कानून बनाना व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास है, जो देश के संविधान के खिलाफ है।

# प्रयागराज में भीषण सड़क हादसा, महाकुंभ आ रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत, 19 घायल

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। हादसे में महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 19 घायल हो गए। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर एक कार और बस की टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। डीसीपी (यमुनानगर) विवेक चंद्र यादव ने आईएएनएस से बताया कि छत्तीसगढ़ से महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जा रही कार और बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा थाना क्षेत्र में हुआ। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा क्षेत्र के मनु का पूरा के पास भीषण सड़क हादसा हुआ।



### प्रयागराज सड़क हादसे पर राजनाथ सिंह और केशव प्रसाद मौर्य ने जताया दुख

**लखनऊ।** मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार देर रात एक कार और बस की टक्कर हो गई। इस हादसे में महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे 10 लोगों की मौत हो गई जबकि, 19 लोग घायल हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दुख व्यक्त किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, "उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मिर्जापुर हाईवे पर हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की मैं कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।"यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इ्च्छता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# महाकुंभ की भीड़ से ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

- **दिल्ली से तीन दिन में आने वाली माल गाड़ियां 10-12 दिन में पहुंच रही हैं**
- **ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को 30 दिन में लगभग 60 करोड़ का नुकसान**
- **रोज 2 करोड़ के कारोबार वाले काशी में केवल 20 लाख का काम हो रहा**

**वाराणसी।** महाकुंभ पलट प्रवाह के बीच हाईवे पर लंबा जाम और डायवर्जन के चलते वाराणसी में ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित है। दिल्ली से तीन दिन में आने वाली माल गाड़ियां 10-12 दिन में वाराणसी पहुंच रही हैं। खाद्य और दवा की गाड़ियां भी किसी तरह शहर पहुंच पा रही हैं। ई-वे बिल फेल होने से जीएसटी अधिकारियों की ओर से गाड़ियों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इससे ट्रांसपोर्टर और गाड़ी मालिकों के साथ श्रमिक वर्ग भी परेशान हैं।पहले रोजाना 200 से 250 गाड़ियों की आवाजाही होती थी, जिनकी संख्या अब 40-50 तक रह गई है। किराना, कपड़े, क्रॉकरी और टेंट सामान, टाइल्स, लोहे, रेशम, फर्नीचर समेत अन्य गाड़ियों को पहुंचने में भी 10 से 12 दिन का समय लग रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को 30 दिन में लगभग 60 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है। वाराणसी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी तिवारी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट के लिए बुरे दिन हैं। रोज दो करोड़ के कारोबार वाले वाराणसी में केवल 20 लाख का काम हो रहा है। गाड़ियां 10 से 12 दिनों में पहुंच रही हैं। दिल्ली, पंजाब, मुंबई, सूरत समेत अन्य जगहों से आने वाली गाड़ियों की चाल भी थम गई है। ई-वे बिल फेल हो रहा है। सिर्फ तीन दिन के लिए ई-वेल बिल मिलता है। प्रयागराज और वाराणसी के लिए माल बुक करने के लिए कोई तैयार नहीं है। एक हफ्ते में मुश्किल से चार से पांच गाड़ी किसी तरह नो एंट्री खुलने पर पहुंच रही हैं। वैवाहिक सीजन के दौरान बाजार में माल की आवक ठप है। व्यापारियों की ओर से पुराना स्टॉक खपाया जा रहा है।यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वाराणसी मंडल प्रभारी सूर्यमणि तिवारी ने बताया कि 10 से 12 दिन गाड़ियों के फंसे रहने से ट्रांसपोर्टर और मालिकों को दिक्कत हो रही है। चालक और परिचालक का अलग खर्चा और गाड़ियों में माल लोड होने से चिंता बढ़ गई है। फतेहपुर, कानपुर, लखनऊ समेत अन्य शहरों में ही गाड़ियां खड़ी कराई जा रही हैं। प्रयागराज होकर आने वाली गाड़ियों को डाइवर्ट करके निकाला जा रहा है। इससे अतिरिक्त ईंधन और टोल का खर्च बढ़ रहा है। माल नहीं आने से आठ से 10 दिन तक ट्रांसपोर्ट बंद कराने से मजदूर भी परेशान हैं। इससे उनकी जीविका पर भी संकट आ चुका है। वाराणसी में 200 ट्रांसपोर्टर हैं, जिनसे दो से ढाई हजार लोग जुड़े हैं।

# सीबीएसई बोर्ड एग्जाम दे रहे छात्रों ने माना 'परीक्षा पे चर्चा' ने तनाव मुक्त होने में की मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**




10वीं और 12वीं की परीक्षा शनिवार से शुरू हो चुकी है। कुछ बच्चे उत्साहित भी दिखे तो कुछ आशंकित भी। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कई ऐसे भी मिले जिन्होंने माना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम ने उनके स्ट्रेस लेवल को काफी हद तक कम करने में मदद की है। पूर्वी दिल्ली स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा ने कहा कि पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा ने उसका बल बढ़ाया है। छात्रा ने कार्यक्रम की भी तारीफ करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारे स्ट्रेस को कम करता है। हमारा बोर्ड का एग्जाम रहता है, तो कई लोग बार-बार हमें यह याद दिलाते हैं कि तुम्हारा बोर्ड का एग्जाम है, जिससे हमारे जेहन में जहां एक तरफ कई तरह के सवाल आते हैं, तो दूसरी तरफ एक तरह का मानसिक दबाव भी पैदा होता है। जिसको देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम हमारे लिए काफी हेल्पफुल साबित होता है। 10वीं के छात्र अभिषेक ने बताया कि पहले काफी स्ट्रेस रहता था। इस बार पीएम मोदी ने माता-पिता को भी जरूरी टिप्स दिए। मेरे पेरेंट्स ने भी सुना और मैंने बदलाव महसूस किया। मम्मी-पापा ने खूब मदद की। मेरे दोस्तों ने भी मुझे ऐसा ही कुछ बताया है। छात्र वायद ने कहा कि मुझे अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा है। मैं पास हो जाऊंगा। मैंने परीक्षा की तैयारी में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा भी हमारे लिए काफी हेल्पफुल रहा है। इससे हमारा स्ट्रेस कम हुआ।

10वीं की छात्रा अश्विनी नेगी ने कहा कि हमने परीक्षा को लेकर अपनी पूरी तैयारी की है। तैयारियों के दौरान हमने अपना पूरा बेस्ट दिया था। हमें पूरा विश्वास है कि हमारा रिजल्ट बेहतर रहेगा। परीक्षा पे चर्चा ने भी हमें तनाव मुक्त रहने के फायदे बताए हैं। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने जो 5-4-3-2-1 गेम खिलाया था, मैंने और मेरे दोस्तों ने उसे आजमाया और काफी बदलाव महसूस किया। अपने बच्चे को एग्जामिनेशन सेंटर में छोड़ने आए विमलेश यादव ने कहा कि बच्चे की तैयारी पूरी है, उम्मीद है कि नतीजा भी अच्छा आएगा। कमल सिंह नेगी ने कहा कि मैंने अपने बच्चे को किसी भी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं दिया। मैंने खुद अपने बच्चों को कहा कि आप किसी भी प्रकार का स्ट्रेस मत लो। पीएम मोदी की सलाह कि माता-पिता छात्रों को दूसरों के सामने मॉडल की तरह न खड़ा करें- ने मेरे दिल को छू लिया। अक्सर हम यही तो करते आए हैं। पीएम मोदी ने सचिन तेंदुलकर की मिसाल दी। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पेरेंट्स बेटे के शौक के आड़े नहीं आए- इस बात ने भी मेरे जैसे कई अभिभावकों का मार्गदर्शन किया है।

## संभल में उपद्रवियों के पोस्टर लगने के बाद लोग कर रहे पुलिस से संपर्क

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के बाद पुलिस ने अपनी कार्यवाही तेज गति से शुरू की है। इसी क्रम में उसने उपद्रवियों के पोस्टर भी सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किए हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में अभी और भी पोस्टर लगाए जाएंगे। पोस्टर को लेकर लोग सीओ और एसएचओ से संपर्क कर रहे हैं। संभल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि 24 नवंबर को जो हिंसा हुई थी, उसमें अब तक 77 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ अन्य अपराधी हैं, जिनका चिन्हांकन जरूरी है। उनके फोटो विभिन्न जगहों पर लगाए गए हैं। पुलिस द्वारा बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर जहां घटना हुई है, वहीं पर इनके पोस्टर लगाए गए हैं और भी फोटो हैं, उनके भी पोस्टर बनाकर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पोस्टर लगने के बाद शुक्रवार को पुलिस और एक व्यक्ति के बीच हल्का वाद-विवाद हुआ था।

## बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के वृंदावन चंवर में एक साथ तीन महिलाओं के शव बरामद

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के चकिया अनुमंडल क्षेत्र अन्तर्गत वृंदावन स्थित एक चंवर (खाली-सुनसान स्थान) में शनिवार को एक साथ तीन महिलाओं का शव पानी में उपलाते हुए बरामद हुए हैं। तीनों शव सड़े-गले अवस्था में हैं,जिससे उसकी पहचान करने में काफी मुश्किल हो रही है। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इन शवों को कहीं दफनाया गया था, जो अब पानी में उपलाकर बाहर आ गए हैं। इस घटना की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पुलिस की एक टीम तो पहुंची,लेकिन चकिया और कल्याणपुर थाना की पुलिस सीमा विवाद में दोनों थाना की पुलिस देर तक उलझी रही। जिस कारण तीनो शव अभी भी पानी से निकाला नही जा सका है। इस घटना को लेकर चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र की है और इस मामले की जांच कल्याणपुर पुलिस द्वारा की जा रही है।

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले पोस्टर के जरिए राजद ने विकास पर जदयू को घेरा

**पटना।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जहां सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है, वहीं एक-दूसरे को घेरने का भी कोई मौका नहीं छोड़ रही हैं। इसी बीच, पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के सामने लगाए गए एक पोस्टर को लेकर खूब चर्चा हो रही है। पोस्टर के जरिए 17 महीने की महागठबंधन की सरकार की तुलना 20 साल की एनडीए सरकार में किए गए विकास से की गई है। खास बात यह है कि दोनों गठबंधनों की सरकार का नेतृत्व नीतीश कुमार ही कर रहे थे। दरअसल, यह पोस्टर ऋषि नाम के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने लगवाया है। पोस्टर में विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को एक घोड़े पर सवारी करते हुए दिखाया गया है और उनके हाथ में राजद का चुनाव चिन्ह 'लालटेन' भी है। दूसरी तरफ पोस्टर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक घोंघा पर बैठे हुए दिखाया गया है और उनकी पीठ में कुर्सी बंधी है। पोस्टर के जरिए यह भी दिखाया गया है कि 17 महीने वाली तेजतर्रार तेजस्वी सरकार 2025 में फिर से आ रही है। वहीं, नीचे एक जगह लिखा है, 'तेजस्वी विकास-2025 में फुल स्पीड से होगा।'

# इंग्लैंड के पास 50 ओवर के मैचों का इतना अनुभव नहीं है कि उसे दावेदार कहा जा सके : मार्क बुचर



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर का मानना है कि जोस बटलर की अगुआई वाली टीम के पास 50 ओवर के मैच खेलने का इतना अनुभव नहीं है कि उसे 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का गंभीर दावेदार कहा जा सके।

2023 पुरुष वनडे विश्व कप के बाद से, इंग्लैंड ने 14 में से सिर्फ.चार वनडे जीते हैं और हाल ही में भारत में 0-3 से सीरीज स्वीप का सामना किया, जो कि व्हाइट-बॉल हेड कोच के तौर पर ब्रेंडन मैकुलम की पहली सीरीज थी। चैंपियंस ट्रॉफी में, इंग्लैंड अपने लीग मैचों में ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा - ये वे टीमें हैं जिन्होंने 2023 वनडे विश्व कप के ग्रुप चरण में उन्हें हराया था। पहले दो वनडे के दौरान मेरे दिमाग में जो पहली बात आई, वह यह थी कि 50 ओवर के प्रारूप में हमारा अधिकांश क्रिकेट कितना भोला-भाला है। मैंने सोचा 'ऐसा क्यों हो सकता है?'।

ऐसा इसलिए है क्योंकि हम कोई भी मैच नहीं खेलते हैं। खेल को जिस गति से लगातार खेला जाना चाहिए, उसमें बहुत अंतर है। मेरा मतलब यह नहीं है कि गति एक कठोर ग्राफ है जो केवल ऊपर ही जाती है, गति को 50 ओवर के क्रिकेट में उतार-चढ़ाव की आवश्यकता होती है, जबकि 20 ओवर के क्रिकेट में इसकी आवश्यकता नहीं होती है। उस कौशल और समझ और खेल के प्रति जागरूकता का होना, यह जानना कि कब पैर नीचे रखना है और कब थोड़ा आराम करना है, लेकिन कब बैठना है और कब कड़ी मेहनत करनी है, यह कुछ ऐसा है जो केवल बहुत अधिक खेलने से ही आता है। मुझे याद है कि 90 के दशक में जब इंग्लैंड गर्मियों के दौरान तीन टेक्साको ट्रॉफी मैच खेलता था।

# जानिक सिनर पर तीन महीने का लगा प्रतिबंध



**मॉन्ट्रियल (आईएएनएस)।** विश्व नंबर एक जानिक सिनर ने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के साथ समझौता कर लिया है, जिसके तहत इतालवी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगेगा। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अखंडता एजेंसी (आईटीआईए) के एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने पाया कि मार्च 2024 में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल के लिए दो बार सकारात्मक परीक्षण किए जाने के बाद भी सिनर पर कोई दोष या लापरवाही नहीं थी। वाडा के बयान में कहा गया है, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) पुष्टि करती है कि उसने इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर के एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया है, जिसमें खिलाड़ी ने डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन के लिए तीन महीने की अयोग्यता की अवधि स्वीकार की है, जिसके कारण मार्च 2024 में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल के लिए उसका परीक्षण सकारात्मक आया था। सिनर के अनुसार, यह पदार्थ एक सहायक कर्मचारी के संपर्क में आने के बाद उसके शरीर में प्रवेश कर गया, जो एक 'ओवर द काउंटर स्प्रे' लगा रहा था, जिसमें क्लोस्टेबोल की थोड़ी मात्रा थी और उक्त सहायक कर्मचारी द्वारा बार-बार मालिश करने के कारण संदूषण हो गया। बयान में कहा गया है, वाडा स्वीकार करता है कि सिनर का धोखा देने का इरादा नहीं था, और क्लोस्टेबोल के संपर्क में आने से उसे कोई प्रदर्शन-बढ़ाने वाला लाभ नहीं मिला और यह उसके साथियों की लापरवाही के परिणामस्वरूप उसकी जानकारी के बिना हुआ। जनवरी में 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर को 9 फरवरी से 4 मई तक तीन महीने का प्रतिबंध झेलना होगा, जिसमें से चार दिन पहले ही अंतिम निलंबन के तहत सजा काट चुके हैं, और उन्हें 13 अप्रैल से प्रशिक्षण पर लौटने की अनुमति दी जाएगी। 4 मई को उनकी वापसी उन्हें रौलां गैरो में सीजन के दूसरे ग्रैंड स्लैम में भाग लेने की अनुमति देगी, जो फ्रेंच ओपन का स्थल है, जो 19 मई से 8 जून तक पेरिस, फ्रांस में होता है। समझौते की शर्तों के तहत, सिनर 9 फरवरी, 2025 से 4 मई, 2025 को रात 11:59 बजे तक अपनी अयोग्यता की अवधि पूरी करेंगे।

# रोहित की अगुआई वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना

**20 फरवरी** को है पहला मुकाबला

टीम के सभी ग्रुप ए मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे

**23 फरवरी** को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलेगी।

**भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।





**मुंबई(आईएएनएस)।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मुंबई से दुबई के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम के सभी ग्रुप ए मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे।

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से ली गई तस्वीरों में रोहित एंड कंपनी और सहयोगी स्टाफ दुबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पर चेक-इन करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

आईएएनएस को पता चला है कि टीम की शुरूआती योजना दो-दो के बैच में दुबई जाने की थी, लेकिन पिछले महीने जारी बीसीसीआई की नीति दिशा-निर्देशों के अनुसार टीम अपने विदेश दौरों के लिए एक साथ यात्रा करेगी, इसलिए यह तय किया गया कि टीम मुंबई से आठ टीमों की प्रतियोगिता के लिए एक साथ रवाना होगी। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, जो पिछले महीने सिडनी में पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान लगी पीठ की चोट से उबर रहे हैं। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हर्षित राणा को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है, जबकि कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है, जो मूल रूप से प्रोविजनल टीम में थे। जायसवाल अब मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे के साथ गैर-यात्रा करने वाले विकल्पों में से एक हैं। दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ अपने 2025 अभियान की शुरूआत करेगी, उसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलेगी। भारत 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप ए मैच खेलेगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी

# पाकिस्तान के हेड कोच आकिब जावेद ने किया बाबर आजम का समर्थन



**कराची (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद ने बाबर आजम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में ओपनिंग बल्लेबाज बनाए रखने का समर्थन किया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हार मिली। इसके बाद बाबर को ओपनिंग भेजने के फैसले पर सवाल उठे। लेकिन जावेद ने टीम प्रबंधन के इस कदम का समर्थन किया और उम्मीद जताई कि पूर्व कप्तान इस नई भूमिका में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विदेशी दौरे में बाबर को हर मैच में पहले ही ओवर में बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। फिर सैम अयूब चोटिल हो गए, जिससे बाबर को टेस्ट मैचों में भी ओपनिंग करनी पड़ी। इन पिचों पर बल्लेबाजों के लिए शुरूआत में कोई परेशानी नहीं होती, इसलिए हमने अपने सबसे अच्छे बल्लेबाज को पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने के लिए भेजा। यह हमारे लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि इन परिस्थितियों में बाबर को ओपनिंग करनी चाहिए और मुझे भरोसा है कि वह महत्वपूर्ण मैचों में बड़ी पारियां खेलेंगे।

हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान को सिर्फ एक ही जीत मिली थी, लेकिन इसके बावजूद जावेद ने टीम पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, ₹चैंपियंस ट्रॉफी में यह टीम बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। अगर हमारी बल्लेबाजी सामान्य रही, तो हम 350 रन बना सकते हैं। अगर हारिस रऊफ फिट होकर फॉर्म में आ जाएं और नसीम, शाहीन और हमारे स्पिनर्स के साथ मिलकर प्रदर्शन करें तो यह टीम किसी को भी हरा सकती है।

# 'स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करनी चाहिए' : गिलक्रिस्ट



**मेलबर्न(आईएएनएस)।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ को वनडे टीम में ओपनर के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान में होने वाले मैचों में वह अधिक से अधिक गेंदों का सामना कर सकेंगे। श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की 2-0 की वनडे सीरीज में हार के दौरान स्मिथ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर 12 और 29 रन बनाए थे। लेकिन युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क के खराब फॉर्म को देखते हुए गिलक्रिस्ट को लगता है कि स्मिथ को ओपनिंग करनी चाहिए, हालांकि उन्हें लगता है कि मैट शॉर्ट शीर्ष क्रम में ट्रैविस हेड के साथ जोड़ी बनाने के लिए एक दिलचस्प विकल्प हैं। गिलक्रिस्ट ने शनिवार को एबीसी समर ग्रैंडस्टैंड शो में कहा, ह्लफिलहाल यह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन स्टीव स्मिथ को ओपनिंग करनी चाहिए। मुझे नहीं लगा कि श्रीलंका के खिलाफ मैच में उन्हें कहां रखा गया है। जाहिर है, ट्रैविस वहां होंगे - वह तरोताजा और फिट हैं। उन्होंने कहा,"मुझे मैट शॉर्ट का भी साथ पसंद है - वह बाएं हाथ और दाएं हाथ का अच्छा संयोजन बना सकते हैं - मेरे लिए यही बेहतर विकल्प होगा। लेकिन मुझे लगता है कि स्टीव स्मिथ ओपनिंग कर सकते हैं।

# कतर ओपनः ओस्टापेंको ने स्वीयाटेक को चौंकाकर फाइनल में जगह बनाई



**दोहा(आईएएनएस)।** इगा स्वीयाटेक के खिलाफ सेमीफाइनल में जाने से पहले, जेलेना ओस्टापेंको को मैच जीतने और शुक्रवार को कतर ओपन के फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा था। ओस्टापेंको ने स्वीयाटेक के खिलाफ अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा और सीधे सेटों में जीत के साथ लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता ओस्टापेंको ने मैच के बाद कोर्ट पर दिए गए अपने साक्षात्कार में कहा, मुझे पूरा भरोसा था कि मैं उसे हरा दूंगी क्योंकि हमने बहुत सारे मैच खेले हैं और मुझे पता है कि उसके खिलाफ कैसे खेलना है।" उन्होंने कहा, ₹मैं खुद पर और मुझे जो करना था उस पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही थी। मैं इस सप्ताह अपनी भावनाओं को संभालने के तरीके से खुश हूं। लातवियाई ओस्टापेंको ने सेमीफाइनल में 6-3, 6-1 की शानदार जीत के साथ नंबर 2 सीड को हराया, जिससे तीन बार की गत विजेता स्वीयाटेक का टूर्नामेंट में 15 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म हो गया। इस जीत के साथ, ओस्टापेंको अपने करियर के 17वें डब्ल्यूटीए टूर फाइनल में पहुंच गईं, जो दोहा में दूसरे और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर या उससे ऊपर (दोहा 2016, रौलां गैरो 2017 और मियामी 2018 के बाद) चौथे स्थान पर है।

## 'हमें पूरा भरोसा है कि वह पास हो जाएंगे' : स्मिथ

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि वह स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन के श्रीलंका टेस्ट सीरीज के दौरान संदिग्ध एक्शन के लिए रिपोर्ट किए जाने के बारे में जानकर ₹हैरान₹ हैं। कार्यवाहक कप्तान ने टीम के साथी को सभी टेस्ट पास करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह साबित हो सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन वैध है और वे बेदाग निकले। स्मिथ ने कहा, यह मेरे लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। वह आठ साल से पेशेवर क्रिकेट खेल रहे हैं और इतने समय में उनके बारे में कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा, मैं उनके बारे में सोच रहा हूं। फिलहाल, उन्हें प्रक्रिया से गुजरना होगा। हमें पूरा भरोसा है कि वह पास हो जाएंगे। वह घर वापस जाकर इस प्रक्रिया से गुजरेंगे। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# कनिका और ऋचा दोनों ने शानदार पारी खेली : मिताली



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने शुक्रवार को गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की बल्लेबाजों ऋचा घोष और कनिका आहूजा की रिकॉर्ड-तोड़ रन चेज में खेली गई धमाकेदार पारियों की सराहना की। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर गुजरात को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथ मूनी (56) और कप्तान एश्ले गार्डनर (नाबाद 79) ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 201/5 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद की। जवाब में, एलिस पेरी ने 34 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 57 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 27 गेंदों में चार छक्कों और सात चौकों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। कनिका ने भी 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 30 रन बनाकर टीम को नौ गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। यह डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे सफल चेज था क्योंकि आरसीबी ने छह विकेट की जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा की शुरूआत की। अमूल क्रिकेट लाइव, जियोहॉटस्टार पर विशेष रूप से बात करते हुए, मिताली राज ने बहुप्रतीक्षित सीजन ओपनर के बारे में बताया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ओपनएआई ने एलन मस्क का 97.4 अरब डॉलर का खरीद प्रस्ताव ठुकराया



**सैन फ्रांसिस्को(आईएएनएस)।** ओपनएआई ने एलन मस्क का 97.4 बिलियन डॉलर में कंपनी खरीदने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ओपनएआई को सैम ऑल्टमैन चला रहे हैं। ओपनएआई के बोर्ड चेयरमैन ब्रेट टेलर ने कहा कि मस्क का यह प्रस्ताव सिर्फ. अपने प्रतिस्पर्धियों को बाधित करने की कोशिश है। टेलर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा,ओपनएआई बिक्री के लिए नहीं है, और बोर्ड ने सर्वसम्मति से मिस्टर मस्क के प्रतिस्पर्धा को बाधित करने के नवीनतम प्रयास को खारिज कर दिया है। टेलर ने ओपनएआई के बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की तरफ से कहा, किसी भी तरह का पुनर्गठन ओपनएआई को और मजबूत करेगा, ताकि एजीआई (आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस) का लाभ पूरी मानवता को मिल सके। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनएआई ने मस्क के वकील को एक पत्र भेजा, जिसमें कहा गया कि यह प्रस्ताव उनकी संस्था के उद्देश्यों के अनुकूल नहीं है। इससे पहले मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई और कुछ निवेशकों ने मिलकर ओपनएआई के गैर-लाभकारी संगठन को 97.4 अरब डॉलर में खरीदने की पेशकश की थी, लेकिन ओपनएआई के बोर्ड ने इसे खारिज कर दिया। ओपनएआई के वकील एंडी नुसबॉम ने कहा कि मस्क का प्रस्ताव गैर-लाभकारी संस्था के लिए कोई उचित मूल्य तय नहीं करता और यह संस्था बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। गौरतलब है कि मस्क ओपनएआई के सह-संस्थापक रह चुके हैं, लेकिन अब उन्होंने ओपनएआई और सैम आल्टमैन पर मुकदमा दायर किया है। मस्क का आरोप है कि ओपनएआई ने प्रतिस्पर्धा को दबाने और धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों में संलिप्तता दिखाई है। पिछले साल अक्टूबर में भी मस्क ने ओपनएआई के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की थी।

# भारत फोर्ज ने एयरोस्पेस बिजनेस में 50 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का रखा लक्ष्य

**हमें उम्मीद है कि इस साल एयरोस्पेस से हमारी तिमाही संख्या 100 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी।**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत फोर्ज लिमिटेड अपने क्षमता विस्तार और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहा है। कंपनी को उम्मीद है कि ऐसा करने के साथ उसके एयरोस्पेस व्यवसाय में 50 प्रतिशत तक की राजस्व वृद्धि होगी। भारत फोर्ज के वाइस चेयरमैन और संयुक्त प्रबंध निदेशक अमित कल्याणी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमें उम्मीद है कि इस साल एयरोस्पेस से हमारी तिमाही संख्या 100 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी। एनडीटीवी प्रॉफिट से बात करते हुए उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 से इस व्यवसाय में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत, 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अमित कल्याणी के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य भारत में मैन्युफैक्चरिंग को स्थानांतरित करने का सबसे अच्छा समय है। उन्होंने कहा, लंबे समय तक चीन और उसके बाद वियतनाम के बाद मुझे लगता है कि अब भारत की बारी है। भारत और भारतीय मैन्युफैक्चरिंग - लाभ स्पष्ट हो रहे हैं। भारत से बाहर हमारे व्यवसाय के विकास को काफी हद तक तेज करने के अवसर हैं।

कंपनी ने अपनी तीसरी तिमाही की आय निवेश प्रस्तुति में लैंडिंग गियर कम्पोनेंट्स के लिए एक डेडिकेटेड मशीनिंग लाइन और हाई-परिशुद्धता फोर्जिंग के निर्माण के लिए एक रिंग मिल स्थापित करने की योजना की घोषणा की।

कंपनी की इन पहलों का उद्देश्य ग्लोबल ऐरोस्पेस इंडस्ट्री से जेट इंजन कम्पोनेंट की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

भारत फोर्ज को उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक नई क्षमताएं ऑनलाइन आ जाएंगी। अमित कल्याणी ने कहा कि लैंडिंग गियर लाइन में, हम अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं और उन उत्पादों के लिए अधिक वैल्यू एडिशन कर रहे हैं जो हम पहले से ही सप्लाई कर रहे हैं। ऑटो कंपोनेंट प्रमुख भारत फोर्ज लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ 346 करोड़ रुपये दर्ज करवाया, जिसमें सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के तीसरी तिमाही प्रदर्शन में गिरावट की वजह यूरोप में आर्थिक स्थिति रही, जिसका असर कंपनी के परिचालन और क्षेत्र के निर्यात पर पड़ा। इस चुनौती से निपटने की योजनाओं के बारे में बात करते हुए कल्याणी ने कहा कि भारत फोर्ज इस क्षेत्र के हितधारकों से बात करने के बाद अगले छह महीनों में एक बड़ा निर्णय लेगा।

# वैश्विक मछली उत्पादन में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 'भारत' दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** देश की केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी दी कि भारत वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और देश ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 60,523.89 करोड़ रुपये मूल्य के 17,81,602 मीट्रिक टन (एमटी) समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात किया है। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार, निर्यात मूल्य में 2003-04 के 609.95 करोड़ रुपये की शानदार वृद्धि देखी गई है। 2004 से 2024 की अवधि में ऐसे मील के पत्थर रहे हैं, जिन्होंने वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए 2,703.67 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल वार्षिक बजटीय समर्थन प्रस्तावित किया गया है। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने कहा कि यह जलीय कृषि और समुद्री खाद्य निर्यात में भारत की उपलब्धि का प्रमाण है। देश में मछली उत्पादन 2003-04 में 63.99 लाख टन और 2013-14 में 95.79 लाख टन से बढ़कर 2023-24 में 184.02 लाख टन हो गया, जो 10 वर्षों (2014-24) में 88.23 लाख टन की वृद्धि दर्ज करता है, जबकि 2004-14 में 31.80 लाख टन की वृद्धि हुई थी। अंतरदेशीय और जलीय कृषि मछली उत्पादन में 2004-14 में 26.78 लाख टन की तुलना में 2014-24 में 77.71 लाख टन की जबरदस्त वृद्धि हासिल की गई। समुद्री मछली उत्पादन 2004-14 में 5.02 लाख टन से दोगुना होकर 2014-24 में 10.52 लाख टन हो गया। ब्लू रिवॉल्यूशन स्कीम मत्स्य पालन क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में पहला कदम था। मंत्रालय के अनुसार, अपनी बहुआयामी गतिविधियों के साथ, ब्लू रिवॉल्यूशन स्कीम मुख्य रूप से अंतदेर्शीय और समुद्री दोनों जलीय कृषि और मत्स्य संसाधनों से मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

# लगातार तीसरे सप्ताह भारत के 'विदेशी मुद्रा भंडार' में उछाल

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.6 बिलियन डॉलर बढ़ा और 7 फरवरी तक 638 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि दर्ज हुई है। पिछले सप्ताह 1.05 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद, 31 जनवरी तक भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 630.607 बिलियन डॉलर हो गया था। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले साल सितंबर में 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2023 में शानदार उछाल आया, जो लगभग 58 बिलियन डॉलर बढ़ा। 20 बिलियन डॉलर का रिजर्व बढ़ने के साथ यह वृद्धि 2024 तक जारी रही, जो निरंतर पूंजी प्रवाह और मजबूत बाहरी स्थिति को दशार्ता है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो कुल भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### मनिका प्रखंड के खिराखाड़ गांव में जनता दरबार सह विकास मेला का आयोजन

# राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के मनिका प्रखंड के ग्राम खिराखाड़ में बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने तथा आदिम जनजाति लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने को लेकर मनिका प्रखंड के पंचायत बिसुनबांध के ग्राम खिराखाड़ में प्राथमिक विद्यालय नेवाड़ में जनता दरबार सह विकास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आमजनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मनिका प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम खिराखाड़ में जनता दरबार सह विकास मेला का आयोजन किया गया है। विकास मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने और योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने के लिए स्टॉल लगाया गया था। उन्होंने ग्रामीणों से कहा विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। जिला प्रशासन सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचकर आमजनों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि युवाओं के विकास के लिए युवक व युवतियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का विशेष जोर है कि बेरोजगार युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराए जा सकें। उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया एंव योजना का लाभ उठाकर जीवन स्तर में सुधार लाने की बात कही। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी ग्रामीणों की समस्या है उसे ससमय पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि जनता दरबार सह विकास मेला के माध्यम से सुदूरवर्ती गांव खिराखाड़ के ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभांवित करने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा। सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण जानकारी के आभाव में योजना के लाभ से वंचित ना रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए पूरा जिला प्रशासन आपके के बीच उपस्थित है। बेझिझक अपनी समस्याओं को रखें। यह दौरा इस उद्देश्य से है कि खिराखाड़ गांव की समस्याओं को समझ सकें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ले सकें। जनता दरबार में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी,लातेहार अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका, जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।



### झारखंड के नए प्रभारी के. राजू को कांग्रेसियों ने दी बधाई

**चंदवा।** के राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाये जाने पर चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बधाई दी है। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद वह 2013 में कांग्रेस पार्टी से जुड़े। वर्तमान में वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। इनके झारखंड के नए प्रभारी बनने से राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। नए प्रभारी के रूप में उनकी नियुक्ति पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में उनके नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। झारखंड में कांग्रेस को नया रणनीतिक दृष्टिकोण देने के लिए के राजू की प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, संतोष साहु,मोफिल खान, बाबर खान, श्रीराम शर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## वीर शहीदों की स्मृति में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट 16 फरवरी से




**नेपाल और नॉर्दर्न रेलवे के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वीर शहीदों की स्मृति में पलामू पुलिस और पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 16 फरवरी से 23 फरवरी तक पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होगी, जिसमें कई राज्यों की टीमें भाग लेंगी।

आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने पत्रकार वार्ता में बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नेपाल फुटबॉल क्लब और नॉर्दर्न रेलवे फुटबॉल क्लब, दिल्ली के बीच खेला जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना और खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों की नामी फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति, पुलिस प्रशासन और खेल प्रेमियों ने मिलकर व्यापक तैयारियां की हैं। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट खासा रोमांचक होने की उम्मीद है।

## प्रमंडल स्तरीय किसान मेला 19 फरवरी को शिवाजी मैदान में

**कृषि और पशुपालन में नवाचारों से रूबरू होंगे किसान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के शिवाजी मैदान में 19 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को कृषि और पशुपालन क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी दें और उन्हें उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

उपायुक्त ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां वे एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकेंगे। मेले में किसान उन्नत बीज, नई कृषि तकनीकों और जल संरक्षण के तरीकों से अवगत होंगे। पशुपालक भी उन्नत नस्लों और पशु प्रबंधन तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सखी मंडल की महिलाएं भी अन्य सफल महिला उद्यमियों के कार्यों से प्रेरणा लेंगी।



**40 से अधिक स्टॉल और सम्मान समारोह**

इस किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें कृषि विभाग, नाबार्ड, अग्रणी बैंक, कृषि विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, ग्रामीण विकास, शहरी आजीविका मिशन, जेएसएलपीएस, पशुपालन, मत्स्य विभाग और इफ्को सहित कई संस्थान भाग लेंगे। स्टॉल के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा और लाभुकों के बीच अनुदान सहायता का वितरण किया जाएगा। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पलामू जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान जारी

**लातेहार।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड इंप्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) की ओर से चार्टर्ड ऑफ डिमांड की मांगों को लेकर जिले भर में हस्ताक्षर अभियान जोरशोर से चल रहा है। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह व प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर यह अभियान शुरू किया गया, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, महासचिव प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग, प्रखंड कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय और भविष्य निधि कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से सरकारी कर्मियों की प्रमुख मांगों में सभी सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने ,शिक्षक संवर्ग को एमएसपी (मिलिट्री सर्विस पे) का लाभ देने साथ ही सभी कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान करने मांग शामिल है। अभियान में शिक्षा विभाग से राहुल कुमार, अरुण कुमार वर्मा, अनिल कुमार, परमेश्वर कुमार, संजय कुमार, भविष्य निधि कार्यालय से अनिल कुमार, वन विभाग से उमेश कुमार, सरिता देवी, विनय कुजूर, धर्मेंद्र कुमार, सोनू यादव, जितेश्वर राम और अंजना यादव सहित कई शामिल रहे।

## बाइक सवारों ने बुजुर्ग से 94 हजार रुपए ले उड़े

**पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल लुटेरों की पचाहन में जुटी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के अमवा खुर्द निवासी गया राय से 94 हजार रुपए छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा थाने में दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक से चेक के माध्यम से 94 हजार रुपए निकाल कर मेदिनीनगर जाने के लिए निकले। रास्ते में जैप 8 के पास स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा कर मेदिनीनगर जाने लगे। इस क्रम में जैप 8 मुख्यालय से आगे लगभग 200 मीटर दूरी पर अचानक बाइक से दो अपराधी पैसे से भरा बैग को छीन कर मेदिनीनगर जाने के मार्ग की तरफ भाग निकले। मामले में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस आवेदक द्वारा दिए हुए आवेदन के आधार पर बिंदुवार अनुसंधान कर रही है। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज व मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर लुटेरों की पहचान करने में जुट गयी है। जल्द ही घटना का उद्भेदन किया किया जाएगा।



## सबकी योजना-सबका विकास अभियान के लिए तिथि निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने ग्राम पंचायतों में सबकी योजना-सबका विकास कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय ग्रामसभा के लिए तिथि निर्धारित किया है। बीडीओ ने कहा कि सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा कर वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए पंचायत के विकास योजनाएं तैयार कि जानी है। अभियान कि सफलता के लिए संबंधित मुखिया, रोजगार सेवक और पंचायत सचिव को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बीडीओ ने इससे पूर्व 17 फरवरी से 19 फरवरी तक सभी सात पंचायतों के सभी राजस्व गांव में तीन दिन का ग्राम सभा भी आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद 20 फरवरी से पंचायत स्तरीय ग्रामसभा आयोजित होगा। पंचायत स्तरीय ग्रामसभा के लिए पंचायत वार तिथि निर्धारित किया गया है। इसमें परती कुशवानी और मुकुंदपुर सचिवालय में 20 फरवरी को, बलिगढ़ और परसोडीह पंचायत सचिवालय में 22 फरवरी को, केतार में 24 को, पाचाडुमर और लोहरगाडा पंचायत सचिवालय में 27 को विशेष ग्राम सभा आयोजित किया जाएगा। ग्राम सभा का सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और कनीय अभियंता को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## उपायुक्त ने कल्याण विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा चलाये जा रहें 17 योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित योजना में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए ससमय निष्पादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश को दिया। बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, साइकिल वितरण, बिरसा आवास, धुमकुड़िया भवन का निर्माण, वन अधिकार अधिनियम-2006, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, एमएसडीपी योजना, सरना घेराबन्दी, कब्रिस्तान घेराबन्दी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रावास जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजन, शहीद ग्राम विकास योजना, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय निर्माण की समीक्षा की गई। प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के तहत अब तक बचे योग्य लाभुकों के खाते में स्कॉलरशिप की राशि सभी आवश्यक जांच करते हुए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार साइकिल वितरण योजना के तहत भी शेष योग्य लाभुक जिनको साइकिल योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल सका उनके बीच शीघ्र साइकिल वितरित करने का निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश द्वारा ऐसे सभी लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए सभी का भौतिक सत्यापन करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही गई। बिरसा आवास, स्वास्थ्य केंद्र एवं शौचालय का निर्माण, सरना स्थल घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी आदि के तहत लंबित योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वालों को नोटिस करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

**प्रवचन**

### शतचंडी महायज्ञ में प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## प्रभु से बढ़कर कोई और सुख संपदा नहीं: देवी प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर परिसर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ में प्रवचन सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शाम में सुप्रसिद्ध कथावाचिका देवी प्रतिभा ने भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेव जी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। देवी प्रतिभा ने भागवत कथा कि शुरूआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे हैं। श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं, क्योंकि जिन्हें गोविंद जितना प्रदान करते हैं, उसे उतना ही मिलता है। अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते हैं, तो कथा में प्यासे बन कर आएं। कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं। तो ये भागवत कथा आपको बहुत कुछ सिखने को देगी। देवी प्रतिभा ने कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और संपदा नहीं है। भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है। मनुष्य का जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा है। मौके पर राजीव रंजन तिवारी, हेमंत पाठक, प्रमोद शुक्ला,मंदिर विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, राजकुमार पाठक, कुंडल सिंह, त्रिपुरारी सिंह, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, उदयकांत विश्वकर्मा, लल्लू पाल, उपस्थित थे।




### बिहार से भटक कर पहुंचे सेवानिवृत्त शिक्षक परिजनों के हवाले किया

**मोहम्मदगंज।** घर से भटके एक वृद्ध को स्थानीय व्यावसायी पानू सिंह ने पनाह देकर उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया है। उनकी इस नेकदिली की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। हुआ यह था कि बिहार राज्य अंतर्गत जहानाबाद जिला के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के छरियारी गांव निवासी 110 वर्षीय सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक देवदत्त शर्मा तीन दिनों से लापता थे, जो इसी दौरान भटकर यहां पहुंच गए थे। उन्हें भटकते हुए देख स्थानीय व्यावसायी पानू सिंह ने उनकी स्थिति को देखते हुए रात में उन्हें पनाह देने के साथ उनके भोजन और पानी की व्यवस्था कराई। बातों में उनसे उनके घर के पते की जानकारी लेकर स्थानीय पुलिस और मखदुमपुर थाना को सूचना दी।

## पेज एक के शेष

### वे अंततः टकराएंगे...

उन्होंने सिलिकॉन वैली में अपना भाग्य बनाया। वे टेस्ला, एक इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता और स्पेसएक्स, एक रॉकेट कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, जो सितारों को निशाना बना रही है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि उन्हें एस्पर्गर सिंड्रोम है, जो ऑटिज्म स्पेक्ट्रम का हिस्सा है।

वर्ष 2016 में, उन्होंने कहा कि ट्रंप ऐसा चरित्र नहीं रखते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को अच्छी तरह से दशार्ता हो। वर्ष 2022 में, ट्रंप ने मस्क को 2016 और 2020 में अपने विरोधियों का समर्थन करने के लिए एक बकवास कलाकार के रूप में वर्णित किया। पिछले साल तक, दोनों एक अलग धुन गा रहे थे। मस्क ने कमला हैरिस के खिलाफ चुनाव में ट्रंप का समर्थन किया, उनके शीर्ष दानकर्ता बन गए, अभियान रैलियों में बात की और अपने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रंप के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने फ्लोरिडा के पाम बीच में ट्रंप के मार-ए-लागो एस्टेट में चुनाव की रात बिताई और एक स्पष्ट नाजी सलामी के साथ अपने उद्घाटन का जश्न मनाया।

मस्क अब तक राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के पहले कार्यकाल और उनके दूसरे कार्यकाल के बीच सबसे बड़ा अंतर रहे हैं। पहले दोस्त के रूप में, उन्हें सरकारी दक्षता विभाग (डोगे) के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था, जो संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन, बजट में कटौती, बबार्दी और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने और कर्मचारियों को बर्खास्त करने के उद्देश्य से एक टास्क फोर्स था।

मस्क, जो डर के बल पर शासन करने वाली और कर्मचारियों से पूरी निष्ठा की मांग करने वाली नेतृत्व शैली के लिए जाने जाते हैं, ने संघीय सरकार में सेंध लगाने के लिए सिलिकॉन वैली-शैली के तेजी से आगे बढ़ो और चीजों को तोड़ दो दृष्टिकोण को अपनाया है, जिसमें संविधान या कानून के शासन की कोई परवाह नहीं है। युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की उनकी डोगे टीम ने जल्दी ही ट्रेजरी भुगतान प्रणाली तक पहुंच प्राप्त कर ली, जो सालाना एक बिलियन भुगतानों के लिए जिम्मेदार है, जिसकी कुल राशि 5 ट्रिलियन डॉलर है। इसमें बैंक खातों और सामाजिक सुरक्षा भुगतानों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी शामिल है। फिर डोगे ने कांग्रेस से आवश्यक अधिकार मांगे बिना यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) को बंद कर दिया, जिससे अमेरिकी सॉफ्ट पावर का एक उपकरण नष्ट हो गया और दुनिया भर में महत्वपूर्ण खाद्य और दवा कार्यक्रम बंद हो गए। मस्क ने खुशी से ट्वीट किया, हमने सप्ताहांत यूएसएआईडी को लकड़ी के टुकड़े करने में बिताया।

डोगे की रणनीति में कर्मचारियों को बाहर रखना, फंडिंग को रोकना, लीज को समाप्त करना और श्रमिकों को स्थगित इस्तीफा पैकेज देना शामिल है। मस्क अपने एक्स प्लेटफॉर्म का उपयोग ट्रम्प के एजेंडे को बढ़ावा देने, आलोचकों पर हमला करने और अपमानजनक बयान देने के लिए भी कर रहे हैं। उन्होंने सबूत दिए बिना यूएसएड को बुराई और आपराधिक संगठन करार दिया। मस्क पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, इसके बजाय उन्हें ह्यविशेष सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है, जिससे उन्हें वित्तीय प्रकटीकरण और सार्वजनिक जांच प्रक्रियाओं से बचने की अनुमति मिलती है। सीनेट में डेमोक्रेटिक अल्पसंख्यक नेता चक शूमर ने कहा- ह्यएक अनिर्वाचित छाया सरकार संघीय सरकार का शत्रुतापूर्ण अधिग्रहण कर रही है। लेकिन, ट्रंप बेफिक्र दिखते हैं, उनका दावा है- एलन हमारी मंजूरी के बिना कुछ नहीं कर सकते और न ही करेंगे। और हम उन्हें जहां उचित होगा, वहां मंजूरी देंगे। जहां उचित नहीं होगा, हम नहीं देंगे।

व्हाइट हाउस के एक सूत्र ने गार्जियन को बताया कि राष्ट्रपति ने मस्क को पागलपन भरा काम करने के लिए भर्ती किया था और वह इसे कर रहे थे। कुछ टिप्पणीकारों के लिए, यह जोड़ी समझ में आती है। कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवर इंस्टीट्यूशन थिंक टैंक के एक रिसर्च फेलो बिल व्हेलन ने कहा- ह्ययह मान लेना सुरक्षित है कि डोनाल्ड ट्रंप हमेशा से ही धन की प्रशंसा करते रहे हैं और ग्रह पर केवल मुट्ठी भर लोग हैं, जिनकी ओर वे धन के मामले में देख सकते हैं और मस्क उनमें से एक हैं।

मस्क के पास वित्तीय और वैचारिक दोनों तरह के प्रोत्साहन हैं। उनकी कंपनियों के पास संघीय सरकार के साथ व्यापक अनुबंध हैं और, डोगे के प्रमुख के रूप में, वे सीधे उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए विनियमों को सुव्यवस्थित करने की स्थिति में हैं। उन्होंने ट्रंप और उनके ह्यमेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मेगा) आंदोलन के साथ भी समान कारण पाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे तथाकथित जागृत एजेंडे को खत्म करने पर केंद्रित हैं। उन्होंने एक्स, पूर्व में ट्विटर, में विविधता, समानता और समावेश (डीईआई) पहल को समाप्त कर दिया, और ऐसा लगता है कि वे अपने सरकारी काम में भी यही मानसिकता ला रहे हैं। फिर भी, कोई भी हनीमून हमेशा के लिए नहीं रहता। मस्क की स्वीकृति रेटिंग तेजी से गिर रही है, यहां तक कि रिपब्लिकन के बीच भी। इकोनॉमिस्ट/यूगोव के हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, रिपब्लिकन उत्तरदाताओं में से केवल 43% का कहना है कि वे चाहते हैं कि मस्क का थोड़ा प्रभाव हो, और 17% का कहना है कि वे चाहते हैं कि उनका ह्यबिल्कुल भी प्रभाव न हो। इस सप्ताह, सरकारी भवनों के बाहर प्रदर्शनकारियों ने हाथ से पेंट की गई तख्तियां लेकर शिकायत की, किसी ने भी एलन को नहीं चुना। कांग्रेस में डेमोक्रेट्स ने उन्हें अपना मुख्य लक्ष्य बनाया है, उन पर अवैध रूप से सत्ता हथियाने का आरोप लगाया है।

मेन के प्रतिनिधि जेरेड गोल्डन ने एक्स पर पोस्ट किया- मेरे मतदाताओं और इस देश के बहुमत ने ट्रंप को व्हाइट हाउस में रखा, इस अनिर्वाचित, अजीब अरबपति को नहीं। यह मस्क को ट्रंप के लिए एक उपयोगी प्रतिद्वंद्वी बना सकता है, जो राष्ट्रपति से ध्यान हटा सकता है। लेकिन, यह अंततः मस्क को एक राजनीतिक दायित्व में बदल सकता है, जिससे मतदाता यह सवाल उठा सकते हैं कि कौन मालिक है और कौन कठपुतली। मस्क और अन्य तकनीकी कुलीनों के तीखे आलोचक स्टीव बैनन जैसे सहयोगियों और कांग्रेस में रिपब्लिकन का दबाव निश्चित रूप से अगले साल के मध्यावधि चुनावों से पहले बढ़ेगा। लिंकन प्रोजेक्ट के सह-संस्थापक रिक विल्सन, एक लोकतंत्र समर्थक समूह, जिसने इस सप्ताह ह्यराष्ट्रपति मस्क शीर्षक से एक आक्रामक विज्ञापन जारी किया, ने कहा- वे अंततः टकराएंगे। जब ट्रंप देखेंगे कि एलन उन्हें राजनीतिक नुकसान पहुंचा रहे हैं, तो वे तुरंत तार काट देंगे। इसमें पांच दिल की धड़कन भी नहीं लगेगी। एक बार जब वह देखेंगे कि एलन उन्हें मतदान में नीचे खींच रहे हैं - और एलन पिछले कुछ हफ्तों में शानदार रूप से अलोकप्रिय हो गए हैं - तो एलन के लिए एक कठिन क्षण होने वाला है। दूसरी ओर, मस्क किसी ऐसे व्यक्ति की तरह नहीं हैं, जिसका सामना ट्रंप ने पहले किया हो। उनकी अनुमानित संपत्ति 426 बिलियन डॉलर है, जो राष्ट्रपति की संपत्ति से कहीं कम है। वह एक्स के माध्यम से बहुत अधिक शक्ति और प्रभाव का उपयोग करता है। उसे पिछले लेफ्टिनेंटों की तुलना में समाप्त करना कठिन साबित हो सकता है। चार्ली साइक्स, एक रूढ़िवादी लेखक और प्रसारक, ने कहा- मुझे नहीं पता कि वह एलन जैसी समस्या को कैसे हल करता है। वह किसी और को निकाल सकता है, या नष्ट कर सकता है। वह मार्को रुबियो को नकार सकता है। वह ट्रुथ सोशल पोस्ट के साथ जेडी वेंस के राजनीतिक भविष्य को नष्ट कर सकता है। लेकिन, वह एलन मस्क के साथ फंस गया है। एलन मस्क के पास अब अपना खुद का पावर बेस है। उसके पास अपना खुद का व्यक्तित्व है। एक ऐसा क्षण आने वाला है जब ये अहंकार टकराने वाले हैं - एक ही समय में ब्रह्मांड का केवल एक ही स्वामी हो सकता है - लेकिन इसका समाधान कैसे होगा? ट्रंप खुद को फ्रैंकेस्टाइन के राक्षस से कैसे अलग करते हैं, जिसके साथ वह बिस्तर पर आ गए हैं?

### संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने कहा

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सौर महाशक्ति' बना भारत

- नेट जीरो एमिशन पाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही भारत की ऊर्जा यात्रा**

पिछले 10 वर्षों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही है। सौर पैनल, सौर पार्क और छत पर सौर परियोजनाओं जैसी पहलों ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत पर सौर ऊर्जा को एक घरेलू वास्तविकता बना रही है और यह स्थायी ऊर्जा में एक गेम-चेंजर है, जो हर घर को क्लीन एनर्जी से सशक्त बनाती है। वर्ष 2024 में लांच की गई यह योजना 9 लाख छत पर सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों के करीब है, जिससे देश भर के घरों में स्वच्छ ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद मिलेगी। देश के सौर ऊर्जा क्षेत्र में पिछले दशक में क्षमता में 3,450 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2014 में 2.82 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में 100 गीगावाट हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत प्रयासरत है। वहीं, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील के अनुसार, भारत पहले ही एक 'सौर महाशक्ति' बन चुका है।

शनिवार को राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए, स्टील ने कहा कि जहां कुछ सरकारें बात करती हैं, वहीं भारत सस्टेनेबल ग्रोथ और एनर्जी सिक्योरिटी को प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई करता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक ग्लोबल लीडर बन गया है।

स्टील ने ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 में क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने की भारत की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

स्टील ने कहा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के दौरान ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है, कार्बन तीव्रता में कटौती कर रहा है और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नेट जीरो एमिशन पाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप है, जो सस्टेनेबिलिटी के प्रति भारत के समर्पण को प्रदर्शित करती है।

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष कार्यकारी ने कहा, जैसे-जैसे वैश्विक जलवायु कार्रवाई तेज होती जा रही है, भारत सस्टेनेबिलिटी, क्लीन टेक्नोलॉजी और क्लाइमेट फाइनेंस में मजबूत बन रहा है और खुद को भविष्य के क्लीन एनर्जी सुपरपावर के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल क्लीन एनर्जी बूम को और भी मजबूती से अपनाने से भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख ने भारत से अपनी संपूर्ण अर्थव्यवस्था को कवर करने वाली एक महत्वाकांक्षी जलवायु योजना विकसित करने का भी आग्रह किया।

देश ने पहले ही 100 गीगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को पार करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है, जिससे रिन्यूवेबल एनर्जी में ग्लोबल लीडर के रूप में देश की स्थिति मजबूत हुई है। 31 जनवरी तक, भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 100.33 गीगावाट है, जिसमें 84.10 गीगावाट कार्यान्वयन के अधीन है और अतिरिक्त 47.49 गीगावाट टेंडरिंग के अधीन है।

# काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु व काशी के बीच संबंधों को मजबूत : मोदी

**एजेंसी। वाराणसी**



काशी तमिल संगमम-3 की सफलता के लिए वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामना संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताज़ा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। लोगों की संपूर्ण भागीदारी ने इन संगम को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है। यह जानकर खुशी हो रही है कि इस वर्ष हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाया जाएगा। काशी-तमिल संगमम-3 का आयोजन 15 से 24 फरवरी तक किया गया है।

प्रधानमंत्री ने यह शुभकामना संदेश अपने अमेरिका दौरे में लिखा। प्रधानमंत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली लौट आए हैं। प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा कि वाराणसी में काशी तमिल संगमम-3 के आयोजन के बारे में जानना आनंददायक है। प्रयागराज में महाकुंभ के बीच होने के कारण यह अवसर और भी महत्वपूर्ण हो गया है। तमिलनाडु और काशी के बीच, कावेरी और गंगा के बीच का अटूट संबंध हजारों साल पुराना है। पिछले दो संगमों के दौरान लोगों की हार्दिक भावनाओं और अनुभवों ने भारत की विविध संस्कृति की सुंदरता के साथ-साथ लोगों के बीच मजबूत संबंधों को भी प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा कि यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिभागियों को महाकुंभ का अनुभव करने के साथ-साथ अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन भी करने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि सभी प्रतिभागी इन स्थानों की दिव्यता से धन्य महसूस करेंगे। जैसे-जैसे राष्ट्र विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, काशी तमिल संगमम जैसे प्रयास हमारी विविधता का जश्न मनाते हुए हमारी एकता को मजबूत करने में सर्वोपरि हो जाते हैं। काशी आने वाले तमिलनाडु के लोग जीवन भर याद रखने योग्य महान यादें लेकर वापस जाएं।

# दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में 11 जगहों पर सीबीआई रेड

### साइबर क्राइम मामले में हुई कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में 9 जगहों पर और हरियाणा के हिसार में दो जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई की यह छापेमारी साइबर क्राइम से संबंधित एक जांच के तहत की गई।

सीबीआई ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि यह अभियान आरसी 14/2023 के तहत चल रहा है, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी और 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66डी के तहत पंजीकृत था। विश्वसनीय सूत्रों से सीबीआई को जानकारी मिली थी कि आरोपी सरकारी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश कर और क्रिप्टो फ्रॉड करने के लिए कंप्यूटर संसाधनों और क्रिप्टो उपकरणों का उपयोग कर रहे थे।

इसके अलावा, वे भारत और विदेशों में लोगों को धोखा दे रहे थे, उन्हें नकली तकनीकी सहायता प्रदान कर और क्रिप्टो करेंसी के रूप में पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखाधड़ी से प्रेरित कर रहे थे। इसके बाद यह धन कई क्रिप्टो वॉलेट्स के माध्यम से मार्गदर्शित किया गया और नकदी में बदल दिया गया। सीबीआई ने पहले ही इस मामले में आरोपपत्र दायर किया है, जिसमें तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 420 और 384, साथ ही आईटी अधिनियम की धारा 66डी के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## 'आप' के पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन वीरेंद्र सचदेवा ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने के बाद आम आदमी पार्टी के कई पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद प्रेस वार्ता में वीरेंद्र सचदेवा ने कई आप नेताओं के भाजपा में शामिल होने का संकेत भी दिया। दावा किया, "मुझसे आप के कई नेता मुलाकात करके गए हैं। वो भी जल्द ही भाजपा का दामन थामेंगे। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने की दिशा में काम कर रहे हैं।"

### कटरा में एसएमवीडीयू के 10वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा

# जम्मू-कश्मीर में शुरू हुई है एक नई यात्रा

**बोले उपराष्ट्रपति**

- अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद अलगाव की संवैधानिक दीवारें ढह गईं
- बदलाव की हवा शांति और प्रगति लेकर आई है, यह अदृश्य नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष है

**एजेंसी। कटरा**



**दो वर्षों में मिला 65,000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बताया कि केवल दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर को 65,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो इस क्षेत्र में मजबूत आर्थिक रुचि के संकेत हैं। वर्ष 2019 के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। यह क्षेत्र आत्मविश्वास और पूंजी का संगम है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के बाद जम्मू और कश्मीर में एक नई यात्रा शुरू हुई है। पवित्र क्षेत्र अब संघर्ष क्षेत्र नहीं माना जाता। यहां के लोगों की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। उन्होंने भाजपा के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संदर्भ देते हुए कहा कि धरती के एक महान सपूत ने एक बार 'एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' की मांग उठाई थी। वह सपना अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पूरा हुआ है।

उन्होंने कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) के 10वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां कभी अव्यवस्था थी, वहां अब हम वास्तविक व्यवस्था और स्थिरता देख रहे हैं। अनुच्छेद 370 के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के साथ जब अलगाव की संवैधानिक दीवारें ढह गईं तो नई पीढ़ियों को आकांक्षाओं को पंख लग गए हैं। माता वैष्णो देवी की पवित्र भूमि में एक नई तीर्थयात्रा शुरू हुई- अलगाव से एकीकरण की यात्रा। अनुच्छेद 370 संविधान में एक अस्थायी अनुच्छेद था।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान के निर्माता बीआर अंबेडकर ने अनुच्छेद 370 को छोड़कर सभी अनुच्छेदों का मसौदा तैयार किया था। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में जाएं, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने क्यों मना कर दिया था। भारतीय राजनीतिक क्षितिज के एक ओर विशाल दिग्गज सरदार वल्लभभाई पटेल ने जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर भौतिक राज्यों को एकीकृत करने का कार्य अपने ऊपर लिया। धनखड़ ने कहा कि अब बदलाव की हवा शांति और प्रगति लेकर आई है। धरती के एक महान सपूत ने एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान की मांग की थी और वह पूरी हो गई है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह पहली बार 1980 के दशक की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर आए थे, जब उन्होंने अपने परिवार के साथ गुलमर्ग, सोनमर्ग और अन्य स्थानों का दौरा किया था। उन्होंने कहा, दूसरी यात्रा में एक बहुत ही दर्दनाक अनुभव था। मैं वर्ष 1989 में संसद के लिए चुना गया था। मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में श्रीनगर आया था। हमने श्रीनगर की सड़कों पर दर्जनों लोगों को भी नहीं देखा, जो कि दृश्य एक उदासी भरा था। उन्होंने कहा कि देखिए हम अब कहां हैं।

## स्वदेश लौट रहे नेपाली सेना के मेजर जनरल पर लेबनान में जानलेवा हमला



**काठमांडू।** संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में लेबनान में कार्यरत नेपाली सेना के मेजर जनरल चोक बहादुर ढकाल अपना दो वर्षों का कार्यकाल पूरा कर वापस लौट रहे थे, इस दौरान बेरुत के पास उनपर हिजबुल्लाह के आतंकियों ने जानलेवा हमला किया। शुक्रवार मध्य रात्रि संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन से विदाई के बाद विमान स्थल लौटने के क्रम में मेजर जनरल पर यह जानलेवा हमला हुआ है। इस बारे में शनिवार को नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर गौरव केसी ने बताया कि बेरुत विमानस्थल पर पहुंचने से थोड़ी देर पहले ही मेजर कार्ला के काफिले को रोक कर उसमें आगजनी की गई। सैन्य प्रवक्ता केसी के मुताबिक सुरक्षा दस्ते और स्कार्टिंग के साथ विमानस्थल पहुंचने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में हिज्बुल्लाह के आतंकियों ने मेजर जनरल ढकाल की गाड़ी को रोक कर उसमें आगजनी कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि आगजनी के दौरान गाड़ी से सुरक्षित निकले मेजर जनरल को आतंकियों ने पकड़ कर उन पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए हैं।

## इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा



**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं-अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था। यह रिहाई पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली समझौते के तहत होगी। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद ने कैद में उनके कई वीडियो जारी किए हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइल ने कहा कि फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन, रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रोफानोव और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न को रिहा करेगा। हमास के कैदी मीडिया कार्यालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि इसके बाद इजराइल 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। यह ताजा घोषणा इस सप्ताह गाजा संघर्ष विराम समझौते पर हमास और इजराइल के बीच विवाद के बाद आई है। हमास ने कहा था कि वह कथित इजराइली उल्लंघनों के कारण योजना के अनुसार शनिवार को इजराइली बंधकों को रिहा नहीं करेगा।

# पाक में जस्टिस डोगर की ताजा नियुक्ति के खिलाफ जजों व वकीलों ने मोर्चा खोला

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जजों और वकीलों ने जस्टिस सरदार मोहम्मद सरफराज डोगर की नई नियुक्ति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जस्टिस डोगर को कल इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इससे पहले वो लाहौर हाई कोर्ट में जज थे।

डान समाचार पत्र के अनुसार, आईएचसी के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डोगर के शपथ ग्रहण समारोह का साथी जजों ने बहिष्कार किया। यही नहीं संघीय राजधानी के वकीलों के संगठन ने भी शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाए रखी। वकीलों के संगठन ने कहा कि जस्टिस डोगर की नियुक्ति उन्हें अस्वीकार्य है। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलने के बावजूद इस्लामाबाद हाई कोर्ट के पांच जस्टिस नहीं पहुंचे। इनमें जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस तारिक महमूद जहांगीरी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार इजाज इशाक खान और जस्टिस समन रफत इम्तियाज शामिल हैं। दिलचस्प यह है कि जस्टिस कयानी ने राष्ट्रपति भवन से कुछ दूरी पर शीर्ष अदालत की इमारत में आयोजित सुप्रीम कोर्ट के नए न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उनसे एक पत्रकार ने यहां पूछा कि क्या वह अपने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे, तो उन्होंने जवाब दिया कि "मैं यहां सहज हूं"।

## गायक प्रतुल मुखोपाध्याय का 82 वर्ष की आयु में निधन



**कोलकाता।** गायक और संगीत निर्देशक प्रतुल मुखोपाध्याय का शनिवार को कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। गायक को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। उनके इलाज के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था।

### भारत को नए युग के उद्योगों में प्रतिस्पर्धा के लिए खोखले भाषणों की नहीं आवश्यकता

# मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत में प्रतिभा तो है, लेकिन उसे अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए नई तकनीक में औद्योगिक कौशल का निर्माण करने के लिए मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है, न कि खोखले भाषणों की। राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पोस्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे चीन ने ड्रोन का उत्पादन शुरू किया है जो दुनियाभर में युद्ध में क्रांति ला रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनने के लिए एक रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ ड्रोन तकनीक पर नौ मिनट का एक वीडियो भी टैग किया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है लेकिन ड्रोन सिर्फ एक टेक्नोलॉजी भर नहीं है वह एक मज़बूत इंडस्ट्रियल सिस्टम द्वारा ज़मीनी और छोटे-छोटे स्तर पर उत्पादित होने वाला नवाचार है।

राहुल ने कहा कि ड्रोन्स ने टैंक, तोप और यहां तक कि एयरक्राफ्ट कैरियर के महत्व को भी कम कर दिया है। एयर पावर को प्लाटून लेवल तक ला दिया है और युद्धक्षेत्र में खुफिया तंत्र एवं सटीकता को नया रूप दिया है लेकिन यह क्रांति सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है बल्कि यह उद्योग, एआई और अगली पीढ़ी की तकनीक की भी बात है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री इसे समझने में असफल रहे हैं। ऐसे समय में जब वह एआई पर सिर्फ़ 'टेलीप्रॉम्प्टर' से पढ़कर भाषण देने में लगे हैं, हमारे कंपिटिटर्स नई टेक्नोलॉजी में महारत हासिल कर रहे हैं। भारत को खोखले भाषणों की नहीं बल्कि मजबूत उत्पादन बेस की ज़रूरत है। असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं, बल्कि उनके पीछे की इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन तंत्र को नियंत्रित करने में है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में नहीं बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हम एआई या तकनीक में नेतृत्व नहीं कर सकते अगर हमारा उत्पादन पर नियंत्रण नहीं है। हमने अपनी उपभोक्ता डेटा सौंप दी है। हम मुख्य कंपोनेंट्स नहीं बनाते हैं और जब बाकी दुनिया भविष्य गढ़ रही है तब हम सिर्फ असेंबल करने तक ही सीमित हैं। राहुल ने कहा कि भारत के पास अद्भुत प्रतिभा, विशाल क्षमता और जबरदस्त इच्छाशक्ति है लेकिन खोखली बातों से कुछ नहीं होगा। हमें स्पष्ट दृष्टि और असली औद्योगिक ताकत चाहिए। भविष्य ऊपर से नहीं बनेगा, यह जमीनी स्तर से उभरेगा। अब वक्त है कि भारतीय युवा कदम बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि भारत पीछे न छूटे।


